वैशाख शुक्ल पक्ष 08
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार
05 मई 2025
वर्ष-31, अंक-197
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10



## एक नजर

### रेलवे का बड़ा फैसला : वेटिंग टिकट वाले अब स्लीपर व एसी कोच में यात्रा की अनुमति नहीं

**रांची।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और भीड़भाड़ कम करने के लिए एक सख्त नियम लागू कर दिया है। अब वेटिंग लिस्ट टिकटधारी यात्री स्लीपर या एसी कोच में यात्रा नहीं कर सकेंगे, चाहे टिकट आईआरसीटीसी से ऑनलाइन बुक किया गया हो या रेलवे काउंटर से खरीदा गया हो। नए नियम में वेटिंग टिकटधारी सिर्फ जनरल (अनारक्षित) कोच में ही यात्रा कर सकते हैं। अगर कोई वेटिंग टिकट के साथ स्लीपर या एसी कोच में पकड़ा गया, तो उस पर जुमार्ना लगेगा और अगले स्टेशन पर उतारा जा सकता है। स्लीपर कोच में वेटिंग टिकट पर यात्रा करने पर ?250 तक का जुमार्ना और एसी कोच में ?440 तक का जुमार्ना वसूला जाएगा। ऑनलाइन वेटिंग टिकट अगर कन्फर्म नहीं होता है, तो वह खुद-ब-खुद कैंसिल हो जाएगा और यात्रा की अनुमति नहीं होगी। यह नियम यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और पारदर्शिता के लिए लागू किया गया है। अब वेटिंग टिकट लेकर स्लीपर या एसी कोच में यात्रा करना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

### चलती कार में फटा गैस सिलेंडर, धमाके के बाद जिंदा जला युवक

**जमशेदपुर।** कदमा क्षेत्र में चलती कार में आग लग गई। आगजनी की इस घटना में कार चालक की मौत हो गई है। मामले में डीएसपी ने बताया कि कार में एक एलपीजी सिलेंडर भी मिला है। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाई गया है। मृतक की पहचान हो गई है। दरअसल जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत मरीन ड्राइव में सड़क पर अचानक एक चलती कार में आग लग गई और देखते ही देखते आग कार को पूरी तरह अपनी चपेट मे ले लिया और अचानक एक जोरदार धमाका हुआ। धमाका घरेलू सिलेंडर के फटने से हुआ। धमाके के बाद कार पूरी तरह जलके खाक हो गई जबकि चालक की जलकर मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए सीसीआर डएसपी मनोज ठाकुर ने बताया कार के नंबर का पते आधार पर जांच के दौरान पता चला हैं कि 50 वर्षीय कार चालक का नाम सुनील अग्रवाल है जो कदमा विजया हैरीटेज का रहने वाला है।

## गढ़वा में तेज आंधी-तूफान से भारी नुकसान, यातायात व विद्युत आपूर्ति बाधित

- पेड़ गिरने से ऑटो क्षतिग्रस्त, नीट परीक्षार्थियों को भी हुई परेशानी; मौसम विभाग ने आगामी बारिश को लेकर दी सलाह

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार देर शाम गढ़वा जिले में आई तेज आंधी-तूफान ने कई स्थानों पर तबाही मचाई। तेज हवा के कारण कई पेड़ धराशायी हो गए और कुछ घरों की छतें भी



उड़ गईं। जिले के विभिन्न हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जबकि कई सड़कों पर गिरे पेड़ों के कारण यातायात प्रभावित रहा। गढ़वा-रंका मुख्य मार्ग पर स्थित नारायणपुर गांव के पास एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे लगभग एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। पेड़ गिरने से एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि ऑटो चालक वाहन को पेड़ के नीचे खड़ा कर चला गया था, लेकिन तेज तूफान में पेड़ ऑटो पर गिर पड़ा। स्थानीय शेष पेज 11 पर

## विदेशी निवेशकों के साथ हुई बातचीत को आज साझा करेंगे वरीय पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विदेशी निवेश के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन और स्वीडन दौरा किया था। दौरे में तमाम निवेशकों, कंपनियों संग निवेश पर हुई सकारात्मक बातचीत को लेकर प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरीय पदाधिकारी आज मीडिया के समक्ष सूचना साझा करेंगे। इसे लेकर रांची के सूचना भवन स्थित सभागार में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई



है। बता दें कि विदेश दौरे में गए वरीय पदाधिकारियों में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग विभाग के सचिव अरवा राजकमल, झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार सिन्हा, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन आदि शामिल थे। बता दें कि विदेश दौरे में विदेशी उद्यमियों और राजनयिकों के साथ हुई अलग-अलग बैठकों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, स्वच्छ ऊर्जा, खेल, शेष पेज 11 पर

### कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने किया बुंडू स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण

## आदिवासी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है झारखंड सरकार : चमरा लिंडा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रविवार को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुंडु स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की मूलभूत सुविधाओं, प्रबंधन व्यवस्था और विद्यार्थियों की स्थिति का गहराई से मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री चमरा ने छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। छात्रों ने भोजन, पढ़ाई, स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें सामने रखीं, जिन पर मंत्री ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।



### सरकार की प्राथमिकता सभी आदिवासी छात्रावास में हो समुचित व्यवस्था

श्री लिंडा ने विद्यार्थियों से कहा कि 'आप सभी इस राज्य का भविष्य हैं। हमारी सरकार आपकी शिक्षा, सुरक्षा और सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। मेरी प्राथमिकता है कि सभी छात्रावास में समुचित खानपान, पढ़ाई, पुस्तकालय, स्वच्छता और देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

### आदिवासी छात्रावास में कुक, लाइब्रेरियन, वार्डन और सफाईकर्मी की होगी नियुक्ति

मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विशेष बैठक कर आदिवासी छात्रावासों की स्थिति में व्यापक सुधार हेतु योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाले समय में राज्य के हर आदिवासी छात्रावास में कुक, लाइब्रेरियन, वार्डन और सफाईकर्मी की स्थायी नियुक्ति की जाएगी। बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### भवन निर्माण में अनियमितता पर सख्ती

निरीक्षण के दौरान लिंडा ने छात्रावास के नए भवन निर्माण कार्य में पाई जा रही अनियमितताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### संघर्ष की प्रेरणादायक बातों से छात्रों को किया उत्साहित

कल्याण मंत्री ने अपने संघर्षों की कहानी साझा करते हुए छात्रों से कहा कि ह्लमैं भी आप लोगों की तरह एक साधारण आदिवासी परिवार से आया हूं। जो कुछ भी आज हासिल किया है, वह माता-पिता के त्याग और अपनी मेहनत का परिणाम है। आप सबको आगे बढ़ने के लिए सिर्फ अवसर चाहिए - और वह अवसर सरकार उपलब्ध करा रही है। अब बारी आपकी है कि आप मेहनत से अपने और अपने समाज का भविष्य संवारें। इस मौके पर तमाड़ विधायक विकास मुंडा, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन समिति के सदस्य और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पाकिस्तान से तनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी व वायुसेना प्रमुख के बीच हुई महत्वपूर्ण मुलाकात



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वायुसेना प्रमुख एपी सिंह रविवार दोपहर को प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। यहां उन्होंने करीब 40 मिनट तक प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी।

इससे पहले शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। मौजूदा समय में यह मुलाकातें काफी अहम हैं। खास तौर पर यह तब और भी अहम हो जाती है जब पाकिस्तान बीते 10 दिनों से नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद से सुरक्षा बलों ने आतंकियों पर शिकंजा कसा हुआ है। इस आतंकवादी हमले में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी थी। आतंकवादी हमले के बाद पूरी स्थिति की समीक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुखों, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी। इस दौरान सरकार ने सेना को स्थिति से निपटने के लिए खुली छूट देने का निर्णय लिया था। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सेना ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों पर शिकंजा कस दिया है। इससे तिलमिलाया पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है। पाकिस्तान बीते दस दिनों से नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी कर रहा है। इस स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री और वायु सेना प्रमुख के बीच हुई मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सेना के मुताबिक, पाकिस्तानी सैन्य चौकियों से 3-4 मई की रात के दौरान भी फायरिंग की गई। इस गोलीबारी का भारतीय सेना ने तुरंत जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, शेष पेज 11 पर

### भीष्म नारायण सिंह विधि महाविद्यालय में आयोजित हुआ स्नातक समारोह

## न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ें : कुलपति

**मेदिनीनगर।** भीष्म नारायण सिंह विधि महाविद्यालय, मेदिनीनगर में रविवार को स्नातक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह, पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह, महाविद्यालय के सचिव डॉ. आनंद प्रताप सिंह तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने महाविद्यालय के सचिव डॉ. आनंद प्रताप सिंह को बधाई देते हुए कहा



कि यह विधि महाविद्यालय पलामू क्षेत्र में विधिक शिक्षा के प्रसार का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने पासआउट छात्र-छात्राओं को प्रोविजनल प्रमाणपत्र और अंक पत्र देकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने कहा कि विधि की शिक्षा केवल पेशे का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का औजार है। छात्र-छात्राओं से उन्होंने अपील शेष पेज 11 पर

## नक्सलियों ने सीएमपीडीआई के भूमि सर्वेक्षण साइट के छह वाहनों को किया आग के हवाले

- घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत तुरीसोत गांव की
- एसपी घटना स्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** जिले में नक्सली संगठन थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र तुरीसोत में शनिवार देर शाम सीएमपीडीआई कंपनी के साइट पर हमला बोलकर जमकर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने साइट में दो ड्रिलिंग मशीन समेत छह वाहनों को आग के हवाले कर दिया। लगभग घंटे तक उत्पात मचाने के बाद नक्सली आराम से चलते बने। कर्मियों के



अनुसार पांच सौ मीटर की दूरी पर दो स्थानों पर ड्रिलिंग का कार्य चल रहा था। शनिवार को भी साइट पर सभी कर्मी ड्रिलिंग के कार्य में लगे थे। इस बीच जंगल की तरफ से 5-7 की संख्या में वर्दीधारी हथियार बंद उग्रवादी आए और काम बंद करा कर्मियों को एक तरफ खड़ा कर दिया। उसके बाद धमकाते हुए सभी का मोबाइल लूट लिया। उग्रवादियों ने दोनों साइट पर मौजूद सभी गाड़ियों में तेल छिड़क कर आग लगा दिया। लगभग एक घंटे तक उग्रवादियों ने साइट पर उत्पात मचाया। उग्रवादियों द्वारा की गई कार्रवाई से कंपनी को करोड़ों का नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद डरे सहमे सभी कर्मी जंगल से पैदल चलकर बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया की तरफ पहुंचे। जहां से सीएमपीडीआई की एक गाड़ी में बैठकर खलारी के रोहिणी स्थित सीएमपीडीआई कैंप पहुंचे और शेष पेज 11 पर

### इंडिया

## जातीय जनगणना व युद्ध के बाद की उलझनों से अनजान नेता



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पाकिस्तान के पहलगाम हमले के बाद लोग सोशल मीडिया और न्यूज चैनल पर तो ऐसा जंग का ऐलान कर चुके हैं मानो सर्जिकल स्ट्राइक की खबर किसी भी घंटे न्यूज चैनल पर आ सकती थी। सर्जिकल स्ट्राइक आया पर ह्यकौन जात होह्न वाला आउट ऑफ सिलेबस जिससे बहुत से नेता तो सकते में आ गए । भारत में लोग चर्चा कर रहे थे कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर लोगों का कत्ल किया। अब सरकार पूछेगीझ्ह्लकौन जात हो ?ह्व जाति भारत की राजनीति में हर प्रदेश में बहुत ही आजमाया हुआ नुस्खा है। हर नेता को पता होता है कि किस इलाके में किस जाति की बात करनी है और उसी आधार पर टिकट बंटता है। इसलिए जनता को भरमाने के लिए हर बार नए तरीके आजमाए जाते हैं जिसमें ताजा है जातीय जनगणना ।इसके समर्थक अति प्रसन्न है कि उन्हें सफलता मिली और अब आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी मिलेगी ? हिस्सेदारी मतलब नेताओं को जातीय आधार पर कुछ लाभ मिल भी जाए पर आम जनता को क्या मिलेगा ? सरकारी नौकरी राज्य और केंद्र सरकारें कितनी दे रहीं हैं ? इसी मूल प्रश्न से जनता का ध्यान भटकाने के लिए जातीय जनगणना का जिन्न बोतल से निकाला गया है जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सीमा रेखा पहले से खींच रखी है । केंद्र इस मामले को टाल रहा था पर लगता है कि आधुनिक भारत में कौन जात हो एकदम आउट नहीं हुआ है। नीतीश कुमार ने लालू की मांग का जवाब देने के लिए गठबंधन में रहते हुए जाति की जनगणना कराई । राहुल गांधी इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले गए। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना कराई। तेलंगाना में भी जाति जनगणना हो चुकी है। अंग्रेजी राज में 1881 से 1931 तक जनगणना में जाति गिनी जाती थी। आजादी के बाद जातिगत झगड़े बढ़ने के डर से 1951 से इसे बंद कर दिया गया। इसके बाद जनगणना के साथ एससी-एसटी की जातिगत जानकारी दर्ज और प्रकाशित होती रही। 2011 में यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में 25



करोड़ शहरी और ग्रामीण परिवारों का सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना सर्वे हुआ पर 2013 तक परिणाम नहीं आया। 2014 में मोदी सरकार ने ग्रामीण भारत का डेटा जारी किया पर जाति का नहीं। 2018 में सरकार ने कहा, डेटा में 'गलतियां' हैं। फिर 2021 में सुप्रीम कोर्ट में भी यही बात कही। बिहार के 2023 के सर्वे के अनुसार ओबीसी और अत्यंत पिछड़े वर्ग (इबीसी ) राज्य की कुल आबादी का 63% से अधिक है ।वर्गीकरण बड़ी चुनौती है क्योंकि जातियां लाखों हैं। सटीक जाति, समानार्थक नामों, गोत्र, उपनाम और वंशनाम में अंतर के लिए इसे डिजाइन करना होगा उसकी विवादरहित पुष्टि करनी होगी। इससे कई नेताओं की कुर्सी को भी खतरा है क्योंकि इसके बाद देश में परिसीमन का काम शुरू होगा। जनगणना में जाति का कॉलम पहले भी होता था लेकिन यह वैकल्पिक था। अब जनगणना में जाति वाला कॉलम अनिवार्य वाले कॉलम में आ जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जनगणना में जातिगत गणना रजिस्टरों पर मैनुअली नहीं बल्कि डिजिटल होगी। जानकारों का मानना है कि अगर जातिगत गणना हुई तो ओबीसी के 27% कोटा को बढ़ाने की मांग उठेगी। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 2019 में केंद्र के 10% आरक्षण देने के बाद से ही इसकी मांग की जा रही है। आरक्षण की सीमा 50% इसी कारण तय की गई है, क्योंकि सरकार के पास 1931 के बाद जातिगत गणना के कोई आंकड़े नहीं हैं । जानकारों का कहना है कि पहलगाम हमले के बाद जब लोग देश के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं, ठीक इसी बीच यह फैसला सोची समझी रणनीति है। इससे पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन की मांग के समानांतर नई चर्चा छेड़कर सेना और सरकार को दबाव से उबारना है। युद्ध के बाद आर्थिक संकट की स्थिति में संभावना थी कि विपक्ष और देश विरोधी कुछ नेता इसे उछालकर सरकार को संकट में डाल सकते थे जो अब उस परिसीमन को रोकने का प्रयास नहीं कर पाएंगे जिसके बाद कई बड़े नेताओं सहित जातीय या धार्मिक आधार पर राजनीति करने वालों के वोटर बिखर जाएंगे जिससे उनको घाटा भी हो सकता है। इस तथ्य को गहराई से समझने के बाद श्रेय लेने की होड़ में लगे नेता और उनके समर्थकों के सोचने की दिशा बदलेगी। यदि जनता सवाल पूछने लगे कि उसे कितनी नौकरी और कब मिलनी है और क्यों नहीं मिल रही तब सरकारों के हाथ पांव फूल जाएंगे । आरक्षण के बाहर रह रहे लोग यदि सवाल उठाने लगे कि उनकी गाढ़ी कमाई सिर्फ संख्या के आधार पर सभी को क्यों बांटी जाएगी या सैंकड़ो वर्ष पहले उनकी संपन्नता के आधार पर उन्हें देश के संसाधनों से वंचित करना संविधान की मूल भावना समान अवसर के विपरीत है तब क्या होगा। क्या कथित सवर्णों की वर्तमान स्थिति को भी जनगणना में शामिल किया जाएगा?

## पंजाब पुलिस ने दो जासूसों को गिरफ्तार किया, भेजा जेल

- पाकिस्तान को खुफिया जानकारी भेजने का आरोप

**अमृतसर (आईएएनएस)।** भारतीय सेना की गोपनीय जानकारी भेजने के आरोप में अमृतसर पुलिस ने दो जासूसों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने पाकिस्तान को सेना की छावनियों और एयरबेस की तस्वीरें भेजी थी। पंजाब पुलिस ने इस पूरे मामले की जानकारी साझा की है। पंजाब डीजीपी के एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में बताया गया कि 'एक महत्वपूर्ण जासूसी विरोधी अभियान के तहत, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने 3 मई को दो व्यक्तियों, पलक शेर मसीह और सूरज मसीह, को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी अमृतसर में सेना छावनी क्षेत्रों और वायु सेना ठिकानों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें पाकिस्तान को भेज रहे थे। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध हैं, जो हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के माध्यम से स्थापित किए गए हैं। हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू वर्तमान में अमृतसर सेंट्रल जेल में बंद है। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, और जांच जारी है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, आगे और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद है। डीजीपी ने कहा कि प्रदेश पुलिस, भारतीय सेना के साथ कदम मिलाकर काम कर रही है। आगे लिखा, 'पंजाब पुलिस भारतीय सेना के साथ मजबूती से खड़ी है, राष्ट्रीय हितों की रक्षा के अपने कर्तव्य में अडिग है। हमारे सशस्त्र बलों की सुरक्षा को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का दृढ़तापूर्वक और तत्काल जवाब दिया जाएगा। हमेशा राष्ट्र सर्वोपरि। दोनों जासूसों के साथ अमृतसर पुलिस पूछताछ करेगी। इस दौरान जासूसों से कई राज निकलकर सामने आ सकते हैं।

# रिमझिम बारिश के बीच सड़क कीचड़ में तब्दील



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय सह पूर्वी पंचायत के बाजार क्षेत्र में रविवार की शाम 4.25 बजे से रिमझिम बारिश शुरू हुई है। बेमौसम बरसात के इस पानी से बाजार के सभी गली मुहल्लों में जल जमाव होने से लोगों को पैदल चलना दूभर हो गया। इस मौसम में यह हाल तो आने वाले बारिश में इस बाजार के हालातों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। एक दशक से बाजार क्षेत्र के लोगों की लगातार मांग के बावजूद किसी भी मुहल्ले में बड़ा नाला का निर्माण नहीं कराया जा सका है। जिससे निजी घरों के नाली का प्रवाहित गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी सड़कों पर आना आम है। इसके अलावा कोईरियाडीह, जवाहर पथ, शुक्र बाजार में पथ की मरम्मती या जीर्णोद्धार नहीं कराए जाने से मामूली बर्षा के पानी में भी कीचड़ और जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके निदान नहीं होने और ऐसी स्थिति उत्पन्न होने के बाद यहां के लोग स्थानीय जप्रतिनिधि और प्रशासन को कोसने से इस बात को लेकर बाज नहीं आते कि आखिर इनके हाथों विकास की लकीरें कहां खींची जा रही है।

# बजरंग दल ने गोवंशीय वाहन पकड़ पुलिस को सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को छह दुधारू व दो बच्चों के साथ गोवंशीय पशुओं से भरा एक 407 ट्रक को पकड़ कर पंड़वा पुलिस को सौंप दिया। यह जानकारी बजरंग दल के हिमांशु कुमार पांडेय व विश्वहिंदू परिषद के अध्यक्ष गोविंदा पासवान ने दी। बताया कि चोरी छिपे गोवंशीय पशुओं को लेकर एक गाड़ी जाने की सूचना मिली। इसके आलोक में गाड़ी का पीछा करते हुए पंड़वा मोड़ पहुंचे। वहां गाड़ी को पकड़ कर पशुओं से संबंधित जानकारी ली गई, लेकिन कोई समुचित जानकारी नहीं दी गई। बताया कि इन दिनों इस रास्ते गोवंशीय पशुओं को चोरी छिपे बड़े पैमाने पर तस्करी होती रही है। रात के अंधेरे में इन्हें ले जाया जाता है। कारोबारियों को जिम्मेवार लोगों का संरक्षण भी प्राप्त है। बताया कि रात के अंधेरों में गढ़वा डंडा कोयल नदी पारकर पैदल राजहरा कोठी होते पंड़वा मोड़ की ओर ले जाया जाता है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। कहा कि यही स्थिति बनी रही तो बजरंग दल द्वारा आंदोलन का रुप अपनाया जाएगा। इस संबंध में पंडवा थाना प्रभारी बिक्की कुमार ने बताया कि व्यवसाईयों के द्वारा गाय से संबंधित कागजात दिखाया गया। जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

# 75 प्रतिशत उपस्थिति की शर्त पूरी पर करने पर ही होगा नामांकन : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा में 9 वीं,10 वीं, 11 वीं और 12 वीं क्लास में शुक्रवार से नामांकन शुरू हो गया है। प्राचार्य मनोज कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें नामांकन लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं के माता-पिता अथवा अभिभावकों को विद्यालय के नामांकन विभाग के जारी गाइडलाइन का पालन करना होगा। इसके अनुसार परीक्षा परिणाम आने के बाद पास छात्र-छात्राओं का दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही नामांकन के दस्तावेज के साथ छात्र-छात्राओं के माता-पिता या अभिभावक को ये शपथ-पत्र देना होगा कि विद्यालय में उनके बच्चे की उपस्थिति 75% से ऊपर रहेगा। विद्यालय के नियमों और इन शर्तों का पालन करने की स्थिति में नामांकन रद्द किया जा सकता है।

## सरकारी पेयजल केंद्रों के निजी उपयोग पर कार्रवाई का आदेश

**मोहम्मदगंज।** सरकारी पेयजल केंद्रों के निजी उपयोग के विरूद्ध कार्रवाई करने का आदेश उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया है। इसमें उन्होंने ऐसी सूचना के आलोक में ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई को अपेक्षित बताया है। उन्होंने अधीनस्थ पंचायत सचिवों से स्थलीय जांच के बाद प्रतिवेदन प्राप्त कर अवैध और केवल निजी उपयोग करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई प्रतिवेदन उन्हें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का आदेश दिए हैं।


# जल सहिया की सूचना पर गांवों में खराब चापानल व जलमीनार मरम्मत कार्य में आई तेजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वर्षो से निष्क्रिय पड़ी पेयजल व स्वच्छता विभाग के अधिकारी व संबधित कर्मी सहित जल सहिया इस वर्ष अपने दायित्व व कर्तव्यों के प्रति गंभीर दिख रहें हैं। एक माह से हैदरनगर प्रखंड के सभी पंचायतों में खराब पड़े चापानल व जलमीनार का सर्वे कार्य जोरों पर शुरू किया गया है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा के निर्देश पर पेयजल व स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने इस कार्य के लिये प्रखंड के सभी जल सहिया के साथ लगातार बैठक कर उन्हें जागरुक करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में प्रखंड जल समिति के कनीय अभियंता व विभागीय अधिकारी व अभियंता का सहयोग लेकर अब तक खराब पड़े चापानल व जलमीनार की मरम्मति कार्य तेज किये गये हैं। रिंकी देवी, शगुफ्ता परवीन, रिंकी कुमारी, प्रमिला आदि जल सहिया ने संबधित पंचायत व गांवों में गर्मी चालू मौसम को देखते हुए सभी जलश्रोतों को दुरुस्त कराने के प्रति गंभीरता दिखाई है। अब तक इस प्रखंड के 12 पंचायतों अंर्तगत विभिन्न क्षेत्रों से 13 चापानल व दर्जनों जलमीनार बंद रहने की सूचना जल सहिया से मिली हैं। इनकी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए परता में देवी धाम, बभंडी, मोकहर कला, बरडंडा, खरगाड़ा, बिलासपुर, चौकड़ी पंचायत के कई जलश्रोतों को ठीक कराया गया है। जिसकी मॉनेटरिंग स्वयं प्रतिदिन बीडीओ भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल सहियाओं की तत्परता को देख पंचायत प्रतिनिधियों में पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, फरहाना खातून व राजीव कुमार शर्मा, गुलशन आरा, सामजिक कार्यकर्ता नावाजिश खान, डॉ. अजय जायसवाल, मुखिया जितेन्द्र सिंह,कमल कुमार पासवान, संतोष कुमार सिंह, सुदर्शन राम, कुसुम देवी, नाजमा खातून, शहनाज परवीन आदि जल सहिया को सहयोग करने को मैदान में डटे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जल सहिया प्रोत्साहित किये जायेंगे।



# बिजली विभाग की छापेमारी में 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**1 लाख 11 हजार का जुर्माना लगा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अवर विद्युत प्रमंडल जपला के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान में 6 लोगों को बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना लगाया गया हैं। उनमें जवाहिर विश्वकर्मा पर 25000 रुपए, विश्वनाथ पासवान पर 12000 रुपए, सुरेश साव पर 25000 रुपए, अंकित विश्वकर्मा पर 12000, ऊदल राम पर 12000 रुपए व सत्यनारायण पासवान पर 25000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी दर्ज करा दिया है। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने बताया कि छापामारी दल में उनके अलावा मानव दिवस कर्मी उबैद अहमद, राजकुमार यादव एवं कमलेश कुमार सिंह, अशोक मेहता व दशरथ कुमार शामिल थे।

# कादलकुर्मी गांव में एसआर स्कूल आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सेवानिवृत्त एसई सुरेश राम ने अपने पैतृक गांव कादलकुर्मी में एसआर स्कूल ऑफ एक्सीलेन्स का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि आरसीयू (पलामू) के चांसलर डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया है। स्कूल के संस्थापक व निदेशक ई. सुरेश राम ने कहा कि उनके प्रयास से प्रखंड के इस अति पिछड़े गांव में सीबीएसई पैटर्न पर नर्सरी से वर्ग आठ तक पठान- पाठन संचालित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कई विभागों में अभियांत्रिकी के देने बाद बाकी जीवन गांव में बेहतर शिक्षा का अलख जगाने का निश्चय किया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की आने वाली पीढ़ी पढ़ लिख कर शक्षित नागरिक बन सके उनका यही मकसद है। इस स्कूल में प्रवेश निःशुल्क है। उन्होंने कहा कि उनके स्कूल में बच्चों को उनके जीवन काल में उनकी भावना के अनुरूप शिक्षा से मिले, उनका पूरा प्रयास होगा। उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा को तराश कर इंजीनियर व डॉक्टर समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिये तैयार करना है। जिससे इस इलाके का नाम रोशन हो। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस स्कूल को ग्रामीण परिवेश में खोलकर ई. सुरेश राम ने बड़ा ही नेक काम किया है। इस स्कूल के भविष्य को संवारने में जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी,उनके द्वारा हर संभव पूरा किया जाएगा।उन्होंने स्कूल की उज्वल भविष्य कके प्रति शुभकामना प्रकट किया। मौके पर इदरीश हवारी,सुशील ठाकुर, दीपक कुमार,परशुराम सिंह, अशोक राम, लक्ष्मण राम, शिवपूजन, संचित राम समेत कई अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विजय राम ने किया।

# चैनपुर नेउरा मुख्य पथ कीचड़ में तब्दील, दुर्घटनाओं को दे रहा निमंत्रण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड के चैनपुर-नेउरा मुख्य पथ की स्थिति काफी जर्जर है। हल्की बारिश होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। यह सड़क पलामू को गढ़वा जिले के रंका प्रखंड व छत्तीसगढ़ राज्य को सीधे जोड़ती है। बताते चले की इसी सड़क के माध्यम से हजारों लोग प्रतिदिन अपने रोजमर्रा की जरूरत व रोजगार और मरीज इलाज के लिए के लिए मेदिनीनगर मुख्यालय आते जाते हैं। काफी समय से यह सड़क अपनी दयनीय स्थिति में है। चैनपुर थाना,चैनपुर प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय सहित वन विभाग के चेक नाका भी इसी रास्ते में मौजूद है। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि सड़क काफी दिनों से जर्जर स्थिति में है। बावजूद इसके स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के लापरवाही व उदासीन रवैया के कारण हजारों लोग प्रतिदिन अपनी जान जोखी में डालकर मेदिनीनगर शहर अपने जरूरी के कार्य करने के लिए जाते हैं। सड़क में तालाब नुमा गड्ढा बन जाने के कारण टेंपो, मोटरसाइकिल आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होते रहती है। जर्जर स्थिति में सड़क होने के बावजूद भी बड़े-बड़े हाइवा वाहनों का अवैध रूप से परिचालन होता रहा है। कुछ दिन पूर्व चैनपुर के पूर्व जिला परिषद सदस्य मीना गुप्ता के नेतृत्व में चक्का जाम कर सड़क बनाने की मांग की गई थी। स्थानीय बीडीओ, सीओ व प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। साथ ही सड़क निर्माण होने तक भारी वाहनों व हाइवा का परिचालन पर रोक लगा दी जाएगी। लेकिन ना अभी तक सड़क बनाने का कार्य प्रारंभ हो पाया ना ही बड़े-बड़े हाइवा परिचालन पर रोक लगाया जा सका।

# मां ने नाबालिग पुत्री के लापता होने का मामला थाना में दर्ज कराया




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव से17 वर्षीय नाबालिग लड़की का लापता होने से संबंधित मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में नाबालिग की मां ने हुसैनाबाद थाना को लिखित आवेदन देकर 17 वर्षीय पुत्री के लापता होने की बात कही है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि एक मई को सुबह नौ बजे घर से कॉलेज के लिए निकली थी। उसे कॉलेज के बाद कपड़ा सिलने के लिए देना था। जपला से उसने फोन कर बताया था कि वह घर लौट रही है। उसके घर नहीं आने पर सभी संभावित जगह खोजबीन की। मगर उसका कहीं पता नहीं चला है। आवेदन में मां ने कहा कि उनकी लड़की रोहतास के एक लड़के से फोन पर बात करती थी। उसे कई बार मना भी किया गया था। उन्होंने आशंका व्यक्त किया है कि उनकी पुत्री को वह लड़का भगा कर तो नहीं ले गया है। इस मामले में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। जिस लड़के का नाम पता बताया गया है। उस पहलू पर भी जांच की जा रही है। एक दो दिन में पता लगा लिया जाएगा।

## 30-35 किमी की गति से चली आंधी बारिश से राहत



**मोहम्मदगंज।** रविवार दोपहर बाद अचानक मौसम परिवर्तन के साथ 30-35 किमी की गति से धूल भरी आंधी चली। इससे काफी समय तक असहज स्थिति बनी रही। शाम का नजारा पेश हो गया। खपरैल और छप्पर के आशियाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। शादी और पार्टी के लिए लगाए तंबू और शामियाने उखड़ गए। इसे नुकसान के साथ ही उन्हें दोबारा सजाने-संवारने में लोगों को मशक्कत करनी पड़ी। आंधी के थमने के बाद गरज और चमक के साथ बूंदाबांदी होती रही। इससे दिन भर की गर्मी से राहत मिली। किसानों ने मौसम की ऐसी बेरुखी को बरसात के मद्देनजर अशुभ संकेत बताया।

## 100 वर्षीय सुबेदार अंसारी का इंतेकाल, शोक



**ऊंटारी रोड़।** पांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुगांवा गांव निवासी सुबेदार अंसारी का 100 की उम्र में इंतेकाल हो गया। सुबेदार अंसारी एक परहेजगार नेक दिल और समाजिक सरोकार से जुड़े व्यक्ति थे। उनके जनाजा का नमाज के बाद गढ़वा जिले के पचफेड़ी गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। सुबेदार अंसारी सेवानिवृत्त शिक्षक शहाबुद्दीन अंसारी व अहमद अंसारी के पिता थे। उनके जनाजा के नमाज में गांव क्षेत्र व रिश्तेदार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए। जनाज में विशेष जेएमएम नेता डा. तौकीर अंसारी, प्रोफेसर सरफुद्दीन अंसारी, मसउद आलम सहित अन्य मौजूद थे।

# खराब सोलर जलमीनार की मरम्मत डबल नल कनेक्शन से जलापूर्ति शुरू



**राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत रामनगर में एक साल से खराब पड़े जलमीनार की करीब एक साल बाद मरम्मत करा दी गई है। ग्रामीणों ने इसे इस बाबत राष्ट्रीय नवीन मेल में छपी खबर का असर बताया। उन्होंने बताया कि पिछले साल इसी मौसम में आई तेज आंधी में जलमीनार के सोलर प्लेट उड़ गए थे। तभी से नल कनेक्शन से आपूर्ति बंद हो गई थी। मगर, मरम्मत के बाद डबल नल कनेक्शन से जलापूर्ति सुनिश्चित कर दिए जाने से गर्मी में बड़ी राहत मिल गई है। मगर, इससे ही संबद्ध हर घर नल जल योजना के तहत 10 घरों में बिछाए गए पाइपलाइन कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रारंभ से ही बेकार साबित हो रही है। इसका उन्हें मलाल है। इस प्रकार पंचायती राज व्यस्था के तहत स्थापित हर घर नल-जल योजना इस गांव में दिखावा की वस्तु बनकर रह गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव की करीब 250 से अधिक की आबादी पर चार चापानल हैं। जबकि एक चापानल को एक व्यक्ति विशेष ने सबमर्सिबल लगाकर कब्जे में कर रखा है। एक चापानल से लौह अयस्क युक्त पानी निकलता है। जिसकी मरम्मत और रख रखाव की जरूरत बढ़ गई है। ग्रामीणों ने गर्मी में जल संकट गहराने से पहले इस चापानल और हर घर नल जल योजना को ठीक कराने के साथ ही एक चापानल को व्यक्ति विशेष के कब्जे से मुक्त कराकर सर्वसुलभ कराने की मांग की है।

## कंप्यूटर कोचिंग संस्थान का 22वां वार्षिकोत्सव समारोह

# शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान देना है, डिग्रियां बांटना नहीं: नूरी सबा रिजवी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत स्थित बालाजी कॉम्प्लेक्स देवरी रोड दुगार्बाड़ी के समीप चैटर पॉइंट कंप्यूटर व अंग्रेजी कोचिंग संस्थान में 22वां वार्षिक उत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक मिसम रिजवी ने बताया कि 4 मई 2003 को जपला हुसैनाबाद में कोचिंग सेंटर की स्थापना की और क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर और अंग्रेजी में शिक्षित कर कामयाब बनाने का काम करता रहा हूं। उन्होंने बताया कि आज लोग डिग्रियों के पीछे भाग रहे हैं, जबकि ज्ञान पीछे छूटता जा रहा है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ज्ञान होता है। अगर बिना ज्ञान के केवल डिग्रियां मिलती रहे, तो आने वाले समय में डिग्रीधारी तो बहुत लोग मिलेंगे, लेकिन ज्ञानी मिलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि बिना डिग्री के उचित ज्ञान के साथ आप जीवन में कुशल हो सकते हैं, लेकिन केवल डिग्रियों से सफल होने की संभावना बहुत कम होती है। उन्होंने क्षेत्र में संचालित स्कूल के शिक्षकों से भी आग्रह किया कि बच्चों में विषयों से संबंधित सही ज्ञान देने का काम करें ताकि वही बच्चे बड़े होकर शिक्षा के स्तर को अच्छा बना सके। संस्था की निदेशक नूरी सबा रिजवी ने छात्राओं को शिक्षा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वन किया और अपने मार्गदर्शन में उचित ज्ञान देने का वादा किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को विभिन्न परीक्षा के आधार पर चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। हिंदी इंग्लिश टाइपिंग में रेशमा को प्रथम पुरस्कार तथा मुस्कान और यश को द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार दिया गया। टेस्ट परीक्षा में प्रथम पुरस्कार अकबर अली को दिया गया वर्ष 2024 में सबसे अनुशासित छात्र का पुरस्कार पीयूष केसरी को दिया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे जिनमे सुचित कुमार, अंकित कुमार, आदित्य रोशन अमन, कुंदन ,फरहान, आसिफ सुप्रिया, सोनाली, संजू, मनिका, खुशबू, यश,मानवी, सौरभ, अरमान, आमिल आलोक, बबलू, अमित, आदि शामिल है।

# पीएमश्री प्लस टू हाई स्कूल में नहीं बढ़ाई गई बाउंड्री की ऊंचाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय को ऊंचा दर्जा हासिल हुआ। पीएमश्री विद्यालय में चयनित हो गया है। इससे इसकी तकदीर बदल गई है। लेकिन नहीं बदला है तो तस्वीर। बताया गया कि पीएमश्री विद्यालय में चयनित होने के बाद लेबोरेट्री निमाणार्धीन है। इसी योजनानुसार शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मगर, सबसे महत्वपूर्ण मसला को हल नहीं किया गया है। जिसमें इसकी बाउंड्री की जर्जर हालत को दुरूस्त कर कम ऊंचाई को बढ़ाया नहीं जा सका है। इस कारण स्कूल का माहौल असुरक्षित बन गया है। बताया गया कि जब मिडिल स्कूल था, तब इसकी बाउंड्री बनाई गई थी। जिसकी जमीन की भरावट की वजह से ऊंचाई कम होती चली गई है। अभी इसकी ऊंचाई 4-6 फीट बताई जाती है। जिसे कहीं से भी आसानी से फांदा जा सकता है। ऐसे में खासकर, मैट्रिक परीक्षा के दौरान काफी चौकसी बरतनी पड़ती है। इसके अलावा शरारती तत्व बाउंड्री फांदकर शौच भी कर दिया करते हैं। बाउंड्री जब बनी थी, तब छात्र-छात्राओं की सख्या भी कम थी। जबकि अब पहली से 12 वीं तक छात्र-छात्राओं की संख्या 2000 से अधिक है।

# ई-केवाईसी की अंतिम तिथि सातवीं बार बढ़ी, अब 30 जून तक मौका

**● जिले में 92.4 प्रतिशत मुखिया व 72 प्रतिशत सदस्यों ने कराया ई-केवाईसी, बाकी को राहत**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राशन कार्ड से जुड़े ईझकेवाईसी की अंतिम तिथि को केंद्र सरकार ने एक बार फिर बढ़ाकर 30 जून कर दिया है। इससे पहले इसकी समय सीमा 30 अप्रैल निर्धारित की गई थी। अब तक ईझकेवाईसी की तिथि सात बार बढ़ाई जा चुकी है। सरकार के इस फैसले से उन लाभुकों को राहत मिलेगी, जो नेटवर्क जैसी समस्याओं के कारण समय पर ईझकेवाईसी नहीं कर पाए थे।




जिले में कुल 4.54 लाख राशन कार्डधारी परिवार हैं, जिनमें 19,36,699 लाभुक शामिल हैं। अब तक इनमें से 13,94,362 लाभुकों ने ही ईझकेवाईसी कराया है। विभाग द्वारा मिले आंकड़ों के अनुसार, अब तक 92.4% परिवारों के मुखिया तथा 72% सदस्यों ने ईझकेवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। शेष लाभुकों के लिए दो महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है। यदि निर्धारित तिथि तक ईझकेवाईसी नहीं कराया गया तो संबंधित लाभुकों का नाम राशन कार्ड से हटाया जा सकता है।

राज्य के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों को पत्र भेजा है और समय सीमा के भीतर सभी लाभुकों का ईझकेवाईसी कराने का निर्देश दिया है। विभाग को उम्मीद है कि अब शेष लाभुक भी ईझकेवाईसी पूरा कर लेंगे।

सतबरवा (95.69% मुखिया, 78.43% सदस्य) और पिपरा (94.67% मुखिया, 78.62% सदस्य) जैसे प्रखंडों में ई-केवाईसी की स्थिति सबसे बेहतर है, जबकि मेदिनीनगर नगर निगम (88.53% मुखिया, 70.16% सदस्य) में अब भी सुधार की जरूरत है।

# चार वर्ष से अधिक पुराने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करें : एसपी

**● महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, सड़क सुरक्षा व जनसंपर्क को लेकर दिए गए सख्त निर्देश**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस कप्तान डॉ. रीष्मा रमेशन की अध्यक्षता में रविवार को उनके कार्यालय सभागार में क्राइम मीटिंग का आयोजन हुआ। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और जनसंपर्क अभियान जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

पुलिस कप्तान ने चार वर्ष से अधिक पुराने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। हत्या, लूट, दहेज हत्या व साइबर क्राइम जैसे गंभीर अपराधों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

साइबर अपराधों पर लगाम के लिए विशेष टीम गठन और जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। वहीं, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर फ्रॉड से बचाव और डायल 112 सेवा के प्रयोग की जानकारी देने की बात कही गई।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों के कड़ाई से पालन और जनजागरूकता अभियान पर भी बल दिया गया। मादक पदार्थों की तस्करी पर निगरानी और विशेष छापेमारी अभियान की योजना पर भी चर्चा हुई। पुलिस कप्तान ने सभी थाना प्रभारियों को जनसंपर्क बढ़ाने और निर्माण स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**पासपोर्ट शाखा को राज्यस्तरीय सम्मान, 99% निष्पादन दर पर मिली सराहना :** पलामू जिले की पासपोर्ट शाखा को उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर 99% मामलों के निष्पादन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुलिस कप्तान ने शाखा के कर्मियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने इसे पुलिस की पारदर्शिता व नागरिकों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

## 18 मई को 'एक शाम पहलगाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** तहजीब फाउंडेशन द्वारा 18 मई को अंबेडकर पार्क, मेदिनीनगर में 'एक शाम पहलगाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी फाउंडेशन के सदस्य डॉ. अशरफ जमाल अश्क ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में स्पॉट पेंटिंग, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संवाद, तथा कवि सम्मेलन सह मुशायरे का आयोजन किया जाएगा।

## पाकिस्तानी-बांग्लादेशी नागरिकों की निष्कासन को लेकर पलामू भाजपा का 5 मई को पैदल मार्च

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में रह रहे संदिग्ध पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर पलामू भाजपा 5 मई को समाहरणालय परिसर में पैदल मार्च निकालेगी। यह मार्च सोमवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे मेदिनीनगर स्थित समाहरणालय परिसर से शुरू होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम के तहत महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन पलामू उपायुक्त को सौंपा जाएगा। ज्ञापन में इन विदेशी नागरिकों को शीघ्र चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। तिवारी ने बताया कि इस मार्च में पलामू भाजपा जिला समिति, माननीय सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सक्रिय कार्यकर्ता और पार्टी के सभी सम्मानित नेता शामिल होंगे। भाजपा का कहना है कि जिले की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह लोकतांत्रिक प्रदर्शन किया जा रहा है।

# तेज आंधी व बारिश ने मचाया कहर शादियों की तैयारियों में आई बाधा



**● जलजमाव और बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी, निगम पर लापरवाही के आरोप**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में रविवार शाम आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। जिले के विभिन्न प्रखंडों में अचानक आए तूफान के साथ हुई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत दी, वहीं कई इलाकों में नुकसान भी पहुंचाया। बारिश के साथ आई तेज हवाओं से पेड़ गिरने, कीचड़ फैलने और बिजली आपूर्ति बाधित होने की घटनाएं सामने आई हैं।

बारिश के कारण जगह-जगह जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नालियों की सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से नगरवासियों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन ने पूर्व तैयारी नहीं की, जिससे जलजमाव और बीमारियों की आशंका बढ़ गई है। निगम प्रशासन से शीघ्र जल निकासी की मांग की जा रही है। गौरतलब है कि इस समय शादियों का सीजन चल रहा है। 8 मई तक कई बड़ी शादियों की तैयारियों में लोग व्यस्त हैं, लेकिन अचानक आई बारिश ने टेंट और पंडालों को नुकसान पहुंचाया। कई जगहों पर लोग शादी की तैयारियों को बचाते और पानी निकालते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार रविवार शाम 5:30 बजे तक 2.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। हालांकि तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। आंधी के कारण साइकिल और दोपहिया वाहन चालकों को काफी कठिनाई हुई। तेज हवाओं व जलजमाव के कारण लोगों को हेडलाइट जला कर चलना पड़ा। स्थानीय प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि बारिश से पूर्व पुख्ता व्यवस्था की जाए, ताकि नागरिकों को परेशानी से राहत मिल सके।

# समृद्धि की रोटी अभियान में मिशन समृद्धि संस्था की निष्ठा



**● प्रतिकूल मौसम में भी जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया भोजन, संस्था ने जताया सहयोगियों के प्रति आभार**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था अपने 'समृद्धि की रोटी' अभियान को लेकर पूरी तरह गंभीर और समर्पित है। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था के सदस्य हर परिस्थिति में जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने का कार्य करते हैं, चाहे मौसम अनुकूल हो या प्रतिकूल।'

अभियान के तहत अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच तथा शनि मंदिर परिसर में जरूरतमंद लोगों को रोटी, सब्जी और लड्डू का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य में भोजन देने वालों की श्रद्धा और सेवा भावना उल्लेखनीय रही। रोटी ग्रहण करने वाले भी उसी आदर और श्रद्धा से इसे स्वीकार करते हैं। संस्था की ओर से रोटी उपलब्ध कराने वाले सभी परिवारों का आभार प्रकट किया गया है। वहीं, भोजन वितरण कार्य में शामिल सदस्यों–मीना गुप्ता, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता, ममता, बेबी पाण्डेय एवं अन्य स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा गया।

# जोड़ गांव में वाहन जांच अभियान बिना लाइसेंस ट्रैक्टर चलाने पर रोक



**■ हेलमेट नहीं पहनने वालों को दी गई चेतावनी, ट्रैक्टर मालिकों को दी गई सख्त हिदायत**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के जोड़ ग्राम में रविवार को ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में विशेष रूप से बड़े वाहनों के कागजात और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। साथ ही, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता को लेकर जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान जिन चालकों के पास हेलमेट नहीं था या लाइसेंस अधूरा था, उन्हें पहले चेतावनी देकर छोड़ा गया। ट्रैफिक प्रभारी ने सभी को निर्देश दिया कि अगली बार उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है और ट्रैक्टर चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है।

ट्रैक्टर मालिकों को भी बुलाकर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे गाड़ी किसी ऐसे व्यक्ति को न दें, जिसके पास वैध लाइसेंस न हो। प्रभारी ने कहा कि वाहन चलाना केवल प्रशिक्षित और लाइसेंसधारी चालकों का अधिकार है। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व क्षेत्र में एक ट्रैक्टर पलटने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसी को लेकर वाहन जांच अभियान को तेज कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए गंभीरता से काम कर रहा है।

# शादियों के लिए वरदान बना ठाकुरबाड़ी मंदिर, मामूली खर्च में सैकड़ों जोड़े ले रहे सात फेरे

**▶▶ सीजन में एक हजार खर्च पर निपट जाती हैं शादियां**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भव्यता और दिखावे की दौड़ में जहां विवाह समारोह लाखों रुपये खर्च कर भारी बोझ बनते जा रहे हैं, वहीं मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित श्रीकृष्ण राधा ठाकुरबाड़ी मंदिर सादगीपूर्ण विवाह की मिसाल पेश कर रहा है। यहां महज कुछ हजार रुपये में दर्जनों शादियां सम्पन्न हो रही हैं–वह भी पूरी धार्मिक परंपराओं के साथ। महंगाई के इस दौर में विशेषकर गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार मंदिर परिसर में ही शादी जैसे मांगलिक आयोजन निपटाना अधिक व्यावहारिक समझते हैं। इस पवित्र स्थल पर चट मंगनी पट विवाह की तर्ज पर विवाह संस्कार कराए जा रहे हैं, जहां दूर-दराज से आने वाले परिवार भी अपने सामर्थ्य के अनुसार नाश्ता, भोजन और अतिथियों की व्यवस्था कर पाते हैं। मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार 1901 में निर्मित इस ऐतिहासिक मंदिर में स्थापित राधा-कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष अग्नि को साक्षी मानकर विवाह की रस्में पूरी की जाती हैं।

ठाकुरबाड़ी मंदिर के व्यवस्थापक शशि तिवारी ने बताया कि परिसर में 20 कमरे, दो चापाकल और भोजन पकाने की पूरी सुविधा है। विवाह के लिए परिसर उपयोग हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता, केवल कमरे के लिए 3100 रुपये लिए जाते हैं। जो लोग आर्थिक रूप से असमर्थ हैं, उनके लिए यह शुल्क और भी कम कर दिया जाता है। इन जामा राशि से पुजारी को मानदेय, मंदिर की रंगाई-पुताई और स्वच्छता कार्य संचालित किए जाते हैं। लग्न के मौसम में यहां प्रतिदिन 4 से 6 विवाह संपन्न होते हैं। मंदिर का शांत और धार्मिक वातावरण इसे एक आदर्श विवाह स्थल बनाता है, जहां गढ़वा, लातेहार, औरंगाबाद और यहां तक कि छत्तीसगढ़ से भी लोग विवाह कराने पहुंचते हैं।

वास्तव में, रेड़मा का ठाकुरबाड़ी मंदिर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए एक बड़ी राहत और सामाजिक समरसता का केंद्र बन गया है।

# महिला की संदिग्ध मौत, ससुराल वालों पर हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप



**● मायके वालों ने जताई हत्या की आशंका, पति सहित सभी आरोपी फरार**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के परशुराम खाप गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर पहले हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान सीता देवी (पति झ जितेंद्र राम) के रूप में हुई है। मृतका के पिता मंगरू राम ने बताया कि सोमवार सुबह करीब सात बजे फोन पर सूचना मिली कि बेटी की मौत हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटी को मारकर फांसी पर लटका दिया गया। जानकारी के अनुसार, सीता देवी की शादी 2012 में हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं।

परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले सीता देवी का घर में गोतनी से विवाद हुआ था। घटना वाले दिन वह अपने पति के साथ उसके फूफा के यहां शादी समारोह में गई थी। वहीं, रात करीब 11 बजे उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई।

मृतका के जीजा मालदेव उरांव के अनुसार, घटना के बाद पति शव को गांव ले आया और ससुराल पक्ष शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान ले गया। जानकारी मिलने पर मायके वाले पहुंचे, लेकिन तब तक ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए थे। पुलिस ने शव को श्मशान घाट से उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा।

लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतका के पति व परिजनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पाटन थाना प्रभारी लालजी यादव ने कहा कि परिजनों के आवेदन व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने शहर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया

# नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में एसपी ϔीरँ रमेशन के निर्देश पर शहर थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और एएसआई रामजी दास ने किया।



यह जांच अभियान शहर थाना के समीप मुख्य सड़कों पर चलाया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। पुलिस की टीम ने खासतौर पर नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर नजर रखते हुए ब्रेथ एनालाइजर मशीन की सहायता से चालकों की जांच की।

अभियान के दौरान जो भी वाहन चालक संदिग्ध पाए गए, उनकी जांच मौके पर ही की गई। इस दौरान कई लोगों को रोककर चेतावनी भी दी गई और नियमों का पालन करने की सलाह दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और आम जनता को यातायात के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह खुद की और दूसरों की जान के लिए भी खतरनाक होता है।

शहरवासियों ने भी इस अभियान की सराहना की और इसे आम लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया। पुलिस ने बताया कि आगे भी ऐसे अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहेंगे, ताकि यातायात नियमों के उल्लंघन को रोका जा सके।

## छत्तरपुर में एचडीएफसी बैंक की पहली शाखा का शुभारंभ

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया उद्घाटन स्थानीय लोगों को मिलेगी बेहतर बैंकिंग सुविधा

नवीन मेल संवाददाता

**छत्तरपुर।** अनुमंडल मुख्यालय छत्तरपुर में एचडीएफसी बैंक की पहली शाखा का उद्घाटन शुक्रवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस नई शाखा के खुलने से छत्तरपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब आधुनिक और सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी।



उद्घाटन के अवसर पर वित्त मंत्री श्री किशोर ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं का विस्तार आम जनता की सुविधा के लिए आवश्यक है। उन्होंने आशा जताई कि एचडीएफसी बैंक न सिर्फ अपने ग्राहकों को उच्च स्तरीय सेवा प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी अपनी अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि बैंक द्वारा किसानों, छोटे व्यापारियों और महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जाती हैं, जिनका लाभ अब स्थानीय स्तर पर आसानी से मिलेगा। उन्होंने लीड बैंक योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने में भी एचडीएफसी बैंक के सक्रिय सहयोग की उम्मीद जताई।

इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद बैंक परिसर में सभी आगंतुकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

# आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण व राशन वितरण कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत विलैती खैर में रविवार को आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए टीकाकरण किया गया। उन्हें जरूरी पोषाहार राशन भी वितरित किया गया। यह कार्यक्रम गांव में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए विभागीय स्तर पर की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन एएनएम संजू कुमारी किया। उन्होंने बच्चों को नियमित टीका देने, गर्भवती महिलाओं को समयानुसार जरूरी टीकाकरण की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच, आयरन और कैल्शियम की गोलियों के सेवन और संतुलित आहार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका कबूतरी देवी और सहिया प्रमिला देवी मौजूद थी। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को केंद्र पर एकत्रित होने और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में गांव की महिलाएं, गर्भवती महिलाएं व छोटे बच्चे उपस्थित थे। महिलाओं को पोषक आहार सामग्री में चना, चावल, दाल, सुपाच्य खाद्य सामग्री वितरित की गई।

## आदिम जनजाति व भुइयां टोला में पेयजल संकट गहराया

# प्रखंड क्षेत्र में 256 चापनल खराब ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में पीएचईडी विभाग से लगाया गया 256 चापानल पूरी तरह खराब होकर बेकार है। खराब चापनलों की मरम्मति को लेकर अभी तक किसी भी तरह की प्रशासनिक प्रयास शुरू नहीं की गई है। खराब चापानलो में खासकर प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के हाई स्कूल से सटे आदिम जनजाति टोला, भुइयां टोला पर लगे आधे दर्जन चपानलों की स्थिति पूरी तरह से खराब है। खराब पड़े चपानलों से पानी का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणो को पानी को लेकर भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें दूसरे टोला पर लगे चापानल से पानी लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। ग्रामीण सुदामा परहिया, अजय परहिया, महादेव परहिया भगवान दास परहिया ,मुनी भुइयां, प्रकाश भुइयां, मनोज साहू ने बताया कि उनके टोला के चापानल पहले



गर्मी के मौसम में भी पानी देता था। लेकिन जब से उससे कनेक्ट कर वहां पर जलमीनार से जोड़ दिया गया है, तब से चापानल ने पानी देना बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि जो चापानल वर्तमान समय में पानी दे रहा है वहां पर पानी भरने को लेकर प्रत्येक दिन अहले सुबह से ही ग्रामीणों की भीड़ लग जाती है। हाई स्कूल से सटे टोला पर लगा चापानल का भी यही हाल है। वह भी पिछले कई महीनो से खराब है, लेकिन उसे अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। पूछे जाने पर बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में पीएचईडी विभाग से लगाए गए चपानलों की संख्या को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पीएचईडी से प्रखंड क्षेत्र में 256 चापानल लगाने की सूचना है। उन्होंने बताया कि खराब चापानल की मरम्मती को लेकर विभागीय पदाधिकारी तक जानकारी दी गई है।

# सड़क दुर्घटना में दंपति समेत पुत्र घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनसानी मुख्य पथ स्थित बड़का आहर के समीप शनिवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार पति, पत्नी और उनका दो वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में सुरेंद्र राम, उनकी पत्नी सोनी देवी 28 वर्ष और पुत्र सृष्टि कुमार 2 वर्ष का नाम शामिल है। उक्त सभी को स्थानीय युवक इंद्रजीत, कुमार, राहुल सिंह, बसंत पासवान, रितेश कुमार, सीताराम सिंह, रामलखन सिंह ने घटना स्थल से उठाकर 108 एंबुलेंस से ईलाज के लिए सीएचसी भवनाथपुर में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए तीनों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उक्त दंपति अपने बेटे के साथ बाइक से खरौंधी के चंदनी गांव से बरवाबांध शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। इस दौरान बनसानी आहर के समीप मुख्य पथ पर विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया।

# कुआं का पानी पीने के लिए बेबस ग्रामीण









**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के सरकारी दावे भले ही कागजों और सरकारी दफ्तर की शोभा बढ़ा रही हो, पर धरातल पर सच्चाई कुछ और ही है। इसका उदाहरण धुरकी प्रखंड के कई पंचायत व गांव हैं। जमीनी सच्चाई गनियारी कला, खुटिया सहित कई पंचायत, गांव और टोला हैं। खुटिया पंचायत में ललकी जरही व धोडपाथर टोला में करीब 150 घरों की आबादी हैं, जहां पीने के लिए न पानी है और न ही जलमीनर सुविधा उपलब्ध है। लोग आज भी कुआं से पानी पीने के लिए बेबस है। धुरकी प्रखंड मुख्यालय से सटे धोडपाथर टोला में दलित परिवार के लोग निवास करते हैं। लगभग 100 की जनसंख्या वाले इस टोला में रहने वाले अधिकांश लोग अत्यंत गरीब हैं। गांव की बदहाली का आलम यह है कि आज तक टोले में पानी नहीं पहुंच पाया। यहां के ग्रामीण पेयजल के लिए कुआं पर निर्भर हैं। सरकारी स्तर पर इस गांव में चापानल लगाया गया पर गर्मी के मौसम आते ही जल स्तर नीचे चला गया। विभागीय स्तर पर पेयजल की कोई दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। खुटिया पंचायत के ग्रामीण रामप्रवेश यादव ने बताया कि पानी हमारा जीवन का अहम हिस्सा है। सरकार को शुद्ध जल संसाधन के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। बलवंत यादव ने कहा कि हर घर को शुद्ध पेय जल संसाधन से जोड़ना चाहिए। राजीव कुमार कहा कि नल जल योजना पूरे प्रखंड में हाथी का दांत की तरह है। गर्मी के मौसम में लोग पेय जल से जूझ रहे हैं। गनियारी कला पंचायत के करवा पहाड़ गांव के श्रीराम कोरवा ने बताया कि गांव में लगभग आधा किलो मीटर दूर पर चापानल है। वह महीनों से खराब है, लेकिन उसे ठीक करने के लिए कोई जनप्रतिनिधि पहल नहीं किया है। खुटिया पंचायत के मुखिया नजारा बीवी ने बताया कि पंचायत के ग्रामीणों और अखबारों के माध्यम से जानकारी मिली है। विभाग को लिखा गया था उसके बाद मरम्मत कार्य किया जा रहा है। गनियारी कला पंचायत के मुखिया से संपर्क करने पर उन्होंने फोन नही उठाए। इस संबंध में पीएचईडी के जेई अजीत रंजन ने बताया कि प्रखंड में 80 चपानलों की खराब होने की सूचना मिली थी, उनमें 50 चपनल मरम्मत करा दिया गया है।

## विधायक के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर



**रंका।** प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के रबदा गांव में जला ट्रांसफार्मर के स्थान पर रविवार को नया ट्रांसफार्मर स्थानीय विधायक के सहयोग से लगाया गया है। विधायक प्रतिनिधि रवि चंद्रवंशी उर्फ चप्पू ने बताया कि कंचनपुर पंचायत के रबदा गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था। इसकी सूचना स्थानीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को दी गई थी। इसके बाद विधायक ने संज्ञान लेते हुए 4 घंटे के अंदर नया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया। पंचायत में बिजली बहाल होने से ग्रामीणों ने खुशी है। विधायक प्रतिनिधि रवि चंद्रवंशी उर्फ चप्पू के साथ रबदा गांव के ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे। लोगों ने विधायक के इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की।

# अवैध शराब के विरुद्ध चलेगा प्रभावी अभियानः अनुमंडल पदाधिकारी

- **सामाजिक-प्रशासनिक सहभागिता से होगा व्यापक प्रयास**
- **महिलाओं-बुजुर्गों-बच्चों की भूमिका होगी अहम**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा सदर अनुमंडल क्षेत्र में अवैध शराब व नशे के कारोबार के विरुद्ध शीघ्र ही एक प्रभावी सामाजिक-प्रशासनिक अभियान की शुरूआत की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध व्यापार को रोकना है, बल्कि लोगों के व्यवहार में स्थायी परिवर्तन लाना भी है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के कई गांवों में कुछ लोगों ने अवैध शराब निर्माण को जीविका का साधन बना लिया है। ये लोग प्रशासनिक कार्रवाई के बाद कुछ समय के लिए गतिविधि बंद कर देते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों में फिर से शुरूआत कर देते हैं। ऐसे में डर या दंड की बजाय उनके सोच में बदलाव जरूरी है।

इस उद्देश्य से एसडीओ संजय कुमार ने दुलदुलवा गांव में बच्चों और बुजुर्गों के साथ नुक्कड़ संवाद किया। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने माता-पिता को समझाएं कि यह धंधा अनैतिक और सामाजिक दृष्टि से निंदनीय है। उन्होंने कहा, बच्चे अपने माता-पिता को सबसे बेहतर ढंग से समझा सकते हैं। वहीं गांव के बुजुर्गों से भी उन्होंने सहयोग की अपील की और कहा कि वे गांव को नशा मुक्त बनाने में मार्गदर्शक बनें। एसडीओ ने बताया कि वन विभाग, पुलिस विभाग, उत्पाद विभाग, पंचायती राज संस्थाएं, सामाजिक संगठन, स्वयं सहायता समूह, मीडिया और सोशल मीडिया के सहयोग से इस सप्ताह अभियान की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह महज एक प्रशासनिक प्रयास नहीं बल्कि सामाजिक चेतना का अभियान होगा। संजय कुमार ने कहा कि नशाखोरी केवल उपभोक्ता को नहीं बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करती है। अक्सर नशे की हालत में लोग चोरी, लूटपाट, दुर्घटनाएं और हिंसा जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं, जबकि इनके शिकार वे लोग होते हैं जिनका नशे से कोई लेना-देना नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाज के हर नागरिक को स्वैच्छिक रूप से भाग लेना चाहिए ताकि गढ़वा को एक नशा मुक्त, सुरक्षित और सामाजिक रूप से जिम्मेदार क्षेत्र बनाया जा सके।

# सूखी नदियां, क्षेत्र में गहराया पेयजल संकट

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड की जीवन रेखा मानी जाने वाली तीन प्रमुख नदी पंडा, डोमनी व ढाढरा नदी पूरी तरह सूख चुकी हैं। सोनटटिया क्षेत्र की सदा बहने वाली सोन नदी का जल स्तर भी काफी कम हो गया है। इन नदियों के सूखने से पूरे प्रखंड में जल संकट गहराता जा रहा है। भूजल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है और पीने के पानी से लेकर खेती तक की सारी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नदियों के सूखने से कई जलमीनार, कुआं व चापानल भी सूख चुकी हैं। इन नदियों का पानी ग्रामीणों द्वारा पीने, स्नान करने, खेतों की सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता था। अब यह संकट विकराल रूप लेता जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि नदियों का लंबे समय से सफाई नहीं हुई, इसके अलावा नदी क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध बालू खनन जैसे कारणों ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। प्रखंड की आबादी लगभग एक लाख है, और अधिकांश लोग खेती पर ही आश्रित हैं। इन नदियों के जल से लगभग 5 हजार एकड़ भूमि की सिंचाई होती थी। लेकिन अब पानी के अभाव में फसलें बर्बाद हो रही हैं। इससे किसानों को रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ रहा है। इस चिलचिलाती धूप में बाजार आने वाले लोगों को प्यास बुझाने के लिए बोतल बंद पानी खरीदना पड़ रहे हैं। जब आम जनता को पानी मिलना मुश्किल हो गया है, तो मवेशियों को पानी कैसे मिल रहा होगा यह सवाल भी ग्रामीणों को परेशान कर रहा है। प्रखंड में जल संकट विकराल रूप ले चुका है।

# सीमित संसाधनों में गढ़वा सदर अस्पताल में दो गंभीर घायल मरीजों का सफल ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** गढ़वा सदर अस्पताल में रविवार को दो सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीजों का सफल ऑपरेशन कर एक बार फिर मानवता और सेवा भावना की मिसाल पेश की गई। सीमित संसाधनों के बावजूद वरिष्ठ सर्जन डॉ. नौशाद आलम और उनकी टीम ने यह कठिन सर्जरी सफलतापूर्वक की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहला घायल चिनिया थाना क्षेत्र के चपकली गांव निवासी प्रभु भुइया का पुत्र नन्हकू भुइया है, जो हाल ही में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ था। वहीं, दूसरा घायल प्रमोद कुमार, गढ़वा निवासी भरत राम का पुत्र है, जिसे भी सड़क हादसे में गंभीर चोटें आई थीं। दोनों की हालत नाजुक थी और उन्हें तत्काल ऑपरेशन की आवश्यकता थी। परिजनों ने पहले निजी अस्पतालों में संपर्क किया, लेकिन भारी खर्च वहन करना संभव नहीं था। ऐसे में गढ़वा सदर अस्पताल उनका आखिरी सहारा बना। जब मामला डॉ. नौशाद आलम के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तुरंत सर्जरी का निर्णय लिया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। रविवार को दोनों मरीजों का ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया। अब दोनों खतरे से बाहर हैं और तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। परिजनों ने डॉ. आलम और अस्पताल प्रशासन का आभार जताया है। उनका कहना है कि समय पर यह निशुल्क ऑपरेशन नहीं होता, तो शायद दोनों की जान बचाना मुश्किल होता। यह उदाहरण साबित करता है कि सरकारी अस्पतालों में भी यदि सेवा भावना और समर्पण हो, तो बड़े-बड़े काम मुमकिन हैं।

# दृढ़ संकल्प का नाम है सिद्धार्थ केशरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नेत्रहीनता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि हौसले की ताकत बना चुके सिद्धार्थ केशरी आज पूरे गढ़वा जिले के लिए गर्व का विषय बन चुके हैं। गढ़वा शहर के रंका मोड़ निवासी अशोक केशरी व वीणा केशरी के इकलौते पुत्र सिद्धार्थ ने भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे (सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार) में उच्च श्रेणी लिपिक के पद पर नौकरी प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। जन्म से ही दोनों आंखों की रोशनी न होने के बावजूद सिद्धार्थ ने कभी हार नहीं मानी। साढ़े चार



वर्ष की उम्र में ही मुंबई चले गए और माता लक्ष्मी नर्सरी फॉर ब्लाइंड स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने इंटर और स्नातक की पढ़ाई साधारण कॉलेज, मुंबई से पूरी की और फिर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए। लगातार प्रयास के बाद आखिरकार सफलता हासिल की। सिद्धार्थ पढ़ाई के अलावा ब्लाइंड क्रिकेट, शतरंज, बांसुरी व तैराकी जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय हैं। इन गतिविधियों में उन्हें कई पुरस्कार मिल चुके हैं। 19 दिसंबर 2010 को उन्हें मुंबई के योगीराज सभागार में जायन्ट्स इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पद्मश्री नाना चूड़ासामा, अभिनेत्री रवीना टंडन, टीवी कलाकार रोहित राय और शायना एन.सी. द्वारा सम्मानित किया गया।

### प्रेरणा स्रोत हैं सिद्धार्थ

समाजसेवी व आदर्श विवाह आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार केशरी ने कहा कि सिद्धार्थ ने नेत्रहीन होते हुए भी अथक परिश्रम से सरकारी सेवा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ की तरह अन्य दिव्यांग विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि विभाग में सभी कर्मचारी सिद्धार्थ को सम्मान देते हैं और जल्द ही उन्हें पदोन्नति मिलने की संभावना है। सिद्धार्थ के पिता अशोक केशरी और माता वीणा केशरी ने कहा कि बचपन से ही उनका पुत्र तीव्र बुद्धि का था। उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ ने मुंबई के छात्रावास में रहकर अपनी पढ़ाई ब्रेल लिपि के माध्यम से पूरी की और दैनिक कार्य भी खुद ही करते हैं।

## विद्यालय की 46 डिसमिल जमीन ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर लिया

# मापी के बाद भी विद्यालय की जमीन नहीं हुई अतिक्रमण मुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड के सिलिदाग पंचायत अंतर्गत 1883 में स्थापित राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग-2 अपने अस्तित्व के 143 वर्ष और आजादी के 78वें वर्ष में आज भी विकास का राह देख रहा है। सरकारी विद्यालय में 21वीं सदी में भी भवन और चाहरदीवारी काआभाव है, जिससे विद्यालय संचालन के समय भी अगल-बगल के लोगो का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही अगल-बगल के असमाजिक लोग मवेशी बकरियो को भी विद्यालय भवन में बांधते है। जिससे विद्यालय संचालन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इस अव्यवस्था से भूमि दाता के वंशज काफी व्यथित है। जिस उद्देश्य से उनके पूर्वजो ने भूमि दी उसकी पूर्ति आज भी नहीं हो पा रहा है। सिलीदाग पंचायत के दूधमनिया निवासी जमींदार स्वर्गीय मुनेश्वर सिंह ने इस क्षेत्र के लोगो को सुगम शिक्षा व्यवस्था के लिए भूमि दान दिया था, जिससे की ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को समुचित और सुगम शिक्षा मिल सके। साथ ही गांव समाज का विकास हो। इससे पूर्व विद्यालय इस पंचायत के लिए ही स्वीकृत हुआ था लेकिन भूमि नहीं मिल पाने के कारण उस समय सिलीदाग में बनने वाला विद्यालय मड़वनिया पंचायत में बना। जिसका नाम मध्य विद्यालय सिलीदाग एक हुआ। इस पंचायत के लोगों को शिक्षा प्राप्त करने में समस्या होती थी। उक्त समस्या को देखते हुए स्वर्गीय मुनेश्वर सिंह ने विद्यालय के लिए भूमि दान दिया और मध्य विद्यालय सिलिदाग-2 का स्थापना हुआ। इस विद्यालय में आस पास के विद्यार्थी तब से शिक्षा ग्रहण करते आ रहे है। इस विद्यालय के सामने विकट समस्या खड़ी हो गयी है, क्योंकि विद्यालय भूमि का आस पास के ग्रामीणों ने विद्यालय की भूमि का अतिक्रमण कर लिया है, जिससे विद्यालय का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। पठन-पाठन के साथ बच्चों के खेल कूद का भी जगह नहीं है, जिससे इस विद्यालय के प्रतिभावान गरीब, मजदूर के बच्चों की प्रतिभा कुंठित हो रही है। विद्यालय भूमि के कागजात के अनुसार कुल रकबा एक एकड़ 37 डिसमिल है, जिसमे करीब 46 डिसमिल भूमि पर कुछ ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस कारण इस विद्यालय का चाहरदीवारी का निर्माण नहीं हो पा रहा है। विद्यालय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पूर्व में भी मापी हुआ था और अतिक्रमण कारी को नोटिस भी दिया गया था, लेकिन इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुआ। भूमि मापी, सीमांकन और अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा आवेदन दिया गया था। इस संबंध में अंचलाधिकारी विकास पांडेय ने बताया कि कर्मचारी द्वारा विद्यालय मापी का विवरण दिया गया है, जिसमें कुछ कमी पायी गयी है। इसे सुधारने का निर्देश दिया गया है।

## निषाद समाज के प्रतिनिधियों को महर्षि वेदव्यास परिषद ने किया सम्मानित

**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास परिषद, जिला इकाई गढ़वा के तत्वावधान में रविवार को विधायक प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की ओर से गढ़वा व विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधियों बसंत चौधरी और दिनेश चौधरी को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों–विशेषकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों और सरकारी सेवा में योगदान देने वालों–को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुलदेव चौधरी ने कहा कि झारखंड में निषाद समाज से एक भी विधायक न होना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यह संतोष की बात है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों से समाज के प्रतिनिधियों को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। उन्होंने भवनाथपुर और डालटनगंज विधानसभा क्षेत्रों से भी ऐसे प्रतिनिधियों की मनोनयन की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अपने अधिकारों की जानकारी और सरकारी योजनाओं से जुड़ाव भी विकास के लिए जरूरी है। समाज को एकजुट होकर रणनीति के साथ कार्य करने की आवश्यकता है, तभी भविष्य की पीढ़ी सशक्त बन सकेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार और संचालन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर चौधरी ने किया।

# मौसम का बदला मिजाजः झमाझम बारिश ने दिलाई लोगों को गर्मी से राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड में रविवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली। शाम को क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। लगभग डेढ़ घंटे तक लगातार हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई। बीते कई दिनों से इलाके में तापमान बढ़ता जा रहा था और तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर रखा था। लोग घरों में पंखे और कूलर के बावजूद पसीने से परेशान थे। ऐसे में रविवार की दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज गर्जना के साथ वर्षा शुरू हो गई। बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने तापमान में ठंडक ला दिया। माहौल को सुहाना बना दिया। इस दौरान सड़कों पर पानी



बहने लगा। बच्चे बारिश का आनंद लेते दिखे। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम 3:30 बजे तेज हवा के साथ आसमान में बादल मंडराने लगे और कुछ ही मिनटों में जोरदार बारिश शुरू हो गई। यह बारिश शाम 4:30 बजे तक जारी रही। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक बढ़ गई और लंबे समय बाद लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

## विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आठ को

**कांडी।** विद्यालय प्रबंधन समिति एसमएस की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत होने वाली बैठक रद्द कर अब आठ मई को कराने का निर्णय लिया गया है। कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित जमा दो उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का 3 वर्षों का कार्य काल पूर्ण हो चुका है। इसके बाद नए रूप में पुनः विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जाना था।

## पंचायत स्तरीय सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह आयोजित

**महुआडांड़।** प्रखंड के अक्सी पंचायत में सामाजिक सुरक्षा एकता मंच द्वारा पंचायत स्तरीय सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत के दर्जनों गांव के लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए। वहां सभी गांवों के बीच सरहुल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम अक्सी बीच टोली,बन्दुवा व बांसकरचा प्रथम, द्वितीय और तृतीय हुए। अन्य सभी गांवों के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीत पाल कुजूर सहित उपप्रमुख, मुखिया रोजलिया टोप्पो के अलावा ग्राम प्रधान के साथ गांव के बैगा पाहन व ग्रामीण उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व बैगा पाहन द्वारा क्षेत्र में अच्छी बारिश के साथ सुख शांति कायम रहे इस लेकर बिशेष पूजा किया गया।

# सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के कोने गांव के खुटगड़ी टोला के पास रविवार को सड़क हादसे में एक वृद्ध व्यक्ति की मौत और दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान राजेंद्र सिंह (चोरहा, सरयू) के रूप में हुई है। घायलों में संदीप कुमार (30), बाबूलाल सिंह (30), मुनिता कुमारी (17), सुमनती देवी शामिल हैं। बताया गया कि सभी लोग एक टेंपो से सरयू से लातेहार आ रहे थे। इस दौरान कोने के पास एक अज्ञात पिकअप वाहन ने टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में टेंपू में बैठे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर रुचिरा वर्मा ने प्राथमिक इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी। उन्होंने बताया कि घायलों को सिर व शरीर में चोटें आई थीं। घटना की जानकारी मिलते ही तरवाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया जुलेश्वर लोहरा मौके पर पहुंच घायलों को मदद पहुंचाया।




### टांगी से वार कर विधवा महिला की हत्या

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के चिलोय (टोला बरवाड़ी) गांव में एक विधवा महिला कुंती देवी की हत्या टांगी से वार कर कर दी गई। महिला अपने तीन बच्चों की देखभाल कर रही थी, लेकिन अब वे अनाथ हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार हत्या के पीछे जमीनी विवाद बताया जा रहा है। आरोप है कि महिला की गोतनी व उसके पुत्र ने टांगी से वार कर महिला की हत्या कर दी। महिला जंगल से लकड़ी लेकर घर वापस लौट रही थी। इस बीच वारदात को अंजाम दिया गया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने कुंदा पुलिस को दी। उसके बाद कुंदा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम होने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। दोषियों के खिलाफ धर पकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला की हत्या से परिजनों में मातम पसरा है। मृतक के दो पुत्री व एक पुत्र समेत तीन बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है।

## संविधान बचाओ रैली सफल बनाने को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक



**बालूमाथ।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात के आवास पर संविधान बचाओ रैली को लेकर बैठक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अमीर हयात के अध्यक्षता में हुई। बैठक में आमिर हयात ने कहा कि आगामी 6 मई को रांची में होने वाली 'संविधान बचाओ रैली' लोकतंत्र की रक्षा का संदेश है। यह रैली जनता की आवाज को मजबूत करने का प्रयास है। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह प्रखंड पर्यवेक्षक पंकज तिवारी ने कहा कि संगठन सृजन 2025 के तहत संगठन के मजबूती प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है, जिससे संगठन जुझारू व सभी वर्गों को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि 6 मई को रांची रैली में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचेंगे। मौके पर पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो. जुबैर ने कहा कि लोग कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। जरूरत है उन्हें संगठन में जगह दिया जाए। कांग्रेस एक विचारधारा है। बैठक में रौशन शुक्ला, प्रिंस, मुन्ना खान, फैसल अंसारी, राजू, सोनू, फरहान आलम, राजन, दानिश इत्यादि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी भवन निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**बालूमाथ।** प्रखंड के चेताग पंचायत में वीर कुमार धार्मिक स्थल पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण की बात पर यादव महासभा के लोगों ने कड़ा विरोध किया है। यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव ने बालूमाथ अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर इसका विरोध करते हुए कहा है कि हमारा पूर्वजों द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी चेताग ग्राम के वीर कुमार धार्मिक स्थाल पर दीवाली, दुर्गा पूजा किया जाता रहा है। ग्रामीण यहां दाढ़ (मेला) लगाते हैं। अगर यहां पर आंगनबाड़ी भवन का निर्माण करा दिया जाता है तो हम ग्रामीणों के आस्था को ठेस पहुंचेगा। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी व बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव से पुराने स्थल पर ही भवन निर्माण कराने की मांग की है। विरोध करने वालों में यादव महासभा के श्यामसुंदर यादव, बिहारी यादव,मनोज यादव,दीपक यादव, सुरेश यादव, प्रीतलाल यादव,सरयू यादव, नरेश यादव, भुनेश्वर यादव, बालेश्वर यादव, अशोक यादव, उमेश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीणों का नाम शामिल हैं।

### भाजपा अध्यक्ष ने किया स्कूल हॉस्टल का उद्घाटन

**चंदवा।** नगर मंदिर के पीछे रविवार को ब्राइट फ्यूचर स्कूल के हॉस्टल का उदघाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। उदघाटन के मौके पर अमित गुप्ता ने कहा कि नगर जैसे ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय सुविधा युक्त शैक्षणिक माहौल देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस हॉस्टल का लाभ गरीब तबके के बच्चों को मिलेगा। वर्तमान समय में जीवन की मूल पूंजी शिक्षा ही है। शिक्षा ही आपके जीवन के स्तर को उठा सकता है। संचालक धीरज वर्मा ने बताया कि न्यूनतम शुल्क पर इस आवासीय परिसर में नेतरहाट, नवोदय, इंदिरा गांधी आवासीय स्कूल, का इंट्रेंस एग्जाम की तैयारी करायी जाएगी। अनुभवी शिक्षकों के बीच एक बेहतर माहौल में बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। मंच संचालन प्रदीप ठाकुर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मिथलेश कुमार ने किया। मौके पर युवा समाज सेवी रवि राज,प्रदीप पाठक,राजू पाठक,मदन साव,प्रेमनाथ साहू समेत बड़ी संख्या में बच्चों के परिजन मौजूद थे।

## विकास विरोधी गिरोह पर कड़ी कार्रवाई करें पुलिस : प्रतुल शाहदेव



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत के तुरीसोत गांव में शनिवार की शाम असामाजिक तत्वों द्वारा भू-गर्भ सर्वेक्षण कार्य में लगे वाहनों को जला देने की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड पुलिस और लातेहार पुलिस अविलंब इन विकास विरोधी गिरोहों पर नकेल कसे। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से एक सरकारी उपक्रम के वाहनों को इस गिरोह ने जलाया है, इनके खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज कर अभियान चलाना चाहिए। प्रतुल ने कहा अब ऐसे गिरोह सिर्फ अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए कायरता पूर्वक रात के अंधेरे में घटना को अंजाम देते हैं और भाग खड़े होते हैं। प्रतुल ने कहा अब उग्रवाद पूरे देश में अंतिम सांसें ले रहा है। लातेहार पुलिस ने भी सीआरपीएफ के सहयोग से पिछले कुछ समय में उग्रवाद के खिलाफ बड़ी सफलताएं अर्जित की हैं। इसलिए अभी इन गिरोहों को अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए ऐसे ही छिप कर घटना को अंजाम देने की जरूरत आ गई है। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार कृत संकल्पित है कि 31 मार्च, 2026 तक उग्रवाद का पूरे देश से समूल नाश किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय, झारखंड सरकार, सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस समन्वय बनाकर इन गिरोहों के खिलाफ अभियान चला रही है। प्रतुल ने कहा मूलवासी आदिवासियों का विकास अवरोध करने वाले ऐसे गिरोहों को विशेष ऑपरेशन चला कर समाप्त किया जाए।

### हाइवा का टायर व रिम चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**सिमरिया (चतरा)।** पुलिस ने हाइवा का टायर व रिम चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि सिमरिया निवासी राजू कुमार सिंह ने 3 मई को थाना में हाइवा में लगा टायर और रिम को डाड़ी के रहने वाले संतोष प्रसाद द्वारा चोरी करने का मामला दर्ज कराया था। उनके निर्देश पर प्राथमिक आरोपी संतोष प्रसाद की गिरफ्तारी के लिए एक छापेमारी दल का गठन किया गया। दल का नेतृत्व प्रियेश प्रसुन थाना प्रभारी सिमरिया, पुअनि सतीश सोनी व सशस्त्र बल के जवान कर रहे थे। गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी संतोष प्रसाद कहीं बाहर जाने के फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल के साथ डाड़ी चौक के पास पहुंचने पर संतोष प्रसाद भागने लगा। उसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। हिरासत में लेने के बाद उससे कड़ाई व गहनता से पूछताछ करने पर ग्राम डाड़ी के रहने वाले मो. बेलाल के साथ मिलकर चोरी करने की घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर हाइवा का रेडियल टायर पांच पीस,रिम, दो टायर रिम सहित और हाइवा टायर खोलने वाला उपकरण जप्त किया गया। संतोष प्रसाद व मो. बेलाल को जेल भेज दिया गया।

## बीडीओ, सीओ व थानेदार ने साइबर अपराधियों से सावधान रहने की अपील की



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नंद कुमार राम और थानेदार देवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि साइबर ठग इन दिनों प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का हवाला देकर लोगों से मोबाइल पर व्यक्तिगत जानकारी मांग रहे हैं। जिससे आम लोग ठगी का शिकार हो जा रहे हैं। बीडीओ अमित कुमार पासवान ने कहा कि हाल के दिनों मे कई लोगों को फर्जी कॉल आ रहे हैं, जिनमें खुद को प्रखंड सह अंचल कर्मी बता रहे हैं और कॉल कर आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, ओटीपी आदि कि जानकारी मांगी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रखंड कार्यालय की ओर से इस तरह का कोई कॉल या संदेश नहीं भेजा जाता है। सीओ नंद कुमार राम ने कहा कि आज के दौर में जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी सरकारी योजना का लाभ सीधे लाभुक के खाते में भेजा जाता है। इसके लिए कभी भी फोन या सोशल मीडिया से कोई जानकारी नहीं ली जाती। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि आप लोग के मोबाइल में कोई संदिग्ध कॉल या संदेश मिले, तो इसकी जानकारी तुरंत प्रशासन या स्थानीय थाना को दें। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि साइबर ठग अब नये-नये तरीकों हथकंडे से लोगों को झांसे में ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी कॉल फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप या कोई अन्य ऐप के माध्यम से आधार नंबर, बैंक विवरण, ओटीपी, आवेदन फार्म भरने या अन्य निजी जानकारी मांगी जाये, तो उसे किसी भी स्थिति में साझा न करें। उन्होंने यह भी चेताया कि चाहे वह कॉल किसी परिचित नंबर से ही क्यों न आया हो। उन्होंने आगे कहा कि सोशल मीडिया ई मेल या मैसेज के जरिए भेजे गये लिंक पर क्लिक न करें यह साइबर अपराधियों की चाल है। इससे सतर्क रहना जरूरी है। तीनों अधिकारियों ने प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों और आम नागरिकों से आग्रह किया कि वे स्वयं सतर्क रहें एवं दूसरों को भी जागरूक करते हुए अपने अपने गांव टोला मे साइबर जागरुकता फैलायें, ताकि किसी प्रकार की आर्थिक क्षति से बचा जा सके। ज्ञात हो कि एक सप्ताह के अंदर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के नाम पर तीन लोगों से लगभग एक लाख रुपये की ठगी हो चुकी है। इसलिए इससे सावधान रहना जरुरी है।

## एसएलआरएम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में लातेहार के सभी व्यवसायियों को जागरूक करने के उद्देश्य से सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत ठोस व तरल अवशिष्ट प्रबंधन के सफल क्रियान्वयन का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन द्वारा सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिले में सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत अपशिष्ट प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर जिले को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा हैं। कार्यशाला में सी श्रीनिवास ने डॉक्युमेंटरी फिल्म द्वारा इंटिग्रेटेड सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट रिसोर्स मैनेजमेंट प्रणाली की जानकारी विस्तृत रूप से दी और प्रश्नों के उत्तर दिए। मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक प्रतिष्ठान, दुकानों को हरा व लाल डस्टबिन उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान, दुकानों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें। गीले कचरे (जैसे कि खाने-पीने का कचरा, सब्जी के छिलके, आदि) को हरे रंग के डस्टबिन में डाले। सूखे कचरे (जैसे कि प्लास्टिक, कागज, आदि) को लाल रंग के डस्टबिन में डाले, ताकि कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित कर रिसायकल या खाद्य के रूप में उपयोग किया जा सके। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। मौके पर नगर प्रशासक, नगर पंचायत लातेहार राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, निर्दोष गुप्ता, सुनील शोंडिक सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों के व्यवसायी उपस्थित थे।

### दक्षिणी भिखारिएट काथलिक आम सभा का आयोजन

## परिवार पवित्र बनने से समाज पवित्र बनेगा : विकार जेनरल



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड।** प्रखंड के छेछाड़ी स्थित पकरीपाठ पारिष में 3-4 मई को दो दिवसीय 23 वां दक्षिणी भिखारिएट काथलिक आम सभा अधिवेशन संत जोसेफ परिष में किया गया। रविवार को मुख्य अतिथि डालटनगंज धर्मप्रान्त के विकार जेनरल फादर संजय गिद्ध थे। उन्होंने आम सभा में कहा कि परिवार पवित्र बनने से समाज पवित्र बनेगा। अपने को पवित्र रखते हुए दूसरों को पवित्र करने की पवित्रता ही अच्छी जिन्दगी जीना मनुष्य का उद्देश्य होना चाहिए। जितना पवित्रता जितना परिवार शिक्षा होगा वही आगे जाकर समाज के विकास के लिए अच्छा होगा। मिस्सा पूजा के बाद विकार जेनरल का का स्वागत महुआडांड़ महिला संघ, युवा संघ द्वारा किया गया। सामाजिक, आर्थिक , राजनीतिक और अन्य बहुत से विषयों पर विचार विमर्श की गई। इस आम सभा का संचालन फुलदेव खलखो,सचिव विक्रम मिंज व उनकी कमेटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डीन फादर मोरिस टोप्पो,फादर जोज मोनी पल्ली,अरविन्द कुजूर, ग्लैण्डसन सहित कई अन्य ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में पल्ली पुरोहित फादर सुरेश किंडो ने विकार जेनरल और सभी उपस्थित माताओं को धन्यवाद दिया। महुआडुड़ पारिष के सुरेश के अलावा जोन खाखा, विजय टोप्पो फादर डीन मोरिस टोप्पो, फादर दिलीप, फादर रौशन, फादर अशोक एडवर्ड, पतरस सहित सभी गांव के पंच प्रचारक, प्रचार के साथ व डालटनगंज धर्म प्रान्त के विभिन्न परिषों ग्रामीण उपस्थित थे।

## संविधान बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस की रणनीतिक बैठक हुई

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आगामी 6 अप्रैल को रांची में कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ अभियान रैली का आयोजन किया है। इसे लेकर रविवार को लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड स्थित बेतला नेशनल पार्क के म्यूजियम हॉल में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक को जिला संगठन सृजन मंथन का स्वरूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद व लातेहार जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में संविधान संरक्षण को लेकर जन जागरूकता फैलाना व केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट रणनीति बनाना था। पूर्व सांसद ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार निरंतर संविधानिक संस्थाओं और अधिकारों को कमजोर कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संघीय ढांचे पर हमला कर रही है और इससे लोकतंत्र की बुनियाद खतरे में है। उन्होंने बताया कि बैठक में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें राज्यभर में संविधान बचाओ रैली को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य के सभी प्रमंडलों में रैलियों का आयोजन करेगी। इन अभियानों में ओबीसी आरक्षण, सरना धर्म कोड, पेसा कानून, लैंड बैंक, नगर निकायों में आरक्षण और आउटसोर्सिंग से होने वाली नियुक्तियों जैसे अहम मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक किया जाएगा। धीरज प्रसाद साहू ने हाल ही में पुलवामा में घटित घटना को लेकर भी केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इसे सुरक्षा तंत्र की विफलता बताया।

# मगध माइंस में ब्लास्टिंग से ग्रामीण भयभीत, सुरक्षा की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** मगध सीसीएल माइंस में बीते दिनों भीपीआर कंपनी द्वारा हुए कोयला ब्लास्टिंग से ग्रामीण भयभीत हैं। आरा के ग्रामीणों ने सीसीएल व जनप्रतिनिधि के साथ पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव की अध्यक्षता में बैठक कर समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया। बैठक में मुख्य रूप से मगध सीसीएल एरिया मैनेजर राकेश कुमार के अलावा भाजपा बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिप सदस्य प्रियंका देवी व ग्राम के सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद थे। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि मगध सीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनी भीपीआर द्वारा गृह आवास से महज 150 मीटर की दूरी पर हेवी ब्लास्टिंग करने का आरोप लगाया। कहा कि ब्लास्टिंग से घर पूरा हिल गया। कोयला का बड़ा-बड़ा क्रिस्टल घर तक उड़कर गिर गया है, जिससे ग्रामीण बाल-बाल बचे। इस तरह के ब्लास्टिंग से ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीणों ने सीसीएल पर स्वास्थ्य और शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं देने व पीने योग्य साफ पानी का व्यवस्था नहीं होने से आपत्ति जताई। मौके पर मौजूद सीसीएल मैनेजर राकेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ब्लास्टिंग जैसी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। कुछ महीनों में ग्रामीण विस्थापित को विस्थापित क्षेत्र आर एंड आर साइट पर उचित व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया। साथ ही भीपीआर कंपनी में कुछ स्थानीय लोगों को प्राइवेट काम दिलाने की भी बात कही। मौके पर मौजूद जिप सदस्य प्रियंका देवी ने कहा कि जब तक सीसीएल ग्रामीणों को सुरक्षा व्यवस्था नहीं देती है, तब तक सीसीएल ब्लास्टिंग ना करें। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि अगर ग्रामीणों के समस्या का निराकरण शीघ्र नहीं होता है तब क्रमबद्ध आंदोलन करेंगे। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावा ग्रामीण मुकेश साव, आशीष राम, तुलसी प्रसाद, रवि प्रकाश, सुबोध कुमार, बासदेव साव, बलदेव साव, प्रेम साव, मुंशी साव,प्रकाश भुइयां अनिल भुइयां, झूबर यादव,भोला कुमार अंजू देवी, कांति देवी ,अनीता देवी सहित सैकड़ों महिला- पुरुष मौजूद थे।

## विधायक मोंगर पंचायत पहुंच ग्रामीणों से हुए रू-ब-रू



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** भाजपा विधायक प्रकाश राम ने रविवार को मोंगर पंचायत के विभिन्न गांव टोला का भ्रमण कर आम ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके विभिन्न जन समस्या से अवगत हुए। इस दौरान विभिन्न टोला के ग्रामीणों ने समस्याओं से संबधित आवेदन विधायक को सौंपा। मौके पर विधायक ने त्वरित कारवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान कराया। कुछ मामला से संबंधित आवेदन को जल्द समाधान करने का निर्देश संबधित पदाधिकारियों को दिया। मौके पर विधायक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस उद्वेश्य से मुझे विधान सभा भेजा है, उनकी समस्या का निराकरण करना हमारा संकल्प है। क्षेत्र की जनता अपनी समस्या को बेधड़क मुझ तक पहुंचाने का कार्य करे। समाधान कराना मेरा कार्य है। मौके पर भाजपा नेता पवन कुमार ने बताया कि विधायक पंचायत भ्रमण के क्रम में मोंगर, विशुनपुर, केडू, हरखा, घुटुआ समेत विभिन्न गांव का भ्रमण किया। वहां मुख्य रूप से पीने का पानी, पटवन के लिए सिंचाई की व्यवस्था, सड़क, नाली समेत विभिन्न जन समस्या से संबधित ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया।

उन्होंने बताया कि 75 फीसदी समस्या का समाधान मौके पर करा दिया गया। 25 फीसदी समस्या का समाधान का संबधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, पिंटू रजक, देवेंद्र राम, विनोद उरांव, अजय प्रसाद, संत गुप्ता, विशाल चंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, आनंदी सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# जेएनवी में कड़ी सुरक्षा के बीच मेडिकल नीट प्रवेश परीक्षा हुआ

- आयोजित मेडिकल नीट 2025 की प्रवेश परीक्षा में 240 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया
- परीक्षा केंद्र से 200 मीटर की दूरी तक निषेधाज्ञा लागू था

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा–लोहरदगा।** मेडिकल में दाखिला को लेकर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारियां लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में ही पूर्ण कर ली गई थी। और निर्धारित तिथि के अनुसार 4 मई रविवार को 11 बजे पूर्वाह्न से प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों का परीक्षा प्रारम्भ हो गया था। परीक्षा से पूर्व दंडाधिकारी व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मेडिकल नीट के अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र व आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया। वही जिला में मेडिकल नीट प्रवेश परीक्षा के लिए सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में बनाया गया था। वही परीक्षा आयोजित से पूर्व शनिवार शाम को जिला के उपायुक्त डॉ0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के साथ मिलकर निरीक्षण किया गया था।

साथ ही उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा कर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया था। वही परीक्षार्थियों ने निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पंहुच कर शांति पूर्वक मेडिकल नीट का परीक्षा दिया। आयोजित मेडिकल नीट 2025 की प्रवेश परीक्षा में 240 छात्र-छात्राओं ने प्रखंड क्षेत्र स्थित पीएम जवाहर विद्यालय जोगना में परीक्षा दिया। शांति पूर्वक कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। परीक्षा सेंटर में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात की गई थी। तथा परीक्षा केंद्र से 200 मीटर की दूरी तक निषेधाज्ञा लागू था। मेडिकल नीट परीक्षा के लिए जिला में पहली बार सेंटर बनाई गई थी। जिले में होम सेंटर होने के कारण परीक्षार्थियों को परेशानी नहीं हुई और परीक्षा को लेकर परीक्षार्थी खुश नजर आये।वही अभिभावक भी अपने बच्चे बच्चियों से नीट परीक्षा में बेहतर रिजल्ट लाने की उम्मीद जताए हुए हैं।वही कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक कदाचारमुक्त सम्पन्न हुआ।

# सेवा भारती के साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर में 36 लोगों ने इलाज कराया

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** सेवा भारती के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 151 वां सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 36 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की सेवा ही परमो धर्म है और हमें यहां आकर बहुत आनंद आता है और कहा की अपने स्वास्थ की जांच कराते रहना चाहिए सुखी जीवन स्वस्थ शरीर रहने से ही मिल सकता है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वस्थ शरीर रहने पर ही जीवन जीने का आनंद है नहीं तो सभी चीजें व्यर्थ है। कहा की डॉक्टर कुमुद अग्रवाल इस शिविर में लगातार अपना सेवा देते आ रहे हैं इनके द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की जितनी सराहना की जाए कम है। सह सचिव संजय चौधरी व सुबोध प्रसाद महतो ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर और अपने उक्त बीमारियों का यहाँ डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनकी सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। शिविर में अंजलि सर्राफ, अमित बांका, अतुल सर्राफ, मुकेश कुमार गुप्ता, राजू कुमार सिंह, सोनी देवी, गोपाल महतो, श्याम सुंदर कुमार, शिमला देवी, अशोक साहू, डोमन चंद्राकर कर्मकार, दीपक श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# संगठन की शक्ति हैं कार्यकर्ता बेहतर कार्य करने वाले को किया जाएगा पुरस्कृत : धीरज साहू




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बेतला पार्क सभागार में संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी को जिला से लेकर पंचायत स्तर तक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किए गए साथ ही आगामी 6 मई को रांची में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संविधान बचाओ महारैली को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह लातेहार जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की कार्यकर्ता संगठन की शक्ति होते हैं आज हम प्रदेश में जहां भी चुनाव जीते हैं तो उसका श्रेय सर्वप्रथम हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं को जाता है। इसलिए जिला से पंचायत स्तर तक संगठन की मजबूती निष्ठावान कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है आने वाले समय में मैं खुद प्रखंड स्तर पर दौरा करूंगा और संगठन की मजबूती हेतु जो भी कार्यकर्ता अच्छा कार्य करेंगे। उन्हें पार्टी की ओर से पुरस्कृत करूंगा, इसके साथ ही श्री साहू ने कहां की आगामी 6 मई को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रांची में आयोजित संविधान बचाओ महारैली में सभी मंडल अध्यक्ष एवं सभी मोर्चा के अध्यक्ष सभी कार्यकर्ताओं के साथ रांची पहुंच कर महारैली को सफल बनाए। इस मौके पर मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह लातेहार जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव, लोहरदगा विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,अजय नाथ शाहदेव, हातिम अंसारी, निश्चय वर्मा, ऐनुल अंसारी, कमरूल इस्लाम, के साथ लातेहार जिला कांग्रेस कमिटी के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित हुए।

## लोहरदगा मंडल कारा का न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने किया निरीक्षण

# बंदियों से की मुलाकात, जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं की भी सराहना

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने शनिवार को लोहरदगा मंडल कारा का निरीक्षण किया। उनके साथ झालसा, रांची की सचिव सदस्य रंजना अस्थाना भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में अनुशासन, स्वच्छता और सुधारात्मक गतिविधियों को देखकर उन्होंने जेल प्रशासन की सराहना की। निरीक्षण की शुरुआत कारा कक्षपालों द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर से हुई। इसके बाद प्रभारी कारापाल सुबोध कुमार और प्रभारी अधीक्षक एसडीओ अमित कुमार ने न्यायमूर्ति और झालसा सचिव का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अधीक्षक कार्यालय में कारा पदाधिकारियों और कर्मियों से परिचय के बाद बंदियों की उपस्थिति, लंबित मामलों और जेल में दी जा रही सुविधाओं पर चर्चा की गई। पुरुष एवं महिला बंदियों ने पारंपरिक नृत्य और स्वागत गीत प्रस्तुत कर सम्मानपूर्वक मंच तक पहुंचाया। इस दौरान मंचीय कार्यक्रम में एसडीओ अमित कुमार ने न्यायमूर्ति, झालसा सचिव सदस्य, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा, उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा तथा पुलिस अधीक्षक हारीस बिन जमा को स्मृति चिह्न स्वरूप पौधा गमला भेंट किया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने बंदियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके मामलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक माह दो बार प्रेरणादायक और देशभक्ति पर आधारित फिल्मों के प्रदर्शन का सुझाव दिया। जिससे बंदियों के मानसिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा मिल सके। पुरुष वार्ड के निरीक्षण के क्रम में सभी वार्डों के बाहर पौधारोपण के निर्देश दिए गए। महिला वार्ड में रह रहीं बंदियों और उनके साथ रह रहे बच्चों के लिए दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने जेल प्रशासन के कार्यों की सराहना की। केसों से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर उन्होंने डालसा द्वारा प्रतिनियुक्त अधिवक्ताओं को न्यायसंगत और संवेदनशील सहायता देने के निर्देश दिए। कारा पुस्तकालय और बंदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं का अवलोकन करते हुए न्यायमूर्ति ने बंदियों की रचनात्मकता की प्रशंसा की। उन्होंने एक हस्तनिर्मित हैंडबैग खरीद कर प्रोत्साहन दिया और निर्देशित किया कि इन वस्तुओं को जेल परिसर के बाहर स्टॉल लगाकर बेचा जाए और प्राप्त राशि को बंदियों के खातों में स्थानांतरित किया जाए। इसके बाद जेल परिसर में न्यायमूर्ति, झालसा सचिव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा वृक्षारोपण किया गया, जो पर्यावरण के प्रति कारा प्रशासन की जागरूकता का प्रतीक है। कानूनी सहायता केंद्र पीएलएसी का निरीक्षण कर न्यायमूर्ति ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और एलएडीसीएस प्रभारी को प्रभावी विधिक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी बंदी एवं जेलकर्मी शामिल हुए। लोहरदगा मंडल कारा केवल एक दंडस्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा संस्थान बन रहा है जो बंदियों के सुधार, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्रिय प्रयास कर रहा है। जेल प्रशासन की सुव्यवस्थित कार्यशैली, संवेदनशीलता और सुधारोन्मुख सोच के लिए न्यायमूर्ति ने विशेष रूप से प्रशंसा की और कहा कि यह संस्थान राज्य के लिए एक उदाहरण बन सकता है।

## बाल संसद चुनाव, विद्यालय में लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रयास : मधुमिता शर्मा

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती योजना अनुसार बाल संसद का चुनाव पूरी लोकतांत्रिक विधि से किया गया। बाल संसद विद्यालय के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। भैया -बहनों के माध्यम से विद्यालय में संचालित कार्यक्रम की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए बाल संसद का गठन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिससे बच्चों में नेतृत्व की क्षमता विकसित होती है। चुनाव प्रक्रिया के लिए भैया-बहनों को संबोधित करते हुए आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक विधि से बाल संसद का गठन किया जाना चाहिए।भैया-बहनों में नेतृत्व क्षमता का विकास होने से भविष्य में उनके व्यक्तित्व का विकास होता है।प्रभारी मधुमिता शर्मा ने कहा कि बाल संसद चुनाव विद्यालय में लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास की प्रकिया का प्रयास करती है। विद्यालय के माध्यम से भैया -बहन आने वाले भविष्य में चुनावी पद्धति को सीख सकते हैं। मौके पर उपस्थित चुनावी पर्यवेक्षक मधुमिता शर्मा, चुनावी सर्वाधिकारी प्रमेंद्र सिंह, पीठासीन अधिकारी जया मिश्रा ,सामग्री कोषांग श्वेता संदेश, विकास भारती। कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया-बहनों ने काफी उत्सुकता के साथ चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया।

# जातीय जनगणना सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा : सूरज अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना के निर्णय का आजसू पार्टी के द्वारा स्वागत किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि पार्टी वर्षों से जातीय जनगणना की माँग करती आई है। राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने से लेकर विभिन्न आंदोलनों तक, पार्टी ने जातीय जनगणना को लेकर निरंतर आवाज़ बुलंद की है। जातीय जनगणना से देश की सामाजिक संरचना को समझने का अवसर मिलेगा और इससे समाज के सभी वर्गों के लिए उपयुक्त नीतियाँ बनाई जा सकेंगी। यह महज़ एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव और न्याय का आधार है। सूरज अग्रवाल ने कहा कि कुछ दल केंद्र सरकार के इस निर्णय को अपने दबाव का परिणाम बता रहे हैं। जबकि वे स्वयं अपने राज्यों में इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए। विशेष रूप से झारखंड सरकार के पास वंचित वर्गों के आंकड़े तक उपलब्ध नहीं हैं, और ट्रिपल टेस्ट की अनुपलब्धता के कारण स्थानीय निकाय चुनाव दो वर्षों से स्थगित हैं। केंद्रीय महासचिव अंजू देवी ने कहा कि जातीय जनगणना से महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति के गहराई से मूल्यांकन का मार्ग खुलेगा, जिससे नीति निर्धारण में महिलाओं की भूमिका और भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने इसे समाज में समता, न्याय और समावेशी विकास के लिए क्रांतिकारी पहल बताया। केंद्रीय सदस्य जहांगीर आलम ने कहा कि जातीय जनगणना के अभाव में पिछड़े समुदायों के लिए प्रभावी नीतियाँ बनाना कठिन है। केंद्रीय सदस्य रामकुमार महतो ने इसे पार्टी की वर्षों की माँग और संघर्ष की सफलता बताया। जिला प्रवक्ता सागर कुमार वर्मा ने कहा कि यह निर्णय आजसू पार्टी की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और दीर्घकालिक संघर्ष का परिणाम है। आजसू पार्टी का मानना है कि यह जनगणना केवल आंकड़े नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण और नीति निर्माण की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इससे योजनाओं का लाभ वंचितों तक प्रभावी रूप से पहुँच सकेगा। नगर कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि जातीय जनगणना न केवल समाज को आँकने का कार्य है, बल्कि देश को दिशा देने वाला परिवर्तन होगा।

## सूंड़ी समाज के नए अध्यक्ष बने रितेश साहू, सचिव पंकज साहू

**लोहरदगा।** सूंड़ी समाज का आम बैठक स्थानीय गीतांजली पैलेस, कुटमु में वर्तमान अध्यक्ष, नंदकिशोर साहू जी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे पुरानी ज़िला समिति को भंग करते हुए अगले तीन वर्ष के लिये नयी ज़िला समिति का गठन उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से किया। जिसमे रितेश साहू अध्यक्ष चुने गये, सचिब बने पंकज साहू, सह सचिव राजीब रंजन, कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू ,सह कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू तथा उपाध्यक्ष बैजनाथ साहू' गुड्डुस, मीडिया प्रभारी विनय साहू' बने। बैठक में नई समिति के पदाधिकारी तथा संरक्षकों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि एक महीने के अंदर सूंड़ी समाज, लोहरदगा का पंजीकरण करवा लिया जाएगा ततपश्चात समाज का आधुनिक तौर तरीके एक विकसित धर्मशाला निर्माण, वैवाहिक परिचय सम्मेलन, समाज के होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति तथा विभिन्न प्रतिष्ठित पदों में नव नियुक्त युवाओं का सम्मान समारोह भी जल्द किया जायेगा।

# कांग्रेस का जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली स्थगित

## 06 मई को संविधान बचाओ महारैली में शामिल होंगे लोहरदगा के कांग्रेसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में आहूत की गई। इस बैठक में आगामी 6 मई को रांची स्थित पुराना विधानसभा मैदान में संविधान बचाओ महारैली को लेकर समन्वय समिति के सदस्यों, प्रखंड अध्यक्षों, एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों से आवश्यक विचार विमर्श किया गया। उक्त महारैली में लोहरदगा जिला से हजारों कांग्रेसी भाग लेंगे। इसके लिए सभी को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि विगत दिनों केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा जाति जनगणना कराने का कैबिनेट से मंजूरी लिया गया यह कांग्रेस की बड़ी जीत है हमारे नेता राहुल गांधी जी ने देशवासियों से वादा किया था कि हम जाति जनगणना करा कर ही रहेंगे और उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार को बाध्य किया। निश्चित रूप से जाति जनगणना हो जाने से देश के करोड़ों लोगों को उनका अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि रांची में संविधान बचाव महारैली ऐतिहासिक होगा और इस रैली को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल झारखंड प्रभारी के राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत कई वरिष्ठ राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा निर्देशित जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली जो 10 मई को निर्धारित था उसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। जिला स्तरीय रैली के लिए जल्द ही तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, सेवा दल के प्रदेश महासचिव प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल डुंगडुंग, अनीस अहमद, जुगल भगत, सत्यदेव भगत दिनेश गुप्ता,नन्दू शुक्ला, मोज्जमिल अंसारी, प्रकाश उरांव, संतोष महतो, यासीन अंसारी, राजेश लाल, मोजाहिर अंसारी, रशीद अंसारी, मनौव्वर आलम, समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# अंबेडकर जी को भारत रत्न उस समय दिया जब भाजपा समर्थित विपिन सिंह की सरकार थी : बिंदेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने और उनके प्रति सम्मान भाव को सशक्त करने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा चलाए जा रहे अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत लोहरदगा में रविवार को व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू, नगर उपाध्यक्ष अशोक कसकर, सत्यम कुमार और चंदन गोप ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोहरदगा शहर के बरवाटोली समेत विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया और डॉ. अंबेडकर की विचारधारा, योगदान और विरासत पर चर्चा की। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न देने का निर्णय भाजपा समर्थित वी.पी. सिंह सरकार ने लिया था, जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने लंबे समय तक उनके योगदान की अनदेखी की। भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि संसद भवन में डॉ. अंबेडकर का चित्र लगाने के प्रस्ताव को कांग्रेस ने यह कहकर ठुकरा दिया था कि "संसद में जगह नहीं है"। इस अवसर पर बिंदेश्वर उरांव ने कहा, "कांग्रेस ने वर्षों तक डॉ. अंबेडकर के विचारों को हाशिये पर रखा और आज वही पार्टी उनके नाम पर राजनीति कर रही है। भाजपा ने न केवल उन्हें भारत रत्न दिलवाया, बल्कि उनके विचारों को जमीनी स्तर तक ले जाने का संकल्प भी निभाया है। भाजपा ही संविधान की असली रक्षक है और डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सपनों को साकार करने में सबसे आगे है।"भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि कांग्रेस संविधान को लेकर लोगों में जानबूझकर भ्रम फैला रही है, जबकि भाजपा संविधान की मूल भावना और डॉ. अंबेडकर के आदर्शों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अभियान के दौरान आम नागरिकों ने भी डॉ. अंबेडकर के प्रति गहरी आस्था जताई और उनके विचारों को आत्मसात करने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि डॉ. अंबेडकर किसी एक दल या वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्रोत हैं। भाजपा का यह अभियान केवल राजनीतिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है जो देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और सामाजिक समरसता को मजबूती देने की दिशा में एक ठोस पहल है।

## संसद भवन में डॉ. अंबेडकर का चित्र लगाने से कांग्रेस ने किया था इनकार : पवन तिग्गा

**लोहरदगा।** भाजपा के नेता पवन तिग्गा के नेतृत्व में आज तिगरा गांव (तिगरा पंचायत) में "अंबेडकर सम्मान अभियान" के तहत एक व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना और सामाजिक समरसता व न्याय की भावना को प्रोत्साहित करना था। पवन तिग्गा ने कहा कि कांग्रेस ने ऐतिहासिक रूप से डॉ. अंबेडकर के योगदान की उपेक्षा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने संसद भवन में डॉ. अंबेडकर का चित्र लगाने से भी इनकार किया था। उन्होंने यह भी कहा कि 1951 में कांग्रेस द्वारा हिंदू कोड बिल का विरोध किए जाने पर डॉ. अंबेडकर को केंद्रीय कानून मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था, जो कांग्रेस की विचारधारा के प्रति उनके विरोध का स्पष्ट संकेत है। तिग्गा ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डॉ. अंबेडकर के विचारों को सम्मान और क्रियान्वयन मिला है। मोदी सरकार ने 26 नवंबर को "संविधान दिवस" घोषित किया, जो संविधान निर्माता के प्रति सम्मान का प्रतीक है। साथ ही, स्टैंड अप इंडिया, पीएम आवास योजना जैसी योजनाएं बाबा साहब की समावेशी भारत की परिकल्पना को साकार करती हैं।

# अंजुमन इस्लामिया के अदलिया कमिटी ने किया 4 विभिन्न मामलों का निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के अदलिया कमिटी द्वारा रविवार को अंजुमन कार्यालय में सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू, नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, सहसचिव अनवर अंसारी, ऑफिस सेक्रेटरी मौलवी अबुल कलाम तैगी, मोहम्मद यासीन कुरैशी, मो. दानिश अली एवं असगर तैगी की उपस्थिति में अदलिया में विभिन्न चार विवादों का निपटारा किया गया। पहले मामले में लोहरदगा न्यू रोड निवासी अमजद खान एवं उसकी पत्नी बालूमाथ (लातेहार) निवासी समीना खातून के बीच विवाद को सुलझाते हुए सभी लेन-देन क्लीयर कराया गया। दूसरा मामला लोहरदगा जिले के कुड़ू निवासी साबिर अंसारी एवं कुड़ू निवासी सफीक अंसारी के बीच जमीन को लेकर चली आ रही विवाद को आपसी सुलहनामे के साथ सुलझाए गए।

उसी तरह तीसरा मामला लोहरदगा शहरी क्षेत्र निवासी साबिर खलीफा एवं अन्य के बीच चली आ रही विवाद को आपसी सहमति बनाकर विवाद का निपटारा किया गया। जबकि चौथा मामला लोहरदगा जिले अंतर्गत किस्को परहेपाट निवासी पति-पत्नी के बीच के विवाद को सुलझाते हुए निपटारा किया गया। मौके पर सदर अब्दुल रउफ अंसारी एवं सचिव शाहिद अहमद ने लोहरदगा जिले के मुसलमानों से आग्रह किया है कि अपने आपसी विवादों को थाना, कोर्ट कचहरी से पहले कोशिश करें कि अपने-अपने अंजुमन से संपर्क कर मामलों का निपटारा कराएं।

अगर वहां भी मामले का निपटारा नहीं हो पाए, तो निःसंकोच लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के अदलिया में आएं, इंसा अल्लाह सभी तरह के मामलों का निपटने की कोशिश होगी।

# सक्रिय हुए ड्रग्स माफिया घाघरा बन रहा नशे का हब बर्बाद हो रहे हैं युवा व स्कूली छात्र

नवीन मेल संवाददाता



## घाघरा थाना क्षेत्र बना नशे का हब

इस मामले में घाघरा पुलिस बिल्कुल चुप्पी साधे हुए हैं ऐसा नहीं है कि ड्रग्स तस्करों के नेटवर्क की जानकारी पुलिस को नहीं है। न जाने पुलिस के साथ क्या मजबूरी है जो इनके ऊपर हाथ डालने से डर रही है। अगर समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो घाघरा भी उड़ता पंजाब होने से नहीं बच पाएगा।

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र धीरे धीरे नशे का हब बनता जा रहा है।कहते हैं कि किसी भी समाज और देश का भविष्य वहां के युवा तय करते हैं लेकिन जब यही हुआ रास्ता भटक कर नशे की चपेट में आ जाए तो सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि समाज एवं देश का भविष्य किस दिशा में जा रहा है।यह पंक्तियां आज के भटके हुए युवाओं पर बिल्कुल सटीक बैठती है।नशे की लत के कारण आज के युवा अपने परिवार समाज एवं देश का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं साथ ही समय से पहले अपना सेहत बर्बाद कर मौत की तरफ तेजी से बढ़ रहे है। इनके परिवार को मानसिक एवं आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। घाघरा में इन दिनों छोटे-छोटे स्कूली बच्चे एवं युवा ड्रग्स जैसी घातक नशे की चपेट में तेजी से आ रहे हैं। ड्रग्स की सहज उपलब्धता इन्हें नशे की खाई में तेजी से ले जा रही है।

ड्रग्स तस्करों का एक सुनियोजित एवं सशक्त नेटवर्क स्कूली छात्रों एवं युवाओं को ड्रग्स जैसी नशा का आदि बना रहा है। यह लोग पहले अपने पैसे पर फ्री में पिलाते हैं आदत लग जाने के बाद ये लोग इन्हीं लड़कों से मोटी रकम वसूलते हैं। इनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि यह पुलिस से बचने के लिए महिलाएं एवं बच्चों का सहारा ले रहे हैं।बीते दिनों घाघरा पुलिस ने दो अलग-अलग गाड़ियों से दो क्विंटल से ऊपर गांजा बरामद किया था इसके बावजूद भी ड्रग्स का कारोबार घटने की बजाय बढ़ता जा रहा है। ब्राउन शुगर जैसे जानलेवा ड्रग्स की खेप पड़ोसी जिलों से मांगकर घाघरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बेची जा रही है। एक चुटकी ब्राउन शुगर की कीमत लगभग 500 है। युवा सही गलत तरीके से पैसा लाकर यह पुड़िया खरीदते हैं। कल जब पीने के लिए पैसा मिलना बंद हो जाएगा तो यही युवा अपनी जरूरतो को पूरी करने के लिए चोरी लूटपाट जैसे संगीन अपराध करने से पीछे नहीं हटेंगे।

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# योजनाओं की प्रगति व सेवाओं में सुधार पर दिया जोर : डीसी



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिला स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड निर्माण, प्रखंडवार स्वास्थ्य उप केंद्रों के निर्माण कार्य, तथा नवनिर्मित भवनों के हस्तांतरण की अद्यतन स्थिति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि नीति आयोग के इंडिकेटरों जैसे – एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, चाइल्ड इम्यूनाइजेशन, फैमिली प्लानिंग, ई-संजीवनी आदि की नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए।

बैठक में सिकल सेल जांच की धीमी प्रगति पर भी उपायुक्त ने चिंता जताते हुए सभी शेष लाभुकों की शीघ्र जांच सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब तक कितने लोगों की जांच हुई है, इसका विस्तृत ब्योरा तैयार किया जाए और बाकी लोग अपने नजदीकी केंद्रों में जाकर जांच कराएं। स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं जैसे – टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, डिस्ट्रिक्ट ग्रिवांस रिड्रेसल कमिटी, हॉस्पिटल मेंटेनेंस, अबुवा स्वास्थ्य योजना, मिशन इंद्रधनुष, यू-विन पोर्टल, एचएमआईएस पोर्टल की भी समीक्षा की गई।

इस मौके पर गुमला सदर अस्पताल की सुविधाओं में सुधार के लिए नागरिकों से लिए गए सुझावों में से चुने गए 5 सुझावदाताओं—अभिषेक कुमार सिंह (रायडीह), शेखर कुमार गुप्ता (पालकोट रोड), दीपक साहू (शास्त्री नगर), गुलाम सरवर (टोटो), और अनूप राज (सिसई)—को उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में सिविल सर्जन, विभागीय चिकित्सा पदाधिकारी, तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तेलंगाना सुरंग हादसे में फंसे मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिला आर्थिक सहायता



**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार के श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन गुमला ने तेलंगाना सरकार और नागरकुरनूल प्रशासन के सहयोग से एक बड़ी पहल करते हुए शुक्रवार को गुमला समाहरणालय सभागार में तेलंगाना सुरंग हादसे में फंसे गुमला जिले के चारों मजदूरों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। तेलंगाना राज्य से आए प्रशासनिक पदाधिकारियों और उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने यह चेक परिजनों को सौंपा और उन्हें ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि रेस्क्यू अभियान पूरी ताकत से जारी है। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंईया सम्मान योजना व पेंशन योजनाओं का भौतिक सत्यापन



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर के दस ग्राम पंचायतों में मंईया सम्मान योजना और विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस पहल का उद्देश्य योजनाओं के लाभार्थियों की सटीकता सुनिश्चित करना और सरकारी सहायता का सही तरीके से वितरण करना है। पंचायत सचिव, मुखिया एवं आंगनबाड़ी सेविका की टीम ने समुदाय के सभी सदस्यों के साथ मिलकर यह सत्यापन कार्य किया। इस कार्यक्रम में सभी लाभार्थियों को अपने आवश्यक दस्तावेज़ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सत्यापन प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग दिया। मईया सम्मान योजना अर्पित सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य 18 वर्ष से लेके 49 वर्ष के महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। वहीं, पेंशन योजनाएं वृद्धजनों को आर्थिक सहायता देने के लिए बनाई गई हैं। इस भौतिक सत्यापन के दौरान ग्राम पंचायत के सदस्यों ने लाभार्थियों से उनकी समस्याओं और सुझावों के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया ने कहा, "हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम यह सुनिश्चित करें कि जो लोग हमारी योजनाओं के लाभार्थी हैं, वे वास्तव में जरूरतमंद हैं। यह सत्यापन प्रक्रिया हमें योजनाओं की पारदर्शिता को बढ़ाने में मदद करेगी।"सत्यापन प्रक्रिया का आयोजन सभी ग्राम पंचायतों में किया गया, जो इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय प्रशासन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के प्रति गंभीर है। इस प्रकार की पहल से ग्रामीण समुदाय में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना भी संभव हो सकेगा। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से उन्हें अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के सामने रखने का अवसर प्राप्त होता है। इस सत्यापन की सफलता से यह स्पष्ट होता है कि चैनपुर प्रखंड प्रशासन अपने लोगों के साथ मिलकर काम कर रहा है, जिससे गांवों में विकास और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। इस कार्य में पंचायत सचिव, मुखिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही, और वे ग्रामीणों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में तत्पर रहे हैं।

## निर्माणाधीन शिव मंदिर में सीपेज से ग्रामीणों में आक्रोश

### आरकेडी कंपनी पर अनियमितता का आरोप



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 पलमा-गुमला सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत तोड़े गए मंदिरों के पुनर्निर्माण कार्य में लापरवाही का मामला सामने आया है। भरनो ब्लॉक चौक स्थित निर्माणाधीन शिव मंदिर की छत से बारिश के दौरान पानी टपकने लगा, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

जानकारी के अनुसार, करीब 25 दिन पहले मंदिर की छत की ढलाई की गई थी। शनिवार को हुई हल्की बारिश में ही छत से पानी रिसने लगा, जिससे मंदिर परिसर में जलभराव हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही ने मौके पर पहुंचकर कहा कि आरकेडी कंपनी ने आस्था के केंद्र शिव मंदिर के निर्माण में अनियमितता बरती है। एक हल्की बारिश में छत से पानी टपकना इस बात का प्रमाण है कि ढलाई कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कंपनी को मंदिर को फिर से निर्माण करना होगा।

इस अवसर पर श्रीकांत केशरी, देवकुमार गुप्ता, चंद्रशेखर शाही, प्रमोद केशरी, टिंकू केशरी, हर्ष गुप्ता समेत कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मुरुमकेला का तृतीय वार्षिक उत्सव कलश यात्रा व अखंड हरिकीर्तन के साथ संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**पालकोट (गुमला)।** बघिमा पंचायत के मुरुमकेला गांव में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का तृतीय वार्षिक उत्सव 2 मई से 3 मई 2025 तक धार्मिक उत्साह व श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत पुजारी सतेंद्र मिश्रा एवं गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में कलश यात्रा से हुई। श्रद्धालुओं ने मुरुमकेला गांव से कोयल नदी, बगेसेरा तक जाकर गंगा पूजन किया और वहां से कलश में पवित्र जल भरकर मंदिर में स्थापना की।

इसके पश्चात मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन आरंभ हुआ, जिसमें भक्ति रस में सराबोर श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस धार्मिक उत्सव में मुख्य रूप से गोविंद बड़ाईक, बबलू साहू, हुलेश साहू, मनीनाथ बड़ाईक, बुधराम बड़ाईक, मनोज साहू सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु व समाजसेवी शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों की अहम भूमिका रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता की अद्भुत झलक देखने को मिली।

## गुमला में चोरों का आतंक : शादी में गए परिवार के बंद घर से नकदी और जेवरात उड़ाए

**गुमला।** जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और पुलिस की निगरानी पर सवाल खड़े कर रही हैं। ताजा मामला गुमला शहरी क्षेत्र के बैंक कॉलोनी दूंदूरिया का है, जहां अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए 57,000 रुपये नकद और करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात सहित कीमती सामान चुरा लिए। जानकारी के अनुसार, घर के मालिक पन्नू राय अपने परिवार के साथ रायडीह में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसी बीच चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नकदी, इनवर्टर, बैट्री, पंखा व बहुमूल्य जेवरात लेकर फरार हो गए। जब परिवार सुबह 6 बजे घर लौटा, तो घर का ताला टूटा हुआ मिला और सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है और अज्ञात चोरों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने व चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से शहरवासियों में दहशत का माहौल है और लोग पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग कर रहे हैं।

## मनरेगा के तहत आम बागवानी व कूप निर्माण का स्टेट टीम ने किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** मनरेगा योजनाओं की गुणवत्ता और प्रभाव का आकलन करने के उद्देश्य से शनिवार को नेहाल कुमार की अगुवाई में राज्य स्तरीय तीन सदस्यीय टीम ने भरनो प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने मनरेगा अंतर्गत चल रहे आम बागवानी और कूप निर्माण योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महूगांव, खरतंगा, लौंगा और आताकोरा गांव के लाभुकों—बिरसा उरांव, माया उरांव, मंगल उरांव, बिश्वजीत उरांव, लक्ष्मी उरांव, बिरसी उरांव और फोकला उरांव—द्वारा लगाए गए आम बागानों का जायजा लिया गया। टीम ने लाभुक किसानों से बातचीत कर यह जाना कि योजनाओं से उन्हें आर्थिक रूप से कितना लाभ मिल रहा है। स्टेट टीम ने किसानों को बागवानी के क्षेत्र में क्लस्टर सिस्टम के माध्यम से जोड़ने की बात कही ताकि सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा दिया जा सके। साथ ही, टीम ने किसानों को योजनाओं से जुड़े तकनीकी और व्यावसायिक पहलुओं की जानकारी भी दी। इस मौके पर एई वसीम अंसारी, कनीय अभियंता नवीन कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम नीलकंठ कच्छप, संध्या कुमारी और कई मनरेगा लाभुक उपस्थित रहे।

### गुमला बनेगा झारखंड का पहला पूर्ण सिकल सेल स्क्रीनिंग जिला

# प्रशासन ने नागरिकों से की जांच कराने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ निर्णायक अभियान में जुटा है। इस गंभीर और वंशानुगत रक्त विकार से खासकर आदिवासी समुदाय प्रभावित हो रहा है, जो जिले की लगभग 70% आबादी है। जिले में हर 86वें बच्चे के जन्म के साथ एक सिकल सेल रोगी सामने आ रहा है, जिससे इसकी गंभीरता और स्पष्ट हो जाती है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण एवं राज्य सरकार की पहल पर जिले में बड़े पैमाने पर "कुंडली मिलाओ ना मिलाओ, सिकल सेल जांच जरूर कराओ" अभियान चलाया जा रहा है। एसपीएमसीआईएल कोलकाता और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से चल रहे इस अभियान के अंतर्गत 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के 8,51,054 लोगों की जांच का लक्ष्य तय किया गया है।

2 फरवरी 2025 तक 7,04,736 लोगों की जांच पूरी की जा चुकी है, जो झारखंड के किसी भी जिले की तुलना में सर्वाधिक है। अब प्रशासन शेष नागरिकों से अपील कर रहा है कि वे 31 मई 2025 तक अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र या जिला अस्पताल में जाकर सिकल सेल की जांच कराएं, ताकि गुमला शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग वाला राज्य का पहला जिला बन सके। सिकल सेल रोग लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित कर तीव्र पीड़ा, अंग क्षति और जीवन प्रत्याशा में कमी का कारण बनता है। सरकार ने इस रोग से पीड़ित मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र घोषित किया है ताकि वे जरूरी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समय पर जांच और निदान से इस रोग को नियंत्रित किया जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखा जा सकता है। नागरिकों से अपील है कि वे इस जनस्वास्थ्य अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने परिवार एवं समाज के भविष्य को सशक्त बनाएं।

## पेड़ से टकराई बाइक, 12 वर्षीय अमृत उरांव की मौके पर मौत, पिता गंभीर

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन सीमानी बोरांग मोड़ के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में जमटी नवाटोली निवासी 12 वर्षीय अमृत उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता संतोष उरांव (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार, पिता-पुत्र साप्ताहिक हाट में खरीदारी के बाद बनालात से बाइक से लौट रहे थे। तीन सीमानी बोरांग मोड़ के पास बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अमृत की मौके पर ही मौत हो गई।

## न्यूज बॉक्स

### कोएना गांव में एसडीओ का दौरा जादू-टोने की शिकायत पर पारिवारिक विवाद का हुआ खुलासा



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगाड़ थाना क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर पूर्णिमा कुमारी द्वारा चैनपुर प्रखंड के बारीडीह पंचायत अंतर्गत कोएना गांव का दौरा किया गया। ज्ञात हो कि कल दिनांक 3 मई 2025 को यह सूचना मिली थी कि उक्त टोले में कुछ ग्रामीणों द्वारा कथित तौर पर टोले के ही किसी व्यक्ति पर जादू-टोना करने सम्बन्धी शिकायत की गई थी। आज अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी द्वारा उक्त टोले में जाकर मामले की छानबीन करने के उपरांत ज्ञात हुआ कि यह पारिवारिक विवाद का मामला है। और इस पारिवारिक विवाद को जादू-टोना से जोड़ दिया गया। इस मामले में एसडीओ चैनपुर द्वारा आज सुबह ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। वर्तमान में उक्त टोले में स्थिति सामान्य है।इस बैठक के उपरांत एसडीओ, चैनपुर ने उक्त टोले में भ्रमण कर वहां उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उक्त टोले में बोरिंग खराब है जिसके कारण पेयजल की समस्या है। इसके साथ ही यहां बिजली की समस्या भी है। सोलर पैनल के जरिए बिजली उपलब्ध कराई गई है,लेकिन वर्तमान में वह सोलर पैनल खराब है। इसके अतिरिक्त यहां अबूआ आवास की भी जानकारी ली गई। बताया गया कि छूटे हुए लोगों का आवास हेतु सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। भ्रमण उपरांत एसडीओ द्वारा पेयजल एवं बिजली की समस्या के लिए जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए गए।इस दौरान अंचल अधिकारी दिनेश कुमार,कुरूमगढ़ थाना प्रभारी, मुखिया ईश्वर खेश, महिला पर्यवेक्षिका एवं ग्रामीण वहां उपस्थित थे।

### भरनो में भाजपा मंडल की अहम बैठक संपन्न संगठन विस्तार और मजबूती पर जोर

**भरनो (गुमला)।** भाजपा कार्यालय भरनो के समीप भाजपा मंडल भरनो की एक आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व आईजी डॉ. अरुण उरांव उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन विस्तार को लेकर प्रदेश स्तर से मिले निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया और तय समयसीमा में सभी कार्यों को पूरा करने की बात कही। डॉ. उरांव ने संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए भरनो मंडल में नए मंडल अध्यक्ष के चयन को लेकर कार्यकर्ताओं से सलाह-मशविरा किया। साथ ही सभी शक्तिकेंद्र प्रभारियों को दो दिनों के भीतर बूथ कमिटी का फॉर्मेट भरकर मंडल अध्यक्ष को सौंपने का निर्देश दिया। बैठक में मंडल प्रभारी लाला मोहन साहू, संतोष कुमार पंडा, अशोक कुमार केशरी, पारस नाथ उरांव, नेसार खान, चंद्रमोहन महतो, शिव सिंह, अभिमन्यु सिंहा, दयानंद पूरी, श्रीकांत प्रसाद केशरी, पीके सिंह, मुरारी केशरी, अभिषेक गुप्ता, दीपक केशरी, राजेश प्रसाद केशरी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 9 दिनों से लापता है चड़ी पाठ गांव का राजेश केरकेट्टा, परिजनों ने की सूचना देने की अपील

**गुमला।** गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत गुरदरी थाना क्षेत्र के रांगे गांव से 40 वर्षीय राजेश केरकेट्टा बीते 9 दिनों से लापता हैं। वह डुमरी थाना क्षेत्र के उदनी पंचायत स्थित चड़ी पाठ गांव का निवासी है। राजेश करीब एक माह पूर्व रांगे गांव में ईंट निर्माण कार्य करने आया था और वहीं काम कर रहा था। स्थानीय निवासी दीलबर खेरवार ने बताया कि 26 अप्रैल को गांव में सरहुल पर्व के अवसर पर वासी-तेवासी कार्यक्रम चल रहा था, उसी दौरान राजेश कुछ ग्रामीणों के साथ निकला और फिर लौटकर नहीं आया। न ही वह अपने घर चड़ी पाठ पहुंचा। परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा लगातार उसकी खोजबीन की जा रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में गुरदरी थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। लापता होने के वक्त राजेश ने हल्का लाल रंग की टी-शर्ट और नीचे शॉर्ट्स पहन रखा था। अगर किसी को वह दिखाई दे तो परिजनों ने निम्न मोबाइल नंबरों पर सूचना देने की अपील की है – 8987881607 / 7321932388। सूचना देने वाले को 1000 का इनाम देने की भी घोषणा की गई है।

### घाघरा कुआं में गिरने से 90 साल की वृद्धा की हुई मौत

**घाघरा।** घाघरा घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागड़ा निवासी सोमारी देवी 90 वर्षीय वृद्धा की मौत कुवाँ में डूबने से हो गयी। घटना रविवार अहले सुबह की है। घटना के बावत मृतक के परिजन सुरेंद्र उरांव ने बताया कि रविवार की सुबह वह उठ कर करीब साढ़े पांच बजे अपने कुएं की ओर गया तो देखा कि टार्च जल रहा है। टार्च जलता देख वह कुवें के करीब गया तो देखा कि सोमारी का शव कुवें के ऊपर तैर रहा है। सुरेंद्र ने घर वालों को इसकी सूचना दी। थाने को भी इसकी सूचना दी गई। पुलिस घटना स्थल पहुँच शव को कब्जे में कर पंचनामा करते हुवे पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि पैर फिसलने के कारण सोमारी कुएं में गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई।

### पुलिस और ग्रामीणों की सजगता से मिला खोया बैग, जगरनाथ राम ने जताया आभार

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड स्थित एक होटल में सिसई के मुर्गू गांव निवासी जगरनाथ राम अपना बैग भूलकर चले गए थे। बैग में मोबाइल फोन, कीमती गहने और नगद राशि भी रखी हुई थी। बैग को परसा, महुआटोली गांव निवासी सुरेंद्र उरांव ने होटल में पड़ा हुआ पाया और अपने पास रख लिया। इधर जगरनाथ राम अपने बैग की तलाश में भरनो पहुंचे और इसकी जानकारी पुलिस को दी। भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, एसआई मंटु चौधरी तथा स्थानीय ग्रामीण मीर आरिफ ने तत्परता दिखाते हुए संयुक्त प्रयास से बैग की खोज शुरू की और सुराग के आधार पर बैग को बरामद कर जगरनाथ राम को लौटा दिया। बैग सकुशल वापस मिलने पर जगरनाथ राम ने भरनो पुलिस और सहयोगी ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गुमला में मारवाड़ी समाज ने दिवंगत शारदा देवी को दी श्रद्धांजलि, समाजजन हुए शामिल



**गुमला।** मारवाड़ी समाज की ओर से पोद्दार स्मृति भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह सभा समाज के वरिष्ठ सदस्य राजकमल राजगढ़िया की माताजी शारदा देवी के आकस्मिक निधन पर आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता पवन अग्रवाल ने की। सभा की शुरुआत में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु एक मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात समाज के सदस्य स्व. शारदा देवी के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। वक्ताओं ने कहा कि शारदा देवी एक अत्यंत धार्मिक और संस्कारी महिला थीं, उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से राजकुमार अग्रवाल, गोविंद खंडेलवाल, श्रीकृष्णा नर्सरिया, बृज किशोर फोगला, दिनेश गाड़िया, पवन उदयपुरिया, आदित्य कुमार नसरिया, अमित कुमार साबू, संजय अग्रवाल, पवन कुमार शर्मा, सुरेश फोगला, अनिल कुमार अग्रवाल, अमित गाड़िया, जगदीश मालानी, हरि मालानी, मनीष शर्मा, शंकरलाल जाजोदिया, और प्रमोद कुमार गाड़ोदिया समेत अनेक समाजजन उपस्थित थे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारम्बार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

## संपादकीय

# सबसे स्वच्छ शहर में पीने के पानी का संकट

25 साल का होने जा रहा झारखंड अभी भी संक्रमण के दौर में है और विकास के मानक गढ़ना चाहता है जहां हर कोई बसना चाहता है पर इसे सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के वर्तमान स्थिति से सीख लेनी चाहिए। इंदौर में जलसकंट धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। गली में टैंकर पहुंचते ही लोगों की भीड़ पानी भरने के लिए लग जाती है। इंदौर नगर निगम का सबसे ज्यादा बजट पानी का है। 70 किलोमीटर दूर नर्मदा के तटबंधों से पहाड़ों की ऊंचाई चढ़कर नर्मदा का पानी इंदौर आता है। इसमें हर साल 100 करोड़ रुपए से ज्यादा बिजली का खर्च हो जाता है। यह देश की महंगी परियोजना में से एक है। इंदौर के लोगों को प्रदेश के दूसरे शहरों की तुलना में जलकर भी ज्यादा देना पड़ रहा है, लेकिन उसके बावजूद प्यास नहीं बुझ पा रही है। स्वच्छता में नंबर वन इंदौर के कई इलाके पानी के लिए तरस रहे है। इंदौर में नर्मदा का तीसरा चरण वर्ष 2030 के हिसाब से डिजाइन किया गया था, लेकिन अभी से पानी की मांग बढ़ गई है। प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह यह है कि नगर निगम में 29 गांव बढ़ गए। अब उन गांवों में भी नर्मदा पेयजल की डिमांड आ रही है। बाइपास की ज्यादातर टाउनशिप में नर्मदा लाइन नहीं पहुंच पाई है। शहर के सुपर कॉरिडोर में अभी सिर्फ टीसीएस और इंफोसिस जैसी कंपनियों को यशवंत सागर से सप्लाई हो रही है। कई कॉलोनियां बोरिंगों पर निर्भर है। एरोड्रम, भानगढ़, निरंजनपुर, लसुडिया जैसे कई क्षेत्र नर्मदा लाइन से जुड़े हैं। इन इलाकों में ही सबसे ज्यादा जलसंकट है, क्योंकि बोरिंगों के अधिक उपयोग के कारण वहां का भूजल स्तर भी प्रभावित हो रहा है। शहर के पुराने इलाके में भी जलसंकट छाया हुआ है। लाइने वर्षों पुरानी है और नलों में गंदा पानी आता है। लोगों ने खाली मटके फोड़कर विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि नलों में गंदा पानी आ रहा है और मोहल्ले में टैंकरों से भी जल वितरण नहीं हो रहा है। इंदौर के कई इलाकों में जलसंकट के हालात है। शहर के निजी और सार्वजनिक बोरिंगों ने साथ छोड़ना शुरू कर दिया है। इसके अलावा नलों में भी पानी का दबाव कम हो रहा है। शहर में तीन चरणों से जो पानी नर्मदा का आता है। उससे शहर की पूर्ति नहीं हो पा रही है। झारखंड की राजधानी रांची सहित लगभग सभी छोटे बड़े शहरों के आसपास तक में जिस तेजी से शहरीकरण हो रहा है उससे शहर तो बढ़े पर साथ में अवैध निर्माण भी जिससे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हुआ और जब क्षमता से अधिक बोझ बढ़ा तो उनकी कमी अब चेतावनी दे रही है। रांची में भी लगभग ऐसी ही स्थिति है।

> *इंदौर के लोगों को प्रदेश के दूसरे शहरों की तुलना में जलकर भी ज्यादा देना पड़ रहा है, लेकिन उसके बावजूद प्यास नहीं बुझ पा रही है। स्वच्छता में नंबर वन इंदौर के कई इलाके पानी के लिए तरस रहे है।*

# करियर काउंसलिंग : एक निर्णय जो जीवन का आधार बनता है




हम सभी जानते हैं कि जीवन में कुछ निर्णय ऐसे होते हैं, जो केवल उस पल को नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भविष्य को प्रभावित करते हैं। ऐसा ही एक निर्णायक मोड़ आता है — जब कोई छात्र दसवीं या बारहवीं कक्षा के बाद अपने आगे की दिशा तय करता है। यह समय बेहद संवेदनशील होता है — जब छात्र और अभिभावक, दोनों एक दुविधा की स्थिति में होते हैं: क्या करें, किस ओर जाएं, कौन सा क्षेत्र चुने...?

पर दुर्भाग्यवश, इस सबसे अहम निर्णय को अक्सर समाज की अपेक्षाओं, पारिवारिक परंपराओं, मित्रों की नकल या लोकप्रियता के आधार पर लिया जाता है — न कि छात्र की वास्तविक रुचियों, क्षमताओं और मानसिक प्रवृत्ति को समझकर।

### बच्चों के लिए एक स्पष्ट संदेश : अपने दिल की सुनो, समाज की नहीं

प्रिय युवाओं, यह मत भूलिए कि जो करियर आप आज चुनेंगे, वही आने वाले वर्षों में आपका रोज़ का जीवन बनेगा। उस काम को आप प्रतिदिन करेंगे — सुबह आँख खुलने से लेकर रात की नींद तक उसी के आसपास आपका अस्तित्व घूमेगा। तो क्या यह जरूरी नहीं कि आप ऐसा क्षेत्र चुनें जिसमें आपका दिल लगता हो, जहाँ आप थकें नहीं, बल्कि ऊर्जा से भर जाएं?

करियर चुनते समय यह देखना चाहिए कि क्या इस क्षेत्र में मेरी स्वाभाविक रुचि है?

क्या मैं इस काम को लंबे समय तक आनंदपूर्वक कर सकता हूँ?

क्या यह पेशा मुझे मानसिक शांति के साथ आर्थिक स्थिरता भी देगा?

क्या इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं?

याद रखिए - यदि आप अपने दिल की सुनेंगे, तो काम बोझ नहीं लगेगा, बल्कि जीवन एक उत्सव बन जाएगा। दूसरों की देखादेखी या माता-पिता की अधूरी इच्छाओं के आधार पर लिया गया फैसला, जीवन को एक ऐसे रास्ते पर ले जा सकता है, जहाँ न आत्म-संतोष होगा, न आत्म-विश्वास।

आज की बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता, शिक्षा विशेषज्ञ

### माता-पिता के लिए विशेष निवेदन : समझिए, दबाइए नहीं

अभिभावकों से मेरा विनम्र निवेदन है — कृपया करियर के इस संवेदनशील निर्णय को केवल अपने दृष्टिकोण से न देखें। बच्चे को समझिए, उसकी प्रतिभा को पहचानिए, और सबसे महत्वपूर्ण — उसकी आत्मा की पुकार को सुनिए।

आपका अनुभव अमूल्य है, परंतु हर पीढ़ी का समय, उसके अवसर और उसकी चुनौतियाँ अलग होती हैं। आज के बच्चे डिजिटल युग में पले हैं — उनके सामने करियर की असंख्य दिशाएं हैं, जैसे – गेम डिजाइनिंग, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, रोबोटिक्स, मानसिक विज्ञान, एडटेक, कला, थिएटर, और भी बहुत कुछ।

यदि आपका बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बनना चाहता, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह असफल हो जाएगा। आज सफलता का अर्थ केवल पैसा नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्म-संतोष और जीवन की गुणवत्ता है।

### जब दुविधा हो, तो विज्ञान से लें सहायता: DMIT व साइकोमेट्रिक परीक्षण

कई बार छात्र और अभिभावक यह स्वीकार करते हैं कि "हमें समझ ही नहीं आ रहा कि बच्चे के लिए कौन सा करियर सही होगा।"

ऐसी स्थिति में आधुनिक विज्ञान और मनोविज्ञान का सहारा लिया जा सकता है।

**1. Psychometric Test (मनोवैज्ञानिक परीक्षण) :** यह एक वैज्ञानिक तरीका है जो आपकी सोचने की शैली, आपकी बुद्धिमत्ता, रुचियों और व्यवहार के आधार पर यह संकेत देता है कि कौन-सा करियर आपके लिए उपयुक्त हो सकता है।

**2. DMIT (Dermatoglyphics Multiple Intelligence Test) :** यह एक अत्यंत उन्नत विधा है जिसमें आपकी उंगलियों के निशानों का विश्लेषण करके यह बताया जाता है कि आपकी जन्मजात प्रतिभा किस क्षेत्र में है। यह टेस्ट यह भी बताता है कि आपकी लर्निंग स्टाइल, बुद्धिमत्ता का प्रकार, और तार्किक, रचनात्मक, भावनात्मक क्षमताएं किस दिशा में मजबूत हैं।

यह जानकारी बच्चे को केवल सही करियर की ओर नहीं ले जाती, बल्कि उसके पूरे व्यक्तित्व को निखारने का अवसर भी देती है।

यदि आप यह टेस्ट कराना चाहते हैं, तो आप मुझसे भी संपर्क कर सकते हैं।

### सही करियर चयन के 5 सुनहरे सूत्र

- रुचि: जिस क्षेत्र में काम करते हुए आनंद मिले।
- प्राकृतिक प्रतिभा: जिसमें बिना थके अच्छा प्रदर्शन हो।
- मूल्य व उद्देश्य: जो जीवन के आदर्शों से मेल खाता हो।
- दीर्घकालिक अवसर: भविष्य में सतत विकास की संभावना हो।
- मानसिक व आर्थिक संतुलन: न केवल पैसा मिले, बल्कि आत्मिक शांति भी।

### एक गलत करियर का परिणाम क्या हो सकता है?

यह अक्सर देखने में आता है कि कई युवक पढ़ाई पूरी करने के बाद कुछ वर्षों तक नौकरी तो कर लेते हैं, परंतु उनमें न उत्साह होता है, न रचनात्मकता, न आत्मसंतोष। वे सोमवार से शुक्रवार तक काम तो करते हैं, पर वीकेंड में जिंदगी की तलाश करते हैं।

ऐसे युवाओं में धीरे-धीरे अवसाद, चिड़चिड़ापन, और जीवन के प्रति निराशा जन्म लेती है।

यह सब केवल इसलिए होता है क्योंकि उन्होंने जीवन के सबसे अहम निर्णय को गंभीरता से नहीं लिया।

### करियर चयन एक अवसर है - समझदारी से उठाइए

जीवन की दिशा तय करने वाले इस अवसर को केवल एक औपचारिकता न बनने दें।

छात्रों को चाहिए कि वे आत्ममंथन करें, अपनी रुचियों को पहचानें और निडर होकर सही दिशा में कदम बढ़ाएं।

अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की प्रतिभा और स्वभाव को समझें और उनकी स्वतंत्र सोच को सहारा दें, दबाव नहीं।

**याद रखिए:** "यदि बच्चा वह काम करेगा जिसे वह दिल से चाहता है, तो वह केवल सफल नहीं, संतुष्ट भी होगा।"

यदि आप या आपका बच्चा करियर चयन को लेकर भ्रमित हैं, तो साइकोमेट्रिक व DMIT जैसे वैज्ञानिक उपायों की सहायता जरूर लें। आप चाहें तो मुझसे भी संपर्क कर सकते हैं — आइए, मिलकर बच्चों का भविष्य उज्ज्वल, सटीक और खुशहाल बनाएं।

(veenavlogs@gmail.com)

# पत्रकारिता को आईना दिखाता लेख

राष्ट्रीय नवीन मेल के दिनांक 04.05.2025 को अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रकाशित वरिष्ठ पत्रकार सुनील बादल जी का आलेख "स्वतंत्रता के नाम बेलगाम होकर स्वछन्दता अपनाती आधुनिक पत्रकारिता " पढ़ा। इस आलेख के माध्यम से बादल जी ने आधुनिक पत्रकारिता को सही मायने मे आईना दिखाने का कार्य किया है। स्कूल पूछिए तो आज की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अपनी सीमा लाँघ कर टी आर पी की दौड़ मे शामिल हो गया है। अधिकांश खबरें समाज को नकारात्मक विचारों की ओर ले जाती हैं। समाचार नहीं वरन सनसनी दिखलाया जा रहा है। परिचर्चा आदि के कार्यक्रम में तो एंकर की जो आक्रमकता दिखती है वो शायद ही कही और दिखे।बहस की भाषा की बात तो छोड़ ही दीजिये। जिस अभद्रता के साथ कार्यक्रम को पेश किया जाने लगा है और पैनल के लोग जिस तरह से अपनी बात रखने लगे हैं, ऐसा लगता है कि मानो रण -क्षेत्र मे खडे हों। कोई कपड़े ढीक करता दिखेगा, कोई मोबाइल देखते दिखेगा तो कोई बाल सवारते दिखेगा। यह बिलकुल सही है कि संवाद और संचार की परम्परा मे संवाद के हल खोजे जाने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। आज की मीडिया को अपने दायित्व बौद्ध कर समाज कल्याण की ओर कार्य करना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए की मीडिया की भूमिका थर्मामीटर की भाति होती है जो समाज के ज्वर को मापने का कार्य करता है। इसका उद्देश्य केवल अपहरण, डकैती, लूटपाट, बलात्कार, हिंसा आदि की खबरों को परोसकर समाज को नकारात्मकता की ओर ले जाना नहीं बल्कि समझ को सभ्य कैसे बनाना है, इस दिशा मे भी कार्य करना है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भाषा कि अशुद्धि, वर्तनी की भूलें, उच्चारण की गलती आदि पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आमतौर पर प्रिंट मीडिया अपनी किसी गलती का खेद प्रकाशित करती है, पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मे इसका भी ध्यान नहीं रखा जाता। अंत मे प्रासंगिक एवं सारगर्भित आलेख के बादल जी धन्यवाद देते हुए किशोरों की पत्रिका "सुमन सौरभ " द्वारा पुरस्कृत एवं दिसंबर 2007 मे प्रकाशित मेरे आलेख की निम्न पंक्तियों का जिक्र करना चाहूंगा - "आज जबकि इलोक्ट्रॉनिक मीडिया लोगों के बेडरूम तक पहुंच रहा है, निजी बाते सार्वजनिक हो रही हैं, निजता की रक्षा का बहुत बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है, जरूरत है कि इलोक्ट्रॉनिक मीडिया अपनी सीमा नहीं लांघे।"

आपकी बात



**दिलीप कुमार**
सहायक लेखा अधिकारी, पोटमा, गढ़वा (झारखंड)

# मातृत्व की छाया और समाज का अनदेखा आधार

अंतर्राष्ट्रीय दाई दिवस

मां एक ऐसा शब्द जो हर जीव के जीवन की पहली अनुभूति है ममता, सुरक्षा और त्याग का प्रतीक। किंतु आज के भागदौड़ और व्यस्त जीवनशैली में जहां 'मां' की भूमिका सिर्फ शारीरिक जन्म देने तक सीमित होती जा रही है, वहीं एक ओर छाया मां "दाई मां" बच्चों की परवरिश की असली वाहक बनती जा रही है। 5 मई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय दाई दिवस (International Day of the Midwife) इसी मौन लेकिन अति महत्वपूर्ण भूमिका को वैश्विक मंच पर रेखांकित करता है। इस दिवस की शुरुआत 1992 में International Confederation of Midwives (ICM) द्वारा की गई थी, ताकि दुनिया भर में दाईयों की भूमिका को सम्मान, मान्यता और समर्थन दिया जा सके। यह दिन आज न केवल प्रसव सहयोगिनी महिलाओं के योगदान को मान्यता देता है, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में उनके योगदान को भी रेखांकित करता है। भारत सहित विश्व के कई देशों में पारंपरिक रूप से दाई मां का अर्थ केवल जन्म सहयोगी महिला नहीं है, बल्कि वह व्यक्ति है जो मां के स्थान पर बच्चे की परवरिश, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा का उत्तरदायित्व निभाती है। आज जब परमाणु परिवार, डबल इनकम और शहरीकरण के चलते माता-पिता अपने बच्चों के साथ समय नहीं बिता पा रहे हैं, तब दाई मां की भूमिका केवल एक 'नौकरी' नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उत्तराधिकार बन जाती है। वह मां की अनुपस्थिति में बच्चे को न केवल खाना खिलाती है, बल्कि लोरिया सुनाकर सुलाती भी है, थपकी देती है, संस्कार भरती है वह स्नेह देती है, जिसकी कमी किसी भी स्कूल, महंगे ट्यूशन या डिजिटल ऐप्स से पूरी नहीं हो सकती। प्राचीन भारत में "सुश्रुत संहिता" और "चरक संहिता" जैसे आयुर्वेदिक ग्रंथों में दाई (प्रसूति सहायिका) के गुण, व्यवहार, प्रशिक्षण और आचार संहिता का विस्तृत वर्णन मिलता है। महर्षि वात्स्यायन और कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी स्त्रियों के विभिन्न वर्गों में दाई स्त्रियों का उल्लेख होता है जो समाज की बुनियादी संरचना में सहभागी थीं। महाभारत में गांधारी की प्रसूति के समय भी एक सहायिका का वर्णन मिलता है। आधुनिक हिंदी साहित्य में भी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, फणीश्वरनाथ रेणु आदि ने अपने कथा साहित्य में ग्रामीण दाई मां की करुणा, त्याग और भूमिका को जीवंत चित्रण में पिरोया है। आज के बच्चे जन्म तो मां से लेते हैं, लेकिन लालन-पालन, संस्कार और स्नेह दाई मां से पाते हैं। जब मां की भूमिका 'प्रजनन' तक सीमित रह जाए और 'पालन' आउटसोर्सड outsourced हो जाए, तो भविष्य का समाज केवल सफल नहीं, संवेदनहीन बनता है। जब बच्चों को उनकी मां का प्यार, स्पर्श, सुरक्षा और समय नहीं मिलता, तब वे बड़े होकर वैसी ही दूरी को दोहराते हैं। इसी चक्र में आज बुजुर्ग माता-पिता वृद्धाश्रम की शरण में जाते हैं, और यह केवल एक सामाजिक व्यवस्था नहीं, बल्कि मूल्य-परिवर्तन का संकेत है। आज की दाई मां, केवल एक घरेलू सहायक नहीं है। वह मानवता के पुनर्निर्माण की कारिगर है। लेकिन हमें यह भी देखना होगा कि क्या हमने उसे सामाजिक मान्यता दी है? क्या हमने उसकी भूमिका को 'मजदूरी' के खांचे में डालकर उसका भावात्मक मूल्य नहीं खो दिया है? "दाई मां" आज की दुनिया की वह अदृश्य शक्ति है, जो जीवन को आकार देती है, परिवारों को जोड़े रखती है और मातृत्व का मानवीय रूप प्रस्तुत करती है। यदि हम अपने बच्चों को भावनात्मक रूप से सक्षम, संस्कारी और संवेदनशील बनाना चाहते हैं तो हमें मां और दाई मां दोनों को उचित स्थान, समय और सम्मान देना होगा। अंतर्राष्ट्रीय दाई दिवस केवल दाईयों के योगदान की सराहना का अवसर नहीं, बल्कि पूरे समाज को यह याद दिलाने का दिन है कि सिर्फ जन्म देने भर से मां नहीं बनाता, पालन-पोषण, संस्कार और स्नेह ही एक मां के दायित्व की पूर्णता है और वहीं दाई मां की भूमिका आरंभ होती है। आज हम चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में हैं, जहाँ रोबोट्स शिशु को गोद में उठा सकते हैं, AI आधारित ऐप्स बच्चों को सुलाने के लिए लोरिया lullaby चला सकते हैं, और स्मार्ट वॉचेज बच्चों के शरीर का तापमान और दिल की धड़कन तक माप सकती हैं। किंतु इन सबके बीच एक प्रश्न अब भी अनुत्तरित है क्या यह तकनीकें "ममता" दे सकती हैं? क्या ये स्नेह, भावनात्मक लगाव और सुरक्षा की अनुभूति प्रदान कर सकती हैं? दाई मां, जो बच्चे को अपने हाथों से सहलाती है, अपनी गोद में सुलाती है, आंखों में देखकर दुलारती है उसका स्थान आज भी कोई मशीन, कोई सॉफ्टवेयर या रोबोट नहीं ले सकता। टेक्नोलॉजी सुविधा दे सकती है, लेकिन संवेदना नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक सहायक आचार्य

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

ज्वार उठे हैं सब तरफ़ , डूब रहे जज्बात।
पता नहीं हो कौन सी, रात, कयामत रात।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अपनी मौलिकता के साथ राज करता खोदा आज टैटू के चकाचौंध में खो चुका है

आपने अपनी बाहों में, कलाईयों पर और गर्दन के इर्दगिर्द टैटू बनवा रखा है। संभवतः आप इस तरह के किसी शौक से इत्तेफाक न भी रखते हों परन्तु पास पड़ोस किसी न किसी को टैटू लगाकर इतराते रखते जरूर देखा होगा। इसके लिए बड़े शहरों व मॉल्स में पार्लर खुल गए हैं, गांव देहात के मेलों में और फुटपाथ के ठेलों में भी यह सबकी पहुंच में है। यह सुलभता इस बात का प्रमाण है कि टैटू लेकर हमारा समाज कितना उदार रहा है। जी हाँ, समाज यदि किसी मामले को लेकर उदारता दिखा रहा है तो यकीनन इसका कोई तात्कालिक कारण नहीं होता और टैटू के प्रति यह आकर्षण इसका एक जीता जागता उदाहरण है कि इसमें कुछ तो है जो घुम फिर कर हमारे श्रृंगार को गति देता रहा है। यह वही टैटू है जो आज न केवल हमारे लिए स्टाईलिश स्टेटस का प्रतीक व क्लास विथ डिफरेंस का मामला बन चुका है बल्कि क्रेज को लेकर अंतरराष्ट्रीय उड़ान पर है। ऐसा तब है जबकि यह सदियों से झारखंड की महिलाओं के लिए कोई टैटू न होकर देशी संस्कार का एक संपूर्ण संस्थान रहा है। खोदा या गोदना के तौर पर यहाँ इसकी शुरुआत कब हुई, कहाँ से यह इस क्षेत्र में आया, कैसे इसने यहाँ सदियों तक राज किया, कौन इसका सूत्रधार रहा और क्यों यह इस क्षेत्र को रास आया आदि तमाम सवाल हैं जिनपर एक मुक्कमल शोध की आवश्यकता है। इन सवालों को यहीं पर छोड़ भी दें तब भी गोदना को लेकर झारखंड की मौलिकता पर कोई संशय नहीं है क्योंकि कल तक यह यहाँ के लिए एक आदर्श था और आवश्यक संस्कार में शामिल था। आज भले ही श्रृंगार के क्षेत्र में टैटू का राज चल रहा हो और झारखंड का गोदना उपेक्षित है परन्तु कल तक तो यह महिलाओं की दोनों कनपटियों, मध्य ललाट, दोनों बांहों, पैरों, छाती और नाक के धड़ की पहचान हुआ करती थी।

बताते चलें कि आज विकास की आधुनिक धारा में जब हम टैटू की बात करते हैं तो यह सिर्फ श्रृंगार में सीमित दिखता है जबकि गोदना के ऐसा कुछ भी नहीं था। ऐसा इसलिए कि गोदना को मूलतः जनजातीय समूहों की सरल पहचान का एक माध्यम माना जाता था। बीच ललाट पर यदि तीन खड़ी लकीर हैं तो यह खड़िया महिला की निर्विवाद पहचान थी। माथे पर फुल, गर्दन के नीचे श्रृंखलाबद्ध हंसुआ व बांह को बांधे गोदना से उराँव महिला और कनपटी पर दो तिरछी लकीरें व मस्तक पर छोटी सी काली बिन्दी के साथ मुंडा जाति की महिला का स्वरूप पूर्णता के साथ सामने आता। कालांतर में यही गोदना यहाँ उराँव, खड़िया व मुंडा बहुल क्षेत्र के अनुरूप गैर जनजातीय समुदाय की महिलाओं का भी श्रृंगार बनता चला गया और यहां की सवर्ण महिलाओं से लेकर तमाम जातियों से संबंधित महिलाएं इसकी हद में आने लगी। ऐसा इसलिए भी कि इसे लेकर कई ऐसी किवदंतियां प्रचलित हैं जिनका संबंध समूह की महिलाओं के बहादुरी भरे कारनामों से जुड़ा हुआ बताया जाता है। ऐसे में जब मलारिन गोदना की टोकरी लेकर गांव आती तो सुअर की चर्बी, भेलवा लकड़ी, हल्दी, गोबर व तीन कांटेदार सूईयों के साथ एक अति कष्टदायी व मौलिक प्रक्रिया भी साथ लेकर आती।

महिलाओं के अंतर्मन में संस्कार का बोझ होता, दुश्मनों को खदेड़ कर भगा देने का इतिहास और बहादुरी की भावना के साथ श्रृंगार की एक सरल प्रक्रिया का आकर्षण सामने होता। बहरहाल आज ऐसा कुछ भी नहीं है, इतिहास का स्मरण कराता गोदना खुद इतिहास बन चुका है और बगैर किसी पृष्ठभूमि वाला टैटू आज जमाने के ट्रेंड में है। ऐसे में कल तक जो बच्चियां मलारिन को गांव में देखकर मचलने लगती थी आज उन्हीं के लिए यह सब कुछ घृणा, उपेक्षा व पिछड़ेपन की निशानी बन चुकी हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**केदारनाथ दास**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बदरीनाथ के कपाट खुलने पर पीएम के नाम से हुई पहली महाभिषेक पूजा




**एजेंसी। देहरादून/बदरीनाथ**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ के कपाट खुलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा कर देश और राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने धाम में तीर्थयात्रीयों और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और तीर्थयात्रियों से यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। मांगलिक स्वर लहरियों के बीच बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार सुबह छह बजे रवि पुष्य लग्न में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह लगभग 10 बजे भगवान बदरी विशाल का अभिषेक पूजा शुरू हुई। बद्री केदार मंदिर समिति और उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से भगवान बदरीविशाल का प्रथम महा अभिषेक पूजा सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर, आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की। बदरीनाथ के कपाट खुलने के अवसर पर देश और दुनिया के लगभग 15 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सकुशल चारधाम यात्रा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत बेहतर व्यवस्थाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किया गया है। देवभूमि उत्तराखंड आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वह हरित और स्वच्छ चारधाम यात्रा के लिए राज्य को पूरा सहयोग दें।

## हेमकुंड साहिब यात्रा तैयारियों की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी से श्रीहेमकुंड साहिब यात्रा तैयारियों की जानकारी लेते हुए यात्री सुविधाओं को शीघ्र व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोविंदघाट में अलकनंदा नदी में निर्माणाधीन पुल के निर्माण कार्य की जानकारी ली। जिलाधिकारी को पुल के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर यात्रा से पूर्व पुल का निर्माण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के आदेश दिए।इस दौरान राज्य सभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज,विधायक लखपत बुट्टोला, बीकेटीसी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विजय कपरवाण व ऋषि प्रसाद सती, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय थपलियाल, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल आदि मौजूद थे।

## यात्री सुविधा और सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करें

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए मंदिर के समीप हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी को मास्टर प्लान के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। साथ ही बदरीनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को यात्री सुविधा और सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम करने को कहा।

# एनडीए में सीट को लेकर कोई विवाद नहीं महागठबंधन वाले अपनी चिंता करें : जेडीयू

**एजेंसी। पटना**




जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने एनडीए में सीटों को लेकर मचे घमासान के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि महागठबंधन को अपनी चिंता करनी चाहिए।

हम लोग लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ चुके हैं और परिणाम भी सबके सामने है। विधानसभा चुनाव में भी कोई विवाद नहीं दिखेगा। एनडीए 200 से ज्यादा सीटें जीतकर आएगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जदयू सांसद संजय झा ने विपक्ष पर जातीय जनगणना के फैसले का श्रेय लेने पर तंज कसा। उन्होंने कहा, "यह अच्छी बात है कि सरकार जो करे, विपक्ष उसकी क्रेडिट भी हड़पने की कोशिश करे। जब मौका मिला तब आपने तो नहीं किया, अब जब दूसरी सरकार कर रही है, उसमें भी घुसकर क्रेडिट हड़पने का काम कर रहे हैं। लोग जानते हैं कि उन्हें अपने परिवार के अलावा कुछ नहीं दिखता है। उन्होंने कभी किसी समाज का, किसी गरीब का भला नहीं किया है। उन्होंने पूछा कि विपक्ष की जब सरकार थी तब जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई गई थी? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय गणना के मुद्दे को बिहार में प्रमुखता से न सिर्फ उठाया, बल्कि, उसे करवाने में भी सफलता प्राप्त की। गणना की रिपोर्ट के आधार पर जो कार्य करना था, उसे भी करवाया। उन्होंने इंडिया ब्लॉक की मुंबई में हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय जब नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना को अपने एजेंडा में डालने का प्रस्ताव किया था तब कांग्रेस और राजद वॉक-आउट कर गई थी। उन्होंने पहलगाम की घटना के बाद कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रिया पर कहा कि कांग्रेस ने हमेशा उसी तरह की भाषा बोली है, जो देश के खिलाफ है। ऐसे मामले में देश को एक साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम लोगों को विश्वास है कि केंद्र सरकार वह सब कुछ करेगी, जो पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए करना चाहिए। ऐसे मामलों पर राजनीति करना सही नहीं है। इस मामले को लेकर जो भी करना है सरकार कर रही है। देश और दुनिया मान चुकी है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है।

# नीट परीक्षा से पहले नाबालिग ने की आत्महत्या

**एजेंसी। कोटा**

नीट परीक्षा से ठीक एक दिन पहले शनिवार शाम कोटा में एक नाबालिग अभ्यर्थी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने अभ्यर्थी के आत्महत्या करने की पुष्टि की है। पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश के श्योपुर की रहने वाली 18 साल से कम उम्र की नाबालिग लड़की ने आत्महत्या कर ली है। वह कोटा के पार्श्वनाथ इलाके में अपने माता-पिता के साथ रहकर एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। बता दें, रविवार को देशभर में नीट परीक्षा हो रही है।



कुन्हाड़ी थाने के सर्किल इंस्पेक्टर अरविंद भारद्वाज ने पीटीआई को बताया कि लड़की अपने कमरे में लोहे की ग्रिल से दुपट्टे से लटकी हुई पाई गई। उस समय घर पर मौजूद उसके परिवार के सदस्यों ने रात करीब 9 बजे उसका शव देखा। कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। यह दुखद घटना इस साल कोटा में कोचिंग छात्रा से जुड़ी आत्महत्या का 14वां मामला है। 2024 में, शहर में ऐसे 17 मामले सामने आए, जो देश के कोचिंग हब में छात्रों के बीच लगातार तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को उजागर करते हैं।

# केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करे : ओवैसी

**एजेंसी। पटना**



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की है। दो दिवसीय चुनावी दौरे पर रविवार को बिहार के दरभंगा पहुंचे ओवैसी ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने एक स्वर में सरकार से कहा कि इस मामले में तुरंत कदम उठाए, पीड़ित परिवारों को न्याय दे और आतंकवाद को हमेशा के लिए जड़ से खत्म करे। सभी दल सरकार के हर कड़े फैसले के साथ हैं। ओवैसी ने कहा, "पाकिस्तान से आतंकवादी हमारे देश में घुसकर हमारे लोगों की हत्या करते हैं। चाहे 26/11 का मुम्बई हमला हो, पठानकोट एयरबेस पर हमला हो, पुलवामा हमला हो या फिर हाल ही में 7 जुलाई को वैष्णो देवी के पास सात पुलिसकर्मियों की हत्या का मामला हो, ये ये सभी घटनाएं आतंकवाद का घिनौना चेहरा दिखाती हैं।"ओवैसी ने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाइयां सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, लेकिन अब समय है कि आतंकवाद के खिलाफ और सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान की इस हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# चुनाव आयोग ला रहा है एक नया ऐप सभी सेवाएं एक ही जगह मिलेंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) अब एक नया और आसान डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है, जिससे वोटर, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन सभी को सुविधा मिलेगी। इस नए प्लेटफॉर्म का नाम ईसीआईनेट होगा।ईसीआईनेट चुनाव आयोग के पहले से मौजूद 40 से ज्यादा मोबाइल और वेबसाइट ऐप्स को एक साथ लाएगा और उन्हें नया रूप देगा। यह एक ही जगह से चलने वाला ऐसा ऐप होगा जिसमें चुनाव आयोग की 40 से ज़्यादा पुरानी मोबाइल और वेब ऐप्स को जोड़ दिया जाएगा। ईसीआईनेट के शानदार यूजर इंटरफेस के साथ इसे इस्तेमाल करना भी बहुत आसान होगा, क्योंकि सभी चुनावी काम एक ही जगह पर हो सकेंगे। अब लोगों को अलग-अलग ऐप डाउनलोड करने और अलग-अलग लॉगिन याद रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत मार्च 2025 में हुई थी जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो अन्य चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन में इसकी योजना बनाई थी। ईसीआईनेट के माध्यम से उपयोगकर्ता अपने कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर चुनाव से जुड़ी जरूरी जानकारी आसानी से देख सकेंगे। ईसीआईनेट के माध्यम से उपयोगकर्ता अपने कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर चुनाव से जुड़ी ज़रूरी जानकारी आसानी से देख सकेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जानकारी एकदम सही हो, ईसीआईनेट पर डेटा केवल अधिकृत चुनाव आयोग के अधिकारी ही डालेंगे। संबंधित अधिकारी द्वारा डेटा डालने से यह पक्का होगा कि हितधारकों को जो जानकारी मिले वह अधिक से अधिक सही हो। हालांकि, किसी भी विवाद की स्थिति में, वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डेटा मान्य होगा।

ईसीआईनेट में पहले से मौजूद कई ऐप्स जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, सीविजिल, सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम और केवाईसी ऐप शामिल होंगे। इन सभी ऐप्स को मिलाकर अब तक 5.5 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। ईसीआईनेट के माध्यम से दी जाने वाली जानकारी जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, निर्वाचक पंजीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के कानूनी दायरे में ही रहेगी।

### "ईसीआईनेट ऐप से मिलेगी डिजिटल मजबूती, करोड़ों मतदाताओं और लाखों अधिकारियों को होगा लाभ"

उम्मीद है कि ईसीआईनेट से लगभग 100 करोड़ वोट करने वाले लोगों और पूरे चुनाव प्रक्रिया में काम करने वाले 10.5 लाख से ज़्यादा बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), राजनीतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त लगभग 15 लाख बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), लगभग 45 लाख पोलिंग अधिकारियों, 15,597 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ), 4,123 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और पूरे देश के 767 जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) को फायदा होगा। यह ऐप लगभग बनकर तैयार है और इसका गहराई से परीक्षण किया जा रहा है ताकि यह आसानी से चले और पूरी तरह सुरक्षित रहे। इसे बनाने से पहले सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 36 मुख्य चुनाव अधिकारियों, 767 जिला अधिकारियों और 4,123 ईआरओ से राय ली गई है। साथ ही, चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए चुनाव नियमों, निर्देशों और पुस्तिकाओं के 9,000 पन्नों वाले 76 प्रकाशनों की भी समीक्षा की गई है।




**मनोज तिवारी का राहुल गांधी पर निशाना, कहा-**

# पहले उन्को बताना पड़ेगा वह किस जाति से हैं



**नई दिल्ली।** जाति-जनगणना को लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जोरदार निशाना साधा। बुराड़ी में रविवार को उन्होंने कहा कि जाति-जनगणना होने दीजिए, राहुल गांधी को भी अपनी जाति के बारे में बताना होगा। इसके बाद सारा भेद ही खुल जाएगा। दिल्ली के साथ पूरी दुनिया को पता चल जाएगा कि वो किस जाति से हैं। मनोज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी सनातन और हिंदू विरोधी हैं, इसलिए वह हिन्दुओं के विरोध में बयान देते हैं। उनकी सनातन में आस्था नहीं है, वह सिर्फ ढोंग करते हैं। इतना ही नहीं, अब तो जातिगत जनगणना भी होनी है और राहुल गांधी की जाति भी सामने आ जाएगी कि वह कौन सी जाति से हैं। अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी की ओर से श्रीराम को काल्पनिक कहने पर मनोज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी को उनकी हिन्दू विरोधी सोच मुबारक। वह सनातन विरोधी हैं और उन्हें हिन्दुओं से जलन होती है। हम जिस रास्ते पर चले हैं, उस रास्ते पर हम घर-घर तक रामचरितमानस पहुंचाएंगे। मनोज तिवारी ने कहा कि हम लोग बुराड़ी क्षेत्र में मानव सेवा शिक्षा संस्थान की ओर से हस्तिनापुर शिव महापुराण कथा कर रहे हैं। शिव और राम की भावना घर-घर पहुंचे, हर घर तक रामचरितमानस पहुंचाने का संकल्प लिया है। उन्होंने आगे कहा कि हम लोगों से अपील कर रहे हैं कि 21 मई से 27 मई तक बुराड़ी आएं और शिव महापुराण कार्यक्रम में शामिल होकर धन्य हो जाएं। बता दें कि जाति-जनगणना को लेकर हाल ही में केंद्र सरकार ने फैसला लिया कि देश में जाति-जनगणना कराई जाएगी। केंद्र सरकार के इस फैसले से देशभर में खुशी की लहर है। लेकिन, इंडी अलायंस में शामिल कांग्रेस-समाजवादी पार्टी सहित अन्य क्षेत्रीय पार्टियां इसे अपनी जीत बता रही हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# राहुल ने अमेरिका में भगवान राम पर की टिप्पणी, हमलावर हुई बीजेपी

**एजेंसी। नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर बीजेपी के निशाने पर हैं। दरअसल, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक अमेरिकी यूनिवर्सिटी में बातचीत के दौरान भगवान राम को 'पौराणिक व्यक्ति' कहा। राहुल की इस टिप्पणी पर अब विवाद खड़ा हो गया है। बीजेपी ने उनकी मानसिकता को हिंदू विरोधी बताते हुए उन्हें राम विरोधी भी कहा है।

## भगवान राम थे करुणा व सहिष्णुता के प्रतीक



ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में राहुल गांधी ने भगवान राम पर टिप्पणी की। दरअसल, राहुल से पूछा गया था कि हिंदू राष्ट्रवाद के दौर में सभी समुदायों को शामिल करने वाली धर्मनिरपेक्ष राजनीति कैसे तैयार की जानी चाहिए? इसके जवाब में राहुल ने कहा कि भारत में कोई भी बड़ा समाज सुधारक और राजनीतिक विचारक कट्टर नहीं रहा है और उन्होंने कहा कि वह बीजेपी के हिंदू विचार को नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे सभी पौराणिक चरित्र, भगवान राम ऐसे ही थे। वह क्षमाशील थे, वह दयालु थे। मैं भाजपा द्वारा कही गई बातों को हिंदू विचार नहीं मानता। मैं हिंदू विचार को बहुत अधिक बहुलवादी, बहुत अधिक गले लगाने वाला, बहुत अधिक स्नेही, बहुत अधिक सहिष्णु और खुला मानता हूं। हर राज्य और समुदाय में ऐसे लोग हैं जो उन विचारों के लिए खड़े हुए, उन विचारों के लिए जिए और उन विचारों के लिए मरे।

## भाजपा ने राहुल पर साधा निशाना

सोशल मीडिया पर राहुल गांधी की इस बातचीत की क्लिप साझा करते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने उनपर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हिंदुओं और भगवान राम का अपमान करना कांग्रेस पार्टी की पहचान बन गई है। जिन लोगों ने हलफनामे के ज़रिए भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया, राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, 'हिंदू आतंक' का मुहावरा गढ़ा, अब उन्होंने राहुल गांधी को 'पौराणिक' बताया है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी राम मंदिर के अभिषेक में शामिल नहीं हुए। यह उनकी राम-विरोधी और हिंदू-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। वे पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं, सेना के मनोबल को ठेस पहुँचाते हैं। वे राम-विरोधी और भारत-विरोधी हैं और लोग इसे माफ नहीं करेंगे।'

# वीजा लेकर भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से भगाएंगे: शांतनु ठाकुर

**बनगांव।** पश्चिम बंगाल के बनगांव पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने रविवार को दावा किया कि जो भी पाकिस्तानी नागरिक वीजा लेकर भारत आएगा वो यहां से भगा दिया जाएगा। रविवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद हम सभी लोगों ने ऑल पार्टी मीटिंग की। आतंकवादियों पर कार्रवाई के लिए देश की पूरी जनता एक साथ है और एक साथ मिलकर हम लोग पाकिस्तान के साथ लड़ेंगे। पाकिस्तानी नागरिक जो भी भारत वीजा पर आए, उन्हें भारत से भगाया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के सर्जिकल स्ट्राइक पर दी सफाई पर कहा, " यही होना चाहिए था। क्योंकि किसी व्यक्ति के निजी सिद्धांतों को निर्णयों के लिए एकमात्र इनपुट नहीं माना जा सकता है, इसलिए सरकारें व्यक्तिगत मान्यताओं पर नहीं चलती हैं। सरकार बैठकों के माध्यम से अपने स्वतंत्र निर्णय लेती है और उसके अनुसार नीतियां और प्रक्रियाएं बनाती है। मेरा मानना है कि सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने सही किया है कि वह ऐसे मामलों में कोई व्यक्तिगत राय न दें।"

# उपराष्ट्रपति ने दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए पुराने वाहनों को हटाने पर जोर दिया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी की जहरीली हवा के लिए पुराने वाहनों को एक प्रमुख कारण बताया और इस स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए सामूहिक और गंभीर दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया।

इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी के 27वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने जोर देकर कहा, "हमें पुराने वाहनों को तेजी से खत्म करने की जरूरत है। लोगों को यह समझना होगा कि पुराने वाहनों को हमारे स्वास्थ्य से संबंधित कारणों से त्यागना होगा।" उन्होंने बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की और कहा कि शहर का वायु प्रदूषण सूचकांक तय स्तर से भी बदतर होता जा रहा है। उन्होंने कहा, "चिंता की बात यह है कि हम इसके बारे में गंभीर नहीं हैं। यह जलवायु परिवर्तन की तरह एक अस्तित्व से जुड़ी चुनौती है। हमारे पास रहने के लिए कोई दूसरा ग्रह नहीं है। लेकिन हर कोई सोचता है कि यह किसी और का काम है। यह काम सभी का है। हम एक ही राह पर चल रहे हैं।"

पुराने वाहनों को खत्म करने की अपील करते हुए धनखड़ ने कहा, "सिर्फ इसलिए कि कोई पुराना वाहन सड़क पर चल रहा है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह सड़क पर चलने लायक है।" उन्होंने दिल्लीवासियों से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने में गर्व महसूस करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, "हमें सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने में गर्व महसूस करना चाहिए। हमारा अहंकार हमारे बीच नहीं आना चाहिए। कई देशों में ऐसा किया जाता है, और यहां भी एयरपोर्ट तक पहुंचने का सबसे सुरक्षित, सबसे तेज़, सबसे पक्का तरीका मेट्रो है, लेकिन हमें इसकी आदत डालनी होगी।"

चिकित्सा ज्ञान के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, "हमें चिकित्सा को डेटा विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़ना चाहिए।

# पाकिस्तान के पूर्व पीएम और विदेश मंत्री का 'एक्स' अकाउंट भारत में ब्लॉक

नई दिल्ली (आईएएनएस)



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाती हुई नजर आ रही है। इसके अलावा, सरकार देश के खिलाफ जहर उगलने वाले पाकिस्तानी नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में बैन कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के 'एक्स' अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। भारत में इमरान खान और बिलावल भुट्टो के एक्स को सर्च करने पर अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर और कवर इमेज ब्लैंक नजर आ रही है। इसके साथ ही एक संदेश भी लिखा हुआ दिख रहा है, जिसमें कानूनी बाध्यता का जिक्र है। इससे पहले, पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट को भी भारत में बैन कर दिया गया है। तरार ने हाल ही में दावा किया था कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, जिससे पता चलता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली 24 से 36 घंटे के भीतर पड़ोसी देश पर सैन्य हमला कर सकता है।

इसके अलावा, भारत ने शुक्रवार को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट को भी ब्लॉक कर दिया था। शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल सोशल मीडिया अकाउंट है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया। शहबाज शरीफ के ब्लॉक किए गए प्रोफाइल में लिखा है, "राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह कंटेंट फिलहाल इस देश में उपलब्ध नहीं है।

सरकार की तरफ से हटाए जाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया गूगल पारदर्शिता रिपोर्ट देखें। भारत सरकार इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स अकाउंट को ब्लॉक कर चुकी है। ब्लॉक किए गए प्रमुख यूट्यूब चैनलों में पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, पत्रकार आरजू काजमी और कमेंटेटर सैयद मुज्जमिल शाह के चैनल शामिल हैं। ओलंपियन अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट और पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के यूट्यूब अकाउंट भी सस्पेंड किए गए हैं। 30 अप्रैल को, प्रमुख पाकिस्तानी अभिनेत्रियों हनिया आमिर और माहिरा खान के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को ब्लॉक कर दिया गया।

केंद्र की मोदी सरकार की ओर से की जा रही ये कार्रवाइयां 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर की गई, जिसमें 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रतिनिधि 'द रेजिस्टेंस फोर्स' (टीआरएफ) ने ली थी। हालांकि, बाद में उसने अपनी संलिप्तता से इनकार कर दिया था। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामाबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करना शामिल हैं।

## भारत से डरे पाकिस्तान ने अब लगाई तुर्किये के सामने गुहार

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा दिखाए जा रहे कड़े रुख से पाकिस्तान खासा भयभीत है। अंतर्राष्ट्रीय जगत से लगातार गुहार लगा रहा है। अब पाकिस्तान ने तुर्किये के सामने घड़ियाली आंसू बहाते हुए मदद की गुहार लगाई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने शनिवार की देर रात इस्लामाबाद में तुर्किये के राजदूत डा. इरफान नेजिरोग्लू से बात कीं। सफाई देते हुए कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान का कोई हाथ नहीं हैं। साथ ही प्रस्ताव रखा कि वह इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय देशों की टीम से जांच को तैयार हैं। इस जांच टीम में तुर्किये भी शामिल हो और पाकिस्तान को न्याय दिलाए। पाकिस्तान अखबार डान के मुताबिक तुर्किये के राजदूत से बात कर पाकिस्तान ने अपना पक्ष उनके सामने रखा है।गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने एक ओर सेना को कार्रवाई की कड़ी छूट दे दी है, वहीं सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया है। इसके अलावा भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानियों को निकाल बाहर किया है। सभी व्यापारिक गतिविधयों के साथ ही डाक सेवा और हवाई उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिय गया है। इसके चलते पाकिस्तान में कोहराम मच गया है।

# भारत की 80% नदियां प्रदूषण के कारण गंभीर पर्यावरणीय व स्वास्थ्य संकट में

ब्यूरो



- इनमें 21 सामान्य एंटीबायोटिक की मौजूदगी ज़्यादा व भयावह है
- **भारत में 31.5 करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं, जहां जलस्रोत एंटीबायोटिक अवशेषों से प्रभावित हैं**
- भारत में प्रतिवर्ष 58000 नवजात शिशुओं की मृत्यु एंटीबायोटिक प्रतिरोध के कारण हो रही है

**नई दिल्ली।** कनाडा के शोधकर्ताओं ने हाल ही में प्रकाशित एक अध्ययन में भारत की नदियों के संदर्भ में चिंताजनक स्थिति उजागर की है। अध्ययन के अनुसार भारत की लगभग अस्सी फीसद नदियां प्रदूषण के कारण गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संकट का सामना कर रही हैं। इस शोध में 72 देशों के 877 नदी स्थलों पर 21 सामान्य एंटीबायोटिक की मौजूदगी का परीक्षण किया और पाया गया कि भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया, इथियोपिया और वियतनाम जैसे देशों में स्थिति बेहद भयावह है।एंटीबायोटिक प्रदूषण का अर्थ है- मानव, पशु चिकित्सा या कृषि में प्रयुक्त दवाइयों के अंशों का अनियंत्रित, अनियमित एवं अनावश्यक रूप से पर्यावरण में उत्सर्जित होना। जब ये अंश जल, मृदा या वायु में प्रवेश करते हैं, तो ये केवल स्थलीय जीवन को नहीं, जलीय और समग्र पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रभावित करते हैं। भारत में विशेष रूप से कई दवाओं के अत्यधिक स्तर पाए गए हैं। इनमें से 'सेफिक्सिम' की उपस्थिति भारतीय नदियों में व्यापक पाई गई है। ये तथ्य स्वयं इस बात की पुष्टि करते हैं कि एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग और निपटान में गंभीर त्रुटियां हो रही हैं। वर्तमान अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार, भारत में लगभग 31.5 करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं, जहां जलस्रोत एंटीबायोटिक अवशेषों से प्रभावित हैं। यह तथ्य अत्यंत गंभीर है क्योंकि दूषित जल मानव स्वास्थ्य के लिए प्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न करता है।दिल्ली, लखनऊ, गोवा व चेन्नई जैसे प्रमुख महानगरों में नदियों के जल में एंटीबायोटिक दवाओं की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से 2 से 5 गुना ज़्यादा पाई गई हैं। इस संदर्भ में यह समझना आवश्यक है कि जल में उपस्थित एंटीबायोटिक अवशेष सीधे तौर पर न केवल मानव जीवन, बल्कि जलीय जीव-जंतुओं, सूक्ष्मजीवों और संपूर्ण खाद्य श्रृंखला को प्रभावित करते हैं।पर्यावरण में एंटीबायोटिक प्रदूषण के विविध स्रोत हैं। प्रमुख स्रोतों में औषधि उद्योगों से उत्पन्न अपशिष्ट जल शामिल है, जिसे उपचारित किए बिना जल स्रोतों में प्रवाहित कर दिया जाता है।

भारत में अनेक औषधि निर्माण इकाइयां पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करते हुए अपशिष्ट जल को नदियों, नालों और भूजल में मिलाती हैं। इसके अलावा मानव तथा पशु चिकित्सा में एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक तथा अनियंत्रित उपयोग भी इस संकट का बड़ा कारण है। अक्सर देखा जाता है कि बिना चिकित्सक के परामर्श के ही दवाइयां खरीदी जाती हैं और स्व-चिकित्सा की प्रवृत्ति आम हो चली है। इसके कारण न केवल दवाओं का अनावश्यक सेवन बढ़ता है, बल्कि इनके अवशेष शरीर से बाहर निकल कर जल स्रोतों को भी दूषित करते हैं।पशुपालन व कृषि क्षेत्र में भी वृद्धि दर बढ़ाने और बीमारियों से सुरक्षा के लिए एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग होता है। इसके परिणामस्वरूप मृदा तथा जल प्रदूषित होते हैं। एंटीबायोटिक प्रदूषण के दुष्परिणाम अत्यंत व्यापक हैं। जब जल स्रोतों में एंटीबायोटिक अवशेषों की अधिकता होती है, तो सूक्ष्मजीवी समुदायों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखने में सूक्ष्मजीवों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इनके असंतुलन से संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो सकता है। जलीय जीवों की प्रजातियां, विशेष कर मछलियां, झींगे आदि, एंटीबायोटिक प्रदूषण के प्रति अत्यंत संवेदनशील होती हैं। इससे उनकी जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जो दीर्घकाल में खाद्य श्रृंखला को भी प्रभावित करता है। मानव स्वास्थ्य पर भी इसके दुष्प्रभाव अत्यंत गंभीर हैं। एंटीबायोटिक अवशेषों के निरंतर संपर्क से जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। दूषित जल के सेवन या उससे सिंचित फसलों के माध्यम से मानव शरीर में एंटीबायोटिक के अंश प्रवेश कर सकते हैं, जिससे आंतों के संक्रमण, एलर्जी, प्रतिरक्षा तंत्र की दुर्बलता, यकृत तथा गुर्दे की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सबसे गंभीर प्रभाव एंटीबायोटिक प्रतिरोध के रूप में सामने आता है। जब जीवाणु निरंतर एंटीबायोटिक दवाओं के संपर्क में रहते हैं, तो वे उनके विरुद्ध प्रतिरोधी बन जाते हैं, जिससे सामान्य संक्रमणों का उपचार कठिन हो जाता है। वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एंटीबायोटिक प्रतिरोध को वैश्विक स्वास्थ्य संकटों में से एक घोषित किया है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग अट्ठावन हजार नवजात शिशुओं की मृत्यु इसी कारण हो रही है, जो इस संकट की गंभीरता को रेखांकित करता है। कृषि पर भी इस संकट का सीधा प्रभाव पड़ रहा है। इस प्रकार एंटीबायोटिक प्रदूषण केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, अपितु आर्थिक एवं सामाजिक समस्या भी बन चुका है, जिसका समाधान तत्काल आवश्यक है।

# लाल सेब, हरा सेब | किससे क्या फायदे?

आरपी सिंह



**नई दिल्ली।** कुछ लोग कहते हैं लाल सेब खाना चाहिए। कुछ हरे सेब खाने के हिमायती हैं । कुछ कहते हैं जो सेव मिले वही खा लो। सब सेव तो एक ही हैं। सबके खाने से तो एक तरह का ही फायदा होगा। लेकिन जो लोग सेव उगाते हैं उनका कहना है कि अन्य कई फलों की तरह सेब में भी प्रकार की किस्में होती है। सेब का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसका असर पाचन पर भी पड़ता है। ज्यादातर लोग हरे सेव और लाल सेब के बीच भ्रमित रहते हैं कि दोनों में से कौन सा सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद है। सच्चाई यह है कि दोनों सेव पोषण, विटामिन और कैलोरी से भरपूर होते हैं, लेकिन दोनों के अपने-अपने फायदे हैं। कई विशेषज्ञों के अनुसार, लाल सेव व हरा सेव दोनों ही स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं, लेकिन दोनों में कुछ अंतर है। लाल और हरे सेव में मुख्य अंतर उनमें मौजूद शुगर की मात्रा, एंटीऑक्सीडेंट लेवल और उनमें मौजूद फाइबर के प्रकार में है, जो स्वास्थ्य व आंत की कार्यप्रणाली पर उनके प्रभाव को प्रभावित करते हैं। न्यूयॉर्क एप्पल एसोसिएशन की पंजीकृत आहार विशेषज्ञ और पोषण विशेषज्ञ केली स्प्रिंगर ने बताया कि लाल सेबों में हल्के छिलके वाले सेबों की तुलना एंटीऑक्सीडेंट का स्तर अधिक होता है। लाल सेव में एंथोसायनिन प्रचुर मात्रा में होता है, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो सूजन को कम करने में सहायक होता है। लाल सेव डिलीशियस और फूजी जैसे लाल सेव मीठे होते हैं और इनमें एंथोसायनिन की मात्रा अधिक होती है, जो उनके छिलके में पाए जाने वाले शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट आंत को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाने में मदद करते हैं, हार्ट की सेहत अच्छी करते हैं और सूजन को भी कम करने में असरदार होते हैं। लाल सेव में हरे सेव की तुलना में थोड़ा कम फाइबर होता है, फिर भी वे घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर की उत्कृष्ट मात्रा प्रदान करते हैं, जो नियमित मल त्याग और स्वस्थ पाचन तंत्र को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। जबकि हरे सेव अपने खट्टेपन के लिए जाने जाते हैं और इनमें लाल सेवों की तुलना में प्राकृतिक शुगर कम होती है। यह शुगर के मरीजों के लिए ब्लड शुगर कंट्रोल करने में लाभकारी होते हैं। हरे सेव में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। हरे सेव में आहार फाइबर थोड़ा अधिक होता है, विशेष रूप से पेक्टिन, एक घुलनशील फाइबर जो मल त्याग को विनियमित करने में मदद करता है, लाभकारी आंत बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है और आंतों के माइक्रोबायोटा विविधता को बढ़ाकर आंत के स्वास्थ्य के लिए असरदार होता है।

# ब्रिटेन की काउंटर-टेरर यूनिट ने 7 ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया

लंदन (आईएएनएस)



ब्रिटेन की आतंकवाद निरोधी पुलिस ने देश के विभिन्न हिस्सों में की गई छापेमारी में सात ईरानी नागरिकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, चार ईरानी समेत पांच व्यक्तियों को विशिष्ट परिसरों को निशाना बनाने की कथित साजिश से जुड़े आतंकवादी अपराधों के संदेह में शनिवार को हिरासत में लिया गया। पांचवें संदिग्ध की राष्ट्रीयता अभी तक स्पष्ट नहीं है। ये गिरफ्तारियां स्विंडन, पश्चिम लंदन, स्टॉकपोर्ट, रोचडेल और मैनचेस्टर में हुईं। मेट काउंटर टेररिज्म कमांड के प्रमुख कमांडर डोमिनिक मर्फी ने बताया कि जांच अभी शुरुआती चरण में है। हम इस मामले से जुड़े संभावित मकसद को समझने और जनता के लिए किसी भी अतिरिक्त खतरे की पहचान करने के लिए कई दिशाओं में जांच कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम उन क्षेत्रों में स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जहां हमने आज गिरफ्तारियां की हैं। मैं देश भर के पुलिस सहयोगियों को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

## पाक ने भारत को फिर दी परमाणु हमले की गीदड़ भभकी

**मास्को।** पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत को परमाणु हमले की गीदड़ भभकी दी है। रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने कहा कि यदि भारत हमला करता है तो उनका देश परमाणु हमला करेगा। रसिया टीवी के मुताबिक पाकिस्तान के राजदूत ने दावा किया है कि भारत जल्द ही उनके देश के कुछ हिस्सों पर हमला कर सकता है। ऐसे में पाकिस्तान मूकदर्शक नहीं रहेगा। पाकिस्तान भी पूरी ताकत के साथ इसका मुकाबला करेगा। जरूरत पड़ने पर परमाणु हमले का भी विकल्प खुला है। गौरतलब है कि इससे पहले पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी भी भारत पर परमाणु हमले की धमकी दे चुके हैं। उन्होंने कहा था कि शाहीन, गौरी और गजनवी जैसी मिसाइलें चौराहों पर सजाने के लिए नहीं रखी हैं।

# रूस दौरे पर जाएंगे शी जिनपिंग पुतिन से करेंगे मुलाकात

### विक्ट्री डे परेड में भी होंगे शामिल

नई दिल्ली । एजेंसी



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 7 मई से रूस की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के न्योते पर हो रही है। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य रूस और चीन के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना बताया गया है। दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, सुरक्षा और वैश्विक राजनीतिक हालात पर विस्तृत बातचीत करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, शी और पुतिन के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर भी संभावित हैं। शी जिनपिंग 9 मई को मास्को के ऐतिहासिक रेड स्क्वायर में आयोजित होने वाले विक्ट्री डे परेड में भी भाग लेंगे।

# बीएलए ने क्वेटा-कराची हाईवे को किया बंद, कई सरकारी भवनों में लगाई आग



क्वेटा (आईएएनएस)

पाकिस्तान के बलूच प्रांत में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के फतेह स्क्वॉड ने क्वेटा-कराची हाईवे को बंद कर दिया और वाहनों को रोककर तलाशी ली। इनमें यात्री वाहनें भी शामिल थी। बीएलए के सदस्यों ने कलात के मोंगोचार बाजार में घुसकर कई सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। इनमें नेशनल डाटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी, न्यायिक परिसर और नेशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान जैसी इमारतें शामिल थी। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, इन दफ्तरों को भारी नुकसान हुआ है। हमलावर इलाके से सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले फरार हो गए।

# गाजा में सैन्य कार्रवाई तेज करने पर आज इजरायली कैबिनेट में होगा फैसला

तेल अवीव(हि.स.)

इज़रायली कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्री रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में गाजा पट्टी में सैन्य अभियान को और तेज करने के प्रस्ताव पर मतदान करेंगे। इस बीच, इज़रायली सेना ने बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई की तैयारी करते हुए हजारों रिज़र्व सैनिकों को बुलाना शुरू कर दिया है। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया कि सेना लंबे समय से चली आ रही गाजा युद्ध को निर्णायक दिशा देने की तैयारी में है। रक्षा कैबिनेट की बैठक में इस बात पर निर्णय लिया जाएगा कि अभियान को किस स्तर तक बढ़ाया जाए। इस बीच रविवार को यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई एक मिसाइल के कारण इज़रायल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, मिसाइल का एक टुकड़ा हवाई अड्डे के पास गिरा, जिससे एयर ट्रैफिक कुछ समय के लिए बाधित हुआ।

मौके पर मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग सुरक्षा के लिए भागते नजर आए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि गिरा हुआ टुकड़ा मिसाइल का था या इज़रायल की मिसाइल रक्षा प्रणाली द्वारा छोड़े गए इंटरसेप्टर का।

कहानी फिल्म जगत की

# बजरंग दल की आपत्ति के बाद उल्लू ऐप ने किया शो का रीब्रांडिंग



उल्लू ने बजरंग दल से लिखित में माफी मांगी है। इसके साथ ही उन्होंने इस विवादित शो को ऑफ-एयर कर दिया है और इसके सभी एपिसोड ऐप से हटा दिए हैं। आपको बता दें, विवाद के सिलसिले में बजरंग दल ने अभिनेता एजाज खान, निर्माता राजकुमार पांडे और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

शो 'हाउस अरेस्ट' को लेकर चल रहे विवाद के बीच उल्लू ऐप ने बजरंग दल से माफ़ी मांगी है। आपको बता दें, शो को लेकर चल रहे विवाद के सिलसिले में बजरंग दल ने एक्टर एजाज खान, प्रोड्यूसर राजकुमार पांडे और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उल्लू ने लिखित में बजरंग दल से माफ़ी मांगी है। इसके साथ ही उन्होंने इस विवादित शो को ऑफ-एयर कर दिया है और इसके सभी एपिसोड ऐप से हटा दिए हैं। वायरल हुए वीडियो में एजाज खान महिला प्रतियोगियों पर कैमरे के सामने अंतरंग हरकतें करने का दबाव बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में खान जांच करने वाले और अश्लील व्यक्तिगत सवाल भी पूछ रहे हैं।



# संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस ने संघर्ष का रास्ता चुना : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भाजपा द्वारा छद्म रूप से संविधान बदलो अभियान चलने का आरोप लगाते हुए कहा। संविधान में जनता को दिए अधिकार लगातार भाजपा द्वारा संशोधनों के माध्यम से छीना जा रहा है और भाजपा संविधान बदलने का आरोप कांग्रेस पर लगा रही है। यह "उल्टा चोर कोतवाल को डांटे" वाली स्थित है। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्षों से मोदी सरकार लगातार फासीवाद की राह पर चलकर जनता के अधिकारों को छीन रही हैं। देश में समता के अधिकारों का हनन हो रहा है, संविधान के प्रस्तावना को तार-तार करने का प्रयास किया जा रहा है। अखंड भारत को खंडित करने का प्रयास भाजपा अपने धार्मिक एजेंडे के सहारे करने की कोशिश कर रही है। आरएसएस के नागपुर मुख्यालय में तिजोरी में बंद आरएसएस के संविधान को लागू करने का हर संभव प्रयास चोर दरवाजे से भाजपा कर रही है। दलित, किसान, आदिवासी, युवा, छात्र अपने संवैधानिक अधिकारों को बचाने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में सड़कों पर हैं जिससे भाजपा की बेचैनी बढ़ गई है। भारतीय लोकतंत्र की आत्मा संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस ने संघर्ष का रास्ता चुना है, भारतीय जनता पार्टी के नेता कांग्रेस के डेढ़ सौ वर्षों के संघर्षमयी स्वर्णिम इतिहास से परिचित है शायद यही कारण है कि कांग्रेस के देश व्यापी संविधान बचाओ अभियान से इन्हे छटपटाहट हो रही है।

उन्होंने कहा कि जो दल संविधान के शिल्पकार के लिए संसद में अपमान जनक भाषा का उपयोग कर सकती है, उस दल के नेताओं की निष्ठा संविधान में नहीं हो सकती। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किए गए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए भाजपा को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा चुनाव के दौरान लल्लू सिंह ज्योति मिर्धा अरुण गोविल अनंत हेगडे धर्मापुरी अरविंद जैसे सैकड़ो भाजपा नेताओं ने खुलकर संविधान बदलाव के लिए वोट मांगा था। भाजपा की नियत बुरी और दिल में खोट है संविधान से समता और धर्मनिरपेक्षता के शब्दों को ही मिटा कर रख देना चाहती है।



### संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी : केशव महतो कमलेश

कमलेश ने कहा कि संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी, रैली के लिए जन सहयोग को देखकर भाजपा परेशान है क्योंकि रैली के बाद इस अभियान के तहत संविधान में बदलाव की उनकी सोच समाज के निचले क्रम तक पहुंच जाएगी, उनके जनाधार में गिरावट आएगी जनता उनके राजनीतिक चरित्र को समझ जाएगी।

### संविधान की मूल भावना को कमजोर किया जा रहा : यशिस्वनी सहाय



**रांची।** कांग्रेस नेत्री यशस्विनी सहाय ने कहा कि कांग्रेस छह मई को रांची में संविधान बचाओ रैली का आयोजन कर रही है। यह केवल एक राजनीतिक सभा नहीं है, यह हमारे लोकतंत्र की बुनियाद को बचाने के लिए एक स्पष्ट आह्वान है। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए हमारी पार्टी ने पूरी प्रतिबद्धता और मेहनत से तैयारी की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार के कार्यकाल में संविधान पर लगातार, योजनाबद्ध तरीके से हमला किया गया है। ऐसे कानून बनाए जा रहे हैं जो संविधान की मूल भावना को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को खुलकर कुचला जा रहा है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अनुच्छेद 32 को संविधान की आत्मा कहा था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इस अनुच्छेद को जानबूझकर कमजोर किया गया है। न्याय पाने की जनता की क्षमता को सीमित किया जा रहा है, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ यह स्पष्ट करती है कि हम संविधान को खत्म नहीं होने देंगे। हमने राष्ट्रीय स्तर पर संविधान की आत्मा की रक्षा करने और उसकी गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया है, ताकि हर नागरिक को उसके अधिकार पूरी तरह मिलते रहें। प्रेस कांफ्रेंस में महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह समेत अन्य मौजूद थीं।

## डीजीपी मामले में अब तक कोई नतीजा नहीं निकला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी नियुक्ति को लेकर राज्य और केंद्र के बीच चल रही खींचतान का अब तक कोई नतीजा नहीं निकल सका है। आईपीएस अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने एक बार फिर राज्य सरकार को चिट्ठी लिखी है। सूत्रों के मुताबिक इस पत्र के माध्यम से राज्य सरकार के तर्क को नकारते हुए कहा गया है कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को ही रिटायर हो गए हैं।

झारखंड सरकार द्वारा डीजीपी की नियुक्ति के लिए बनाया गया नियम भी सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के खिलाफ है। हालांकि केंद्र से दोबारा पत्र मिलने के संबंध में कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। केंद्र ने इससे पहले 22 अप्रैल को भी पत्र लिखकर कहा था कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को रिटायर माने जाएंगे।

केंद्र की ओर से 22 अप्रैल को भेजे गए पत्र के जवाब में राज्य सरकार की ओर से यह बताया है कि डीजीपी की नियुक्ति नियम संगत तरीके से हुई है। अनुराग गुप्ता को इसी के मुताबिक डीजीपी बनाया गया है। डीजीपी को 2 साल तक पद पर रखने का नियम है, इसलिए केंद्र इस पर फिर से विचार करें।"

"सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार अपने तर्क से केंद्र को संतुष्ट करने का प्रयास कर रही है। ताकि अनुराग गुप्ता डीजीपी बने रहें। इस मामले में केंद्र सरकार के दिशा निर्देश पर कानूनी राय लेने के बाद राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है। राज्य सरकार के इस कदम के बाद केंद्र ने दोबारा पत्र भेजा है।

## गौरव दिवस' में शामिल होने के लिए रघुवार दास आमंत्रित



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। धरती आबा बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर 11 मई को आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में 'गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुख्य संयोजक डॉ राजाराम महतो ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को आमंत्रण पत्र सौंपा। साथ में विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह, पोखलाल चौधरी, अशोक महतो, राज कुमार उपस्थित थे।

### शादी समारोह में गए युवक को चाकू मारकर किया घायल

**रांची।** बांधगाड़ी में शादी समारोह में गए कुंदन राम नामक युवक को बदमाशों ने चाकू मारकर शनिवार को घायल करने के आरोप हेमंत पांडेय और उसके भाई अभिषेक पांडेय पर सदर थाने में केस दर्ज कराया गया। लोहरा कोचा के कुंदन ने कहा, वह न्यू दीपाटोली में शादी समारोह में गया था। तभी हेमंत ने उस पर चाकू से वार कर दिया। बचने के लिए वह झुका तो चाकू उसके माथा में लगा। दोस्तों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

### कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने की सीसीएल और सीएमपीडीआई की समीक्षा, कहा

# तकनीकी नवाचारों को अपनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रविवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआई) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस उच्चस्तरीय बैठक में जिसमें दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान मंत्री श्री दुबे ने गत वित्तीय वर्ष के प्रदर्शन की गहन समीक्षा की। उन्होंने कंपनी की उपलब्धियों, उत्पादन के आंकड़ों, सुरक्षा मानकों, और गतिविधियों का विश्लेषण किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना और भविष्य की रणनीतिक पहलों का भी निरीक्षण किया।



मंत्री ने सीसीएल के समर्पण और उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें ऊर्जा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल और सीएमपीडीआई जैसे सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बैठक में सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह और सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार के साथ-साथ सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्षनाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी - संचालन) चंद्र शेखर तिवारी तथानिदेशक (परियोजना एवं योजना) शंकर नागाचारी एवं सीएमपीडीआई के निदेशक तकनीकी (पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार भी उपस्थित थे। सीएमपीडीआई और सीसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस बैठक में भाग लिया।

बैठक के दौरान मंत्री श्री दुबे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजनाओं को पूर्ण करें, तकनीकी नवाचारों को अपनाएं और स्थायी एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता, सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ-साथ राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा एव प्रगति को सुनिश्चित करना है। अंत में, मंत्री ने सीसीएल और सीएमपीडीआई की पूरी टीम को उनकी मेहनत, प्रतिबद्धता और देश के ऊर्जा क्षेत्र में योगदान के लिए प्रशंसा की एव भविष्य में और बेहतर परिणामों की अपेक्षा जताई।

### बकाया महंगाई भत्ता, महंगाई राहत भुगतान करे सरकार : महासंघ

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक रविवार को हिनू स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में महासंघ ने राज्य सरकार से जनवरी 2025 से बकाया महंगाई भत्ता एवं पेंशनरों का मंहगाई राहत भुगतान करने की मांग की। प्रदेश महामंत्री अशोक सिंह नयन ने कहा कि झारखंड राज्य के राज्य कर्मियों का जनवरी 2025 से महंगाई भत्ता एवं पेंशनरों का मंहगाई राहत भुगतान नहीं होने से राज्य कर्मचारी आक्रोशित हैं। कहा कि सरकार साथ ही यह सुनिश्चित करे कि जब भी केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनरों को महंगाई भत्ता, महंगाई राहत भुगतान किया जाता है तो ससमय राज्य कर्मियों को भी भुगतान किया जाए। साथ ही जनवरी 2020 से जून 2021 तक 18 माह के फ्रीज किए गए महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत को भी फ्रीजिंग से मुक्त कर कर्मचारियों को उनका हक प्रदान किया जाए।

## भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है। देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में एकजुट होकर खड़ी है। भारत सरकार ने आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान को सबक सिखाने केलिए अनेक कठोर निर्णय लिए हैं। इसी क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए वीजा को निलंबित किया है।

भारतीय जनता पार्टी भारत सरकार के समर्थन में पाकिस्तानियों भारत छोड़ो आंदोलन के तहत सभी जिलों में प्रदर्शन करते हुए जिला में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेगी। राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्चता देते हुए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। पहलगाम आतंक न भूलेंगे, न माफ करेंगे।

## कांग्रेस पार्टी की संविधान बचाओ रैली एक नौटंकी : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि 6 मई को रांची में आयोजित होने वाली कांग्रेस की राज्यस्तरीय संविधान बचाओ रैली एक नौटंकी है। कांग्रेस ने संविधान और लोकतंत्र पर जितने प्रहार किए वो देश के इतिहास में काले पन्ने के रूप में दर्ज है। मरांडी रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस ने अपने 60 वर्षों के शासन में 79 बार संविधान में संशोधन किए, जो सिर्फ तुष्टीकरण और सत्ता के लिए हुआ। गैर-कांग्रेसी सरकारों को बार-बार गिराने के लिए राष्ट्रपति शासन (आर्टिकल 356) का दुरुपयोग किया गया।

मरांडी ने कहा कि 1966–1977 के बीच संविधान में 25 बार संशोधन किया गया। न्यायपालिका में हस्तक्षेप करते हुए इंदिरा गांधी ने 25 अप्रैल 1973 को तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों को दरकिनार कर एएन राय को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया। यह निर्णय केशवानंद भारती केस में बहुमत के विरुद्ध मत देने वाले जज को प्रमोट करके न्यायपालिका पर दबाव बनाने का प्रयास था। उन्होंने कहा कि 42वां संविधान संशोधन इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान पारित किया। यह न्यायपालिका, संसद और मूल अधिकारों को कमजोर करने की साज़िश थी। संविधान पर इस व्यापक प्रहार को जनता पार्टी ने आकर रोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आपातकाल के दौरान समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और राष्ट्रीय अखंडता जैसे शब्द जोड़े। यह कार्य बिना आम सहमति या जनमत के किया गया और इसे मुस्लिम तुष्टिकरण से प्रेरित माना गया। आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन माना जाता है। मौलिक अधिकारों, प्रेस की स्वतंत्रता, और न्यायपालिका की स्वायत्तता पर खुला हमला किया गया। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने मुस्लिम समुदाय को एससी-एसटी कोटे में शामिल करने की सिफारिश की। यह संविधान प्रदत्त आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का प्रयास था। कर्नाटक में यह प्रयोग हाल फिलहाल में किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने कृत्यों के लिए जनता से माफी मांगे। प्रेसवार्ता में पार्टी प्रवक्ता राफिया नाज और योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

## वक्फ सुधार का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को हक दिलाना : विधायक सीपी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि वक्फ की संपत्ति पर सिर्फ गिने-चुने और धर्म की राजनीति करने वाले लोगों का ही अधिकार नहीं है। वक्फ सुधार कानून से यह सुनिश्चित होगा कि वक्फ की संपत्तियों पर गरीब मुसलमान को भी अधिकार मिले। वह रविवार को महानगर और ग्रामीण भाजपा की ओर से वक्फ सुधार पर जागरुकता के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। महानगर कार्यालय में इसका आयोजन किया गया। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों को दिग्भ्रमित कर रही है और प्रोपगेंडा के तहत नए-नए भ्रम मुस्लिम समाज में फैलाने का प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम के संयोजक कमाल खान ने कहा कि आजादी के समय से ही कांग्रेस ने मुसलमान को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। कभी उनकी भलाई की नहीं सोची। भाजपा सरकार ने जब भी मुस्लिम समाज की भलाई के लिए कदम आगे बढ़ाया, कांग्रेस ने भ्रमजाल फैलाकर मुस्लिम समुदाय को तोड़ने का प्रयास किया।

मुसलमानों को यह समझना पड़ेगा कि हमेशा ही प्रधानमंत्री मोदी मुसलमान के हितों की चिंता कर रहे हैं और अब हम मुसलमान भी प्रधानमंत्री के साथ हैं। रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य वक्फ में किए गए संशोधन से गरीब मुसलमानों को क्या लाभ मिलेगा, इसे बताना है। यह भी बताना पड़ेगा कि किस प्रकार आज तक कांग्रेस ने मुस्लिम वर्ग की अनदेखी करते हुए सिर्फ वोट बैंक की तरह उनका प्रयोग किया है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मो अनवर हयात, मो सोना खान, मो काजिम कुरैशी, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जीतू चरण राम, राम कुमार पाहन, बलराम सिंह, जीतेंद्र वर्मा, राजू सिंह, अनीता वर्मा, विनय सिंह एवं अन्य मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### गढ़वा में तेज आंधी-तूफान...

लोगों ने मिलकर पेड़ को काटकर सड़क से हटाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। रविवार को आयोजित नीट परीक्षा के दौरान तेज आंधी के कारण परीक्षार्थियों को भी असुविधा हुई। परीक्षा दे रहे छात्रों वसीम अकरम और मिनहाज ने बताया कि परीक्षा केंद्र की खिड़कियां टूटी हुई थीं, जिससे आंधी के दौरान उन्हें 15-20 मिनट तक काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। यदि खिड़कियों की मरम्मत समय पर हुई होती, तो ऐसी स्थिति नहीं आती। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा द्वारा जारी पूवानुर्मान के अनुसार, 5 मई को तेज आंधी की कोई संभावना नहीं है, हालांकि 1.4 मिमी वर्षा हो सकती है। अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं 6 मई को 0.9 मिमी और 7 मई को 0.7 मिमी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम रिपोर्ट में किसानों को सलाह दी गई है कि संभावित वर्षा को देखते हुए वे अपनी खड़ी फसलों के खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें। साथ ही नमी को संरक्षित रखने के लिए खर-पतवार, फसल अवशेष या पॉलीथिन शीट का उपयोग करें, ताकि इसका उपयोग आगामी फसलों की बुआई में किया जा सके।

### विदेशी निवेशकों के साथ हुई...

खनन और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में निवेश के प्रस्तावों पर सकारात्मक बातचीत हुई है। मुख्यमंत्री ने स्वीडन में वॉल्वो ट्रक एक्सपीरियंस सेंटर का भी दौरा किया, जहां वे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और सड़क सुरक्षा में नवीनतम नवाचारों से अवगत हुए। स्पेन दौरे में हेमंत सोरेन सहित प्रतिनिधिमंडल ने फुटबॉल क्लब (एफसी) बार्सिलोना संग्रहालय का दौरा किया। उन्होंने एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट से भी मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में खेल विकास, कोचों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

### पाकिस्तान से तनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी...

राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार से बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की है। भारतीय सेना ने तुरंत और सटीक रूप से इसका जवाब दिया। पाकिस्तान जहां एक ओर लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर वह भारतीय सेना से जुड़े संस्थानों पर साइबर अटैक भी कर रहा है। पाकिस्तान अभी तक भारतीय सेना से जुड़े शिक्षण संस्थानों, मेडिकल संस्थानों एवं वेलफेयर से जुड़ी वेबसाइट पर साइबर अटैक कर चुका है। हालांकि, पहले से सतर्क साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान के इरादों को विफल कर दिया।

### न्याय के मार्ग पर...

की कि वे समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बनें और न्याय एवं मानवता के पथ पर आगे बढ़ें। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह ने कहा कि पलामू जैसे क्षेत्र में विधि शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को करियर के नए अवसर मिल रहे हैं, जो गौरव की बात है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव डॉ. आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि निकट भविष्य में इंटीग्रेटेड कोर्स शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि वे अपने बाबा के पदचिह्नों पर चलते हुए क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं। प्रो. एससी मिश्र ने छात्रों के बीच न्याय व व्यवसायिक आदर्शों को पालन कराने का पाठ कराया। साथ ही न्यायिक पदाधिकारी सिविल जज शंभू महतो, रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा भी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार ने की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के ओएसडी (परीक्षा) डॉ. गौरव श्रीवास्तव, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नक्सलियों ने सीएमडीपीआई के....

सीएमपीडीआई के वरीय अधिकारियों को घटना की सूचना दी। रात में ही अधिकारी द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय सीएमपीडीआई के 15 की संख्या में कर्मी साइट पर मौजूद थे। कर्मियों ने बताया कि नक्सलियों ने किसी कर्मी के साथ मारपीट नहीं की। साइट इंचार्ज ने बताया कि उग्रवादियों द्वारा दो ट्रक, दो कैंपर, दो बोलेरो को आग लगाया है, जबकि अगलगी में दो ड्रिलिंग मशीन को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पहले किसी तरह की धमकी या लेवी को लेकर फोन कॉल नहीं आया था। अचानक साइट पर आकर इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया गया है। कार्मियों ने बताया कि उग्रवादियों ने गाड़ियों को तिरपाल से ढ़का और फिर ऊपर से तेल छिड़ककर आग लगा दिया। आग इतनी भयानक थी कि गाड़िया पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताते चलें कि भारत सरकार की कंपनी सीसीएल के अधीनस्थ कार्य करने वाली सीएमपीडीआई द्वारा नॉर्थ कर्णपुरा दामोदर वन कोल ब्लॉक को लेकर तुरी सोत के वन क्षेत्र में सर्वेक्षण को लेकर ड्रिलिंग कर खनिज का पता लगाने का कार्य कर रही है। इस क्षेत्र में ये लोग पिछले दो वर्ष से इस कार्य में लगे हैं। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा व बालूमाथ पुलिस बल के साथ लातेहार एसपी कुमार गौरव घटना स्थल पर पहुंचे। वहां उन्होंने सीएमपीडीआई के कर्मियों से घटना के संबंध में पूछताछ की। पुलिस द्वारा इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया।

## कांग्रेस को मिल रहे जन समर्थन से भाजपा घबराई : शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से संविधान बचाओ रैली पर दिए गए बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस की ओर से छह मई को रांची में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली को अपार जनसमर्थन मिल रहा है, इससे भाजपा पूरी तरह से घबराई हुई है। ऐसे में संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ करने वाले भाजपा नेताओं और बाबूलाल मरांडी को खुद जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी और भाजपा के तमाम नेता जातिगत जनगणना पर कहते थे कि बंटोगे तो कटोगे, लेकिन कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के संघर्ष के आगे केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को झुकना पड़ा। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के लोगों से जाति जनगणना कराने का वादा किया था। कांग्रेस के दबाव के कारण केंद्र सरकार को जाति जनगणना कराने का फैसला लेना पड़ा।

# विकास विरोधी गिरोह पर कड़ी कार्रवाई करें पुलिस : प्रतुल

- **सरकारी संपत्ति जलाने वाले देशद्रोहियों पर नकेल कसी जाए**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत के तुरी सोत गांव में बीते रात असामाजिक तत्वों के द्वारा भूभर्ग सर्वेक्षण कार्य में लगे अनेक वाहनों को जला देने की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड पुलिस और लातेहार पुलिस अविलंब इन विकास विरोधी गिरोहों पर नकेल कसे।प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से एक सरकारी उपक्रम के वाहनों को इस गिरोह ने जलाया है, इनके खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज कर अभियान चलाना चाहिए। प्रतुल ने कहा अब ऐसे गिरोह सिर्फ अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए कायरतापूर्वक रात के अंधेरे में घटना को अंजाम देते हैं और भाग खड़े होते हैं।प्रतुल ने कहा अब उग्रवाद पूरे देश में अंतिम सांसें ले रहा है।लातेहार पुलिस ने भी सीआरपीएफ के सहयोग से पिछले कुछ समय में उग्रवाद के खिलाफ बड़ी सफलताएं अर्जित की हैं। इसलिए अभी इन गिरोहों को अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए ऐसे ही छिप कर घटना को अंजाम देने की जरूरत आ गई है।



प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार कृत संकल्पित है कि 31 मार्च,2026 तक उग्रवाद का पूरे देश से सामूल नाश किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय, झारखंड सरकार, सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस समन्वय बनाकर इन गिरोहों के खिलाफ अभियान चला रही है। प्रतुल ने कहा मूलवासी आदिवासियों का विकास अवरोध करने वाले ऐसे गिरोहों को विशेष ऑपरेशन चला कर समाप्त किया जाए।

## पैरेंट्स एसोसिएशन ने स्कूल फीस में वृद्धि पर रोक की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य के निजी स्कूलों में मनमानी फीस वृद्धि, री-एडमिशन चार्ज और वार्षिक शुल्क को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि जब तक सभी मामलों पर स्पष्ट और पारदर्शी निर्णय नहीं लिया जाता है, तब तक सभी प्रकार की अतिरिक्त और अवैध फीस वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए।

**डीसी को पहले ही दिया गया है निर्देश :** श्री राय ने कहा कि राज्य के शिक्षा मंत्री द्वारा पहले ही सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया जा चुका है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। साथ ही पैरेंट्स-टीचर्स एसोसिएशन के गठन और निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता अनिवार्य की गयी है। इसके बाद भी इस अधिनियम का पालन नहीं किया जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने प्रत्येक जिले में एक निगरानी समिति का गठन करने और इसमें अभिभावकों के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने शीघ्र कदम नहीं उठाया, तो एसोसिएशन द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

## पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सरकार सख्त कार्रवाई करेगी : रवि कुमार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। मुझे अपनी सरकार पर पूरा भरोसा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। रविवार को दिल्ली में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया शामिल हुए। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना को लेकर सरकार कार्रवाई कर रही है और मुझे भरोसा है कि सरकार इस हमले के गुनहगारों को ढूंढ कर उन्हें सजा दिलाने का काम करेगी। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के बारे में रवि कुमार दहिया ने कहा कि फिटनेस बहुत जरूरी है क्योंकि स्वस्थ शरीर ही हमारी पहली सच्ची दौलत है। सरकार की पहल बेहतरीन है। इस कार्यक्रम में साइकिल चलाने के महत्व पर जोर दिया गया है। जब लोग चाहे युवा हों, पुरुष हों या महिलाएं आपको साइकिल चलाते देखेंगे, तो वे प्रेरित महसूस करेंगे। दूसरी ओर पहलगाम आतंकी हमले पर भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने कहा कि वह बहुत दुखद घटना थे और देश के सभी लोग इससे बहुत दुखी हैं। हम प्रार्थना कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटना फिर कभी न हो और हमें उम्मीद है कि सरकार इस पर सख्त कार्रवाई करेगी। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के बारे में उन्होंने कहा कि मैं आज इस अभियान का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और मेरा मानना है कि देश के नागरिक होने के नाते हम सभी को इस अभियान से जुड़ना चाहिए और खुद को फिट रखना चाहिए। कुश्ती में भविष्य की योजना पर उन्होंने कहा कि इस महीने मेरा एक टूर्नामेंट भी है, यह वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज इवेंट है। मैं इसमें भाग लेना चाहता हूं और अपना 100 प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। इसके बाद वर्ल्ड चैंपियनशिप आ रही है, इसलिए मुझे उसके लिए तैयारी जारी रखनी होगी। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि कुश्ती टूर्नामेंट फिर से शुरू हो गए हैं, इसलिए अब लक्ष्य अधिक से अधिक टूर्नामेंट में भाग लेना है।

## सीएसके और आयुष म्हात्रे का साथ लंबे समय तक बने रहने की उम्मीद : फ्लेमिंग

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया है कि आयुष म्हात्रे की किस बात ने उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि 17 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। सीएसके पहले ही आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। पांच बार की चैंपियन टीम शनिवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ दो रन से हार गई, बावजूद इसके म्हात्रे ने 48 गेंदों पर 94 रनों की प्रभावशाली पारी खेली, जिससे वह 17 साल और 292 दिन की उम्र में आईपीएल में अर्धशतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। मैच के बाद फ्लेमिंग ने इस बल्लेबाज की जमकर तारीफ की और कहा कि म्हात्रे के स्वभाव और धैर्य ने उन्हें काफी प्रभावित किया। फ्लेमिंग ने कहा, "कभी-कभी यह समझाना मुश्किल होता है, लेकिन वह जो कर रहा था, उसमें एक खासियत थी। लेकिन उसका धैर्य कुछ ऐसा था जिसने मुझे प्रभावित किया। उसके पास प्रतिभा है और उसके पास आक्रामक शैली की बल्लेबाजी है, वह सब कुछ जो हमें आधुनिक समय के टी20 खिलाड़ी में पसंद है। लेकिन मैं उसके स्वभाव से काफी ज्यादा प्रभावित हूं। उन्होंने कहा, "आयुष म्हात्रे पहले दिन से ही बहुत सहज थे। टीम उनके साथ बहुत सहज थी। उम्मीद है कि उनके साथ सीएसके की एक लंबे रिश्ते की शुरुआत है। ऋतुराज गायकवाड़ की जगह सीएसके में आयुष म्हात्रे को शामिल किया गया था। गायकवाड़ कोहनी की चोट के कारण सीजन से बाहर हुए। आयुष म्हात्रे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने 15 गेंदों पर 32 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 19 गेंदों पर 30 रन की तेज पारी खेली। बेंगलुरु में, म्हात्रे ने आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावरप्ले गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के एक ओवर में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 26 रन बटोरे।

## 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में सेना के शूटर्स का दबदबा

**भोपाल (आईएएनएस)**



यहां चल रही 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल (केएसएसएम) निशानेबाजी चैंपियनशिप की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सेना के निशानेबाजों ने शीर्ष छह में से पांच स्थान हासिल किए। केदारलिंग बालकृष्ण उचागांवे ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी अजय कुमार अंबावत को रजत पदक मिला। नौसेना के उज्ज्वल मलिक ने कांस्य पदक जीता। शनिवार को मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में फाइनल मुकाबले में, केदारलिंग और अजय दोनों 24 में से 22 शॉट्स के बाद 223.6 अंकों के साथ बराबरी पर थे। अजय ने 23वें शॉट में परफेक्ट 10.9 अंक हासिल कर बढ़त बना ली, लेकिन आखिरी शॉट में 9.6 अंक के कारण जीत उनसे छिन गई।

केदारलिंग ने दबाव में शानदार 10.6 अंक का आखिरी शॉट लगाकर कुल 244.4 अंकों के साथ जीत दर्ज की। इस स्पर्धा में कुल 552 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह ने 579 अंक बनाए और 18वें स्थान पर रहे। वहीं सेना के रविंदर सिंह और ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने क्रमशः 583 और 581 अंक हासिल किए। रविंदर फाइनल में छठे स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने 241.6 अंकों के साथ गोल्ड मेडल जीता। क्वालीफिकेशन में 300 से अधिक जूनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। राजस्थान के संदीप बिश्नोई को रजत और हरियाणा के कपिल को कांस्य मिला। धैर्य ने युवा वर्ग में भी रजत पदक जीता। फाइनल में उन्हें स्थानीय खिलाड़ी युगप्रताप सिंह राठौड़ ने हराया। उत्तर प्रदेश के चिराग शर्मा ने कांस्य पदक जीता। युवा वर्ग में 500 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले, नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सेना के विवेक शर्मा को रजत और विशाल सिंह को कांस्य पदक मिला। यह चैंपियनशिप सोमवार को समाप्त होगी।

## डोपिंग के चलते लंबी दूरी के एथलीट हेमराज और अंजलि पर लगा बैन



**नई दिल्ली । एजेंसी**

लंबी दूरी के धावक हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी पर नाडा (नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी) की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने पिछले साल डोप परीक्षण में विफल होने के बाद क्रमशः 4 और 6 साल का बैन लगाया है। 25 साल के गुर्जर ने 2023 राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 5000 मीटर कांस्य के अलावा 2023 और 2024 में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। उनके बैन का समय 20 अप्रैल से शुरू हुआ। गुर्जर ने पिछले साल वर्ल्ड एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। पिछले साल उनके डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन (डीईपीओ) पाए जाने के बाद नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) द्वारा उन्हें अस्थायी तौर पर निलंबित किया गया था। नाडा की वेबसाइट पर नवीनतम जानकारी के अनुसार अंजलि की 6 साल की प्रतिबंध अवधि 31 मार्च से शुरू होती है। इसमें हालांकि अधिक विवरण नहीं दिया गया है। उन्होंने पिछले साल वर्ल्ड एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। कबड्डी खिलाड़ी मनीष गुलिया, पहलवान ओमकार शंकर चौगले और दिव्या काकरान, मुक्केबाज थोकचोम यासाना चानू और तैराक विशाल ग्रेवाल को नाडा की एडीडीपी ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है। पावरलिफ्टर अमिता देवी कोटवोल और एक नाबालिग ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पर 6 साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

# आखिरी गेंद का रोमांच! कोलकाता ने पराग की पारी पर फेरा पानी...

**मुंबई (आईएनएस)**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-53 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 1 रन से हरा दिया। 4 मई (रविवार) को कोलकाता के ईडन गार्डन्स आयोजित मुकाबले में राजस्थान को जीत के लिए 207 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन वो 8 विकेट पर 205 रन ही बना सकी। मौजूदा आईपीएल सीजन में कोलकाता की 11 मैचों में ये पांचवीं जीत रही। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स की 12 मैचों में ये 9वीं हार रही। राजस्थान की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें पहले ही खत्म हो चुकी हैं। मुकाबले के आखिरी ओवर में राजस्थान को जीत के लिए 22 रनों की आवश्यकता थी। वैभव अरोड़ा के उस ओवर में शुभम दुबे ने दो छक्के और एक चौका लगाकर मैच को रोमांचक बनाया। लेकिन आखिरी गेंद पर वो जीत के लिए जरूरी तीन रन नहीं बना सके। आखिरी गेंद पर दूसरा रन लेने के दौरान जोफ्रा आर्चर रन आउट हुए। राजस्थान के लिए कप्तान रियान पराग ने 95 रन बनाए, लेकिन वो इनिंग्स टीम के काम नहीं आई।

टारगेट का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में उसने वैभव सूर्यवंशी का विकेट खो दिया। वैभव चार रन बनाकर तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा का शिकार बने। फिर डेब्यूटेंट कुणाल राठौड़ खाता खोले बिना मोईन अली की गेंद पर चलते बने। यहां से यशस्वी जायसवाल और कप्तान रियान पराग के बीच तीसरे विकेट के लिए 58 रनों की पार्टनरशिप हुई। इस पार्टनरशिप को मोईन ने तोड़ा, जब उन्होंने यशस्वी को रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट कराया। यशस्वी जायसवाल ने 5 चौके और एक छक्के की मदद से 21 गेंदों पर 34 रन बनाए। इसके बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने एक ही ओवर में ध्रुव जुरेल (0) और वानिंदु हसारंगा (0) को बोल्ड करके राजस्थान का स्कोर पांच विकेट पर 71 रन कर दिया। यहां से रियान पराग और शिमरॉन हेटमायर ने राजस्थान को मैच में लौटाया। पराग और हेटमायर के बीच छठे विकेट के लिए 92 रनों की पार्टनरशिप हुई। हेटमायर 29 रन बनाकर हर्षित राणा का शिकार बने।

फिर हर्षित राणा ने रियान पराग को भी आउट किया। पराग ने 8 छक्के और छह चौके की मदद से 45 गेंदों पर 95 रन बनाए। पराग ने अपनी इनिंग्स में लगातार छह छक्के लगाए। पहले उन्होंने 13वें ओवर में मोईन अली की आखिरी पांच गेंदों को छक्के के लिए भेजा। फिर उन्होंने 14वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती की दूसरी गेंद पर भी छक्का लगाया। 14वें ओवर की पहली गेंद पर शिमरॉन हेटमायर ने एक रन लिया था।




● **विकेट पतन:** 5-1 (वैभव सूर्यवंशी, 0.4 ओवर), 8-2 (कुणाल सिंह राठौड़, 1.5 ओवर), 66-3 (यशस्वी जायसवाल, 6.6 ओवर), 71-4 (ध्रुव जुरेल, 7.3 ओवर), 71-5 (वानिंदु हसारंगा, 7.5 ओवर), 163-6 (शिमरॉन हेटमायर, 15.5 ओवर), 205-8 (जोफ्रा आर्चर, 20 ओवर)

## लिवरपूल की टोटेनहम पर 5-1 से धमाकेदार जीत

### प्रीमियर लीग का खिताब जीता



**नई दिल्ली ।** टोटेनहम हॉटस्पर के खिलाफ धमाकेदार खेल दिखाते हुए लिवरपूल ने 5-1 से जीत दर्ज प्रीमियर लीग 2024-25 का टाइटल अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ लिवरपूल ने रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 20वीं बार इंग्लिश टॉप-फ्लाइट का ताज अपने नाम किया। आर्ने स्लॉट की टीम ने शुरुआती गोल खाने के बाद शानदार वापसी की और 60,000 से ज्यादा दर्शकों की मौजदूगी में अपना दबदबा बनाया। इस तरह लिवरपूल अब कट्टर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ इंग्लिश टॉप-फ्लाइट इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे सफल क्लब बन गया है। खिताबी भिड़ंत शुरू होने से पहले ही उम्मीद थी कि लिवरपूल की जीत होगी। खेल शुरू होते ही लिवरपूल ने आक्रमण करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही मोहम्मद सलाह ने एक मौका बनाया। कोडी गाक्पो ने भी एक शानदार किक मारी, लेकिन गेंद गोलपोस्ट से दूर चली गई। तभी टोटेनहम ने एक अप्रत्याशित गोल कर सनसनी मचा दी। इससे लिवरपूल के फैंस थोड़े निराश हो गए।

**जवाबी हमले के बाद लिवरपूल ने बनाया दबदबा :** टोटेनहम को मिली बढ़त के बाद लिवरपूल ने भी तुरंत जवाब दिया। लुइस डियाज ने डोमिनिक स्जोबोस्लाई के क्रॉस पर गोल कर दिया, लेकिन रेफरी ने ऑफसाइड करार दिया। हालांकि रिव्यू में गोल को सही पाया गया जिससे स्कोर 1-1 से बराबर हुआ। इसके बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 24वें मिनट में 18 यार्ड की दूरी से शानदार गोल किया। गेंद सीधे गोलकीपर गुग्लिल्मो विकारियो के पास से गुजरी।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## शहरी व्यापार को बढ़ावा देने मेट्रो में जुड़ेगा कार्गो सेक्शन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो ट्रेन में कार्गो कम्पार्टमेंट जोड़ने से शहरों में व्यापार दक्षता बढ़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के 31वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आम नागरिक के दैनिक जीवन में दिल्ली मेट्रो की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि आसान, विश्वसनीय और सुरक्षित आवागमन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और दिल्ली मेट्रो जैसी शहरी परिवहन प्रणालियां शहरी जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गई हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी, जिससे आज शहरी मोबिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की योजना बनाना और उसे मजबूत करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने मेट्रो ट्रेनों में माल कार्गो कम्पार्टमेंट को जोड़ने का दूरदर्शी विचार शेयर करते हुए कहा कि इससे छोटे व्यवसायी, विक्रेता और फेरीवाले शहर भर में अपने सामान को आसानी से यात्रा कर सकेंगे।

## इनोवेशन : सरकार भारत में क्रिएटर-फर्स्ट इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध : केंद्रीय मंत्री

**मुंबई (आईएएनएस)**



सरकार नीतियों, प्रोडक्शन इनिशिएटिव्स और मजबूत इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी प्रोटेक्शन द्वारा क्रिएटर-फर्स्ट इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने दिया। हाल ही में हुए एंटी-पायरेसी सुधारों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस आज के डिजिटल युग में क्रिएटर्स के अधिकारों को सुरक्षित रखने पर है। देश की आर्थिक राजधानी में हुए "वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट" (वेव्स) के तीसरे दिन मोशन पिक्चर एसोसिएशन (एमपीए) ने राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भारत के फिल्म, टेलीविजन और स्ट्रीमिंग क्षेत्रों के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए एक कॉम्प्रिहेंसिव रिपोर्ट का अनावरण किया। इवेंट में बोलते हुए मुरुगन ने एमपीए के वैश्विक नेतृत्व की सराहना की और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों पर भारतीय सिनेमा के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, "आरआरआर और बाहुबली जैसी फिल्मों ने साबित कर दिया है कि भारतीय कहानियां विभिन्न भाषाओं और भौगोलिक क्षेत्रों में गूंजती हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, "सिनेमा सिर्फ एक आर्थिक इंजन नहीं है।

यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक और सांस्कृतिक पुल है। भारत मोशन पिक्चर एसोसिएशन के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा करने के लिए तत्पर है, जिससे वैश्विक स्तर पर सम्मानित और सुरक्षित क्रिएटिव उद्योग का सह-निर्माण किया जा सके।

एमपीए के अध्यक्ष और सीईओ चार्ल्स रिवकिन ने भारत में एमपीए की चल रही साझेदारी के बारे में उत्साह व्यक्त किया और इसे देश के मनोरंजन उद्योग के लिए "महत्वपूर्ण क्षण" बताया। रिवकिन ने कहा, "भारत की क्रिएटिव इकोनॉमी असाधारण विकास के लिए तैयार है और एमपीए को इस यात्रा का समर्थन करने पर गर्व है। रिपोर्ट का अनावरण करने के बाद प्रमुख निष्कर्षों को साझा करते हुए रिवकिन ने कहा कि भारतीय फिल्म, टीवी और स्ट्रीमिंग उद्योगों ने 26 लाख नौकरियां सृजित की हैं और वार्षिक आर्थिक उत्पादन में 60 अरब डॉलर से अधिक का योगदान दिया है।

## शेयर बाजार की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.31 लाख करोड़ रु बढ़ा

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता मुनाफे वाला रहा। इस दौरान शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 2.31 लाख करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला है। बाजार में तेजी वजह अमेरिका-भारत के बीच व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक अपडेट आना और अमेरिका-चीन के बीच तनाव कम होना है। बीते हफ्ते जिन कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में इजाफा हुआ है। उनमें एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), इन्फोसिस और आईटीसी शामिल हैं। वहीं, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बाजार मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई थी। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 11,514.78 करोड़ रुपए बढ़कर 14,73,356.95 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 20,755.67 करोड़ रुपए बढ़कर 10,56,029.91 करोड़ रुपए हो गया है। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 19,381.9 करोड़ रुपए बढ़कर 10,20,200.69 करोड़ रुपए हो गया है। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 10,902.31 करोड़ रुपए बढ़कर 6,25,668.37 करोड़ रुपए हो गया है। आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में 2,502.82 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई।

## मार्केट आउटलुक: तिमाही नतीजों, फेड मीटिंग और एफआईआई के आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुझान

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार के लिए आने वाला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। तिमाही नतीजे, फेड मीटिंग, एफआईआई डेटा और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से बाजार की चाल तय होगी। आने वाले हफ्ते में कोफोर्ज, कैम्स, इंडियन होटल्स, जेएंडके बैंक, एमएंडएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, पेटीएम, पीईएल, सफारी, कोल इंडिया, डाबर, हुडको, एमआरएफ, यूबीएल, भारतफोर्ज, टाइटन, डॉ रेड्डीज और अतुल ऑटो जैसे कंपनियों की ओर से नतीजे जारी किए जाएंगे। इससे अलावा 7 मई को अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक प्रस्तावित है। अगर ब्याज दरों को लेकर इस बैठक में कोई फैसला लिया जाता है तो इसका सीधा असर शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च का कहना है कि इस हफ्ते बाजार में वैश्विक कारणों का अधिक असर देखने को मिल सकता है। इसका निवेशकों के सेंटीमेंट पर असर होगा। 28 अप्रैल से 2 मई तक के कारोबारी सत्र में बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया। निफ्टी 1.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,346 और सेंसेक्स 1.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,501 पर बंद हुआ है।

## भारतीय स्टार्टअप्स ने एक हफ्ते में जुटाई 102.93 मिलियन डॉलर की फंडिंग

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय स्टार्टअप्स ने बीते एक हफ्ते में 25 डील्स के जरिए 102.93 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है। इसमें शुरुआती चरण और विकास चरण की डील शामिल हैं। बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर स्थित स्टार्टअप सात-सात डील के साथ फंडिंग की दौड़ में सबसे आगे रहे, इसके बाद मुंबई और चेन्नई का स्थान रहा। फंडिंग प्राप्त करने वाले सेक्टरों में क्लीनटेक, साइबर सिक्योरिटी, ऐडटेक और हेल्थटेक प्रमुख थे, जो दिखाता है कि भारत में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी में निवेशकों का रुझान बना हुआ है। फंडिंग प्राप्त करने में हेल्थटेक स्टार्टअप्स चार डील के साथ शीर्ष स्थान पर थे, इसके बाद ई-कॉमर्स और फूडटेक कंपनियों का स्थान रहा, जिनमें से प्रत्येक ने तीन डील हासिल की। मीडिया और एंटरटेनमेंट, प्रॉपटेक, एडटेक, सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस और अन्य सेक्टरों में भी कई फंडिंग राउंड हुए।